www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 5 फरवरी, 2025 | वर्ष-17 | अंक -299 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





जो गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद... 02

- आचार संहिता उल्लंघन में आतिशी समेत कई लोगों पर दर्ज...
- भाजपा की गुंडागर्दी के 'आप' के दावे को पुलिस ने... 03

- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से टिकट बुकिंग मार्च में...
- ग्रेनो प्राधिकरण ने 28 व्यवसायिक भूखंडों की निकाली... 05

पूर्व में नए संस्थान खोलने पर दिया जोर,... 08

## सार संक्षेप

### भूटान नरेश ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी



**महाकुंभनगर।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने महाकुंभ के दौरान मंगलवार को गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भूटान नरेश खेसर नामग्याल अरैल से जेटी से संगम पहुंचे व दोनों लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई।

### मोदी ने बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री को दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बार्ट डी वेवर को बेल्जियम के प्रधानमंत्री का पद संभालने पर बधाई दी। मोदी ने भारत-बेल्जियम संबंधों को और मजबूत बनाने तथा वैश्विक मामलों पर आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का विश्वास व्यक्त किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में वेवर को बधाई देते हुए लिखा, प्रधानमंत्री बार्ट वेवर को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई।

### त्रिशक्ति कोर ने किया रण कौशल का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** सेना की त्रिशक्ति कोर ने युद्ध तत्परता, तीव्र तैनाती और सटीक हमला क्षमताओं को प्रमाणित करते हुए सफलतापूर्वक 'लाइव फायर' अभ्यास किया है। सेना के अनुसार कोर के सैनिकों ने अभ्यास के दौरान विशेष रूप से सिक्किम के अत्याधिक ऊंचाई वाले पहाड़ों में युद्ध की तैयारी की जो विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलनशीलता व तत्परता को प्रदर्शित करती है।

### महामारी खिचड़ी घोटाले के आरोपी को जमानत



**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को जमानत दे दी, जिन्हें पिछले साल की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों के बीच खिचड़ी वितरण से संबंधित 6.37 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने जमानत देते हुए निर्देश दिया कि आरोपी को तत्काल एक लाख की नकद जमानत पर रिहा किया जाए।

### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने सात संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कल मंत्रिपुखरी ठाकुरबारी, हीनगांग थाना के अतंर्गत पांच सक्रिय उग्रवादी संगठन के सदस्य गिरफ्तार किए गए तथा उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। एक और अन्य घटना में, थौबल जिले के यरीपोक थाना के अतंर्गत सुरक्षाकर्मियों ने एक सक्रिय उग्रवादी संगठन के कैडर को गिरफ्तार किया गया।

# दिल्ली विस चुनाव के लिए मतदान आज

- 70 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे से डाले जाएंगे वोट
- राजधानी में शाम छह बजे तक मतदान का अंतिम समय

- 1.56 करोड़ मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग
- चुनाव आयोग ने मतदान को लेकर पूरी की तैयारी
- आठ फरवरी को आएंगे दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे



**नई दिल्ली, 4 फरवरी (देशबन्धु)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। इसे लेकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही प्रशासन की तरफ से भी वोटिंग को लेकर पुख्ता इंतजाम है। पोलकर्मी अपने पोलिंग बूथ पर ईवीएम लेकर पहुंच गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। सभी 70 सीटों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 83.76 लाख पुरुष और 72.36 लाख महिलाएं शामिल हैं। चुनाव आयोग ने 13,766 पोलिंग सेंटर बनाए हैं। नई दिल्ली, कालकाजी, जंगपुरा, पटपड़गंज जैसी हाई-प्रोफाइल सीटों पर मुकाबला दिलचस्प है। वहीं, अगर शाम 5 बजे के बाद भी कोई वोटिंग लाइन में है, तो उसे वोट डालने दिया जाएगा। दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर चुनाव हो रहे हैं।

#### सार्वजनिक अवकाश घोषित

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन 5 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शहर भर के सभी सरकारी और निजी क्षेत्र के कार्यालयों पर यह आदेश लागू रहेगा। एक अधिसूचना में कहा गया है कि, दिल्ली विधानसभा के आम चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली सरकार के तहत आने वाले सभी सरकारी कार्यालयों, स्थानीय और स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में 5 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नई दिल्ली और जनक पुरी में विधानसभा में दो ईवीएम रखी जाएगी। वहीं आपात स्थिति के लिए करीब 20 प्रतिशत ईवीएम रिजर्व में रखी जाएंगी, ताकि मतदान वाले दिन कहीं कोई खराबी या ईवीएम में समस्या आती है तो तत्काल बदलकर मतदान को सुचारू रखा जाए। जरूरतमंद मतदाताओं के लिए 4,217 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, छोटे बच्चों वाले माता-पिता की सहायता के लिए एक क्रेच सुविधा उपलब्ध होगी।



चुनाव आयोग भी गजब है रमेश बिधूड़ी के परिवार के सदस्य खुले-आम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं पर उन पर कोई एक्शन नहीं लेकिन मेरे ऊपर केस दर्ज कर दिया : **आतिशी**



खुलेआम गुंडागर्दी के खिलाफ शिकायत करने पर आतिशी के खिलाफ चुनाव आयोग ने केस किया तो अब पुलिस व चुनाव आयोग का यह ऑफिशियल स्टैंड है : **अरविंद केजरीवाल**



मुख्य चुनाव आयुक्त को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की कोशिश हो रही है लेकिन आयोग ऐसे आरोप से प्रभावित नहीं होने वाला है : **राजीव कुमार**

#### एक लाख से अधिक कर्मचारी रहेंगे तैनात

चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए इस बार एक लाख से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है। इसमें दिल्ली पुलिस के 35 हजार जवान, 19 हजार होमगार्ड और 220 कंपनियां केंद्रीय सुरक्षा बलों की होंगी। अन्य दिल्ली सरकार के कर्मी शामिल होंगे। राजधानी में 2696 मतदान स्थानों में 13766 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इसमें 70 मतदान केंद्र, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक, विशेष रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा प्रतिबंधित किए जाएंगे।

### शाम साढ़े छह बजे के बाद आएंगे एग्जिट पोल

चुनाव आयोग ने एग्जिट पोल पर रोक लगा दी है। पांच फरवरी को सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक कोई भी एग्जिट पोल नहीं दिखाया जा सकेगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ सकेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा में मुकाबला है। हालांकि मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा में ही है।

### सुबह जल्दी शुरू होगी मेट्रो

*दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में वोटिंग के दिन 5 फरवरी और मतगणना के दिन 8 फरवरी को सभी लाइनों पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं जल्दी शुरू होंगी। इन दो दिनों में सुबह चार बजे अपने टर्मिनल स्टेशनों से मेट्रो चलेंगी, ताकि चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात कर्मचारी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। सुबह 6 बजे तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर मेट्रो चलेंगी। सुबह 6 बजे के बाद पूरे दिन नियमित मेट्रो ट्रेन सेवाएं चलेंगी।*

# किसी को हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते : सुप्रीम कोर्ट



63 विदेशी लोगों को निर्वासित करने के लिए किस मुहूर्त का कर रहे इंतजार : **सुप्रीम कोर्ट**

**अवैध अप्रवासियों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को लगाई फटकार**

**नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति भुइयां ने पूछा, एक बार जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित कर देते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना चाहिए। आप उन्हें हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते। असम में कई विदेशी हिरासत केंद्र हैं। आपने कितनों को निर्वासित किया है। इसके बाद पीठ ने असम सरकार को अवैध अप्रवासियों को तुरंत निर्वासित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह उन 63 विदेशी लोगों को निर्वासित करने के लिए किसी मुहूर्त (शुभ समय) का इंतजार कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने असम सरकार से राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया के दौरान विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित करने को कहा। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि असम तथ्यों को दबा रहा है, जिस पर भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दिया कि उन्होंने सर्वोच्च प्राधिकारी से बात की है और कुछ कमियों के लिए माफी मांगी है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि हम आपको झूठी गवाही का नोटिस जारी करेंगे। आपको सफाई देनी होगी। हालांकि राज्य के वकील ने कहा कि छिपाने का कोई इरादा नहीं है।

### 25 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि हम असम को इस आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट करते हुए एक उचित हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं। यदि राज्य सरकार को पता चलता है कि राष्ट्रीयता सत्यापन फॉर्म दो महीने पहले भेजे गए हैं, तो राज्य तुरंत विदेश मंत्रालय को एक याद दिलाने वाला पत्र जारी करेगा। जैसे ही विदेश मंत्रालय को ये पत्र प्राप्त होगा, मंत्रालय राष्ट्रीयता स्थिति सत्यापन के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करेगा।

संसद में मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

# कुछ लोग खुलेआम बोल रहे शहरी नक्सलियों की भाषा

**नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, भारतीय राज्य को चुनौती दे रहे हैं और उसके खिलाफ लड़ाई का ऐलान कर रहे हैं। यह भाषा बोलने वाले न तो संविधान को समझते हैं और न ही देश की एकता को। मोदी ने आगे कहा कि सात दशकों तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ, बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना से जीते हैं, और इसलिए हम मजबूत निर्णय लेते हैं। हमारा संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व नेतृत्व की आलोचना करने के लिए टीओआई में छपे आर.के. लक्ष्मण के एक प्रसिद्ध कार्टून का उदाहरण दिया।



- पूर्व नेतृत्व की आलोचना करने के लिए आर.के. लक्ष्मण के कार्टून का दिया उदाहरण

### लोकसभा की कार्यवाही कल तक स्थगित

लोकसभा की कार्यवाही 6 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में मतदान के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण में संशोधन करने के विपक्ष के प्रस्ताव गिरे। इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लोकसभा में मंजूरी दी गई। वहीं धन्यवाद प्रस्ताव लोकसभा में पारित किए जाने पर प्रधानमंत्री को मंत्रिमंडल के सहयोगियों और वरिष्ठ सांसदों ने बधाई दी।

# देश के उत्तरी राज्यों में फिर बदला मौसम



**राजस्थान-उप्र समेत नौ राज्यों के 20 जिलों में बारिश**

**नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से देश के उत्तरी राज्यों में एक बार फिर मौसम बदला है। राजस्थान-उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों के 20 जिलों में बारिश हुई रही है। वहीं, पूर्वोत्तर के राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम में कोहरा छाया है। उत्तर भारत में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में बारिश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। राज्य सरकार ने टूरिस्ट को इन इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। मैदानी राज्य मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान बढ़ने लगा है। यहां अधिकतम तापमान फरवरी की शुरुआत में ही 34 तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि 8 फरवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे उत्तरी भारत और मैदानी इलाकों में मौसम एक बार फिर बदलेगा।


# महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 163 मामले

- 21 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर, 47 आईसीयू में

**मुंबई, 4 फरवरी (एजेंसियां)।** जीबीएस के मामले पुणे में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गिलियन-बैरे सिंड्रोम के पांच नए मामले सामने आने के बाद महाराष्ट्र में कुल मरीजों की संख्या 163 हो गई है। विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे ज्यादा मामले पुणे से आए हैं। वहीं महज आठ मरीज पड़ोसी जिलों के हैं। अब तक पांच मरीजों की मौत हो चुकी है हालांकि मंगलवार को कोई नई मौत की सूचना नहीं मिली। डॉक्टरों ने कहा कि अब डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की संख्या से पता चलता है कि सबसे बुरा समय बीत चुका है। दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के कंसल्टेंट इंटेंसिविस्ट डॉ. समीर जोग ने कहा कि हमारे 36 में से 16 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है।

# अमेरिका ने 205 भारतीयों को वापस भेजा

**वॉशिंगटन डीसी, 4 फरवरी (एजेंसियां)।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही दुनिया में उथल-पुथल का माहौल है। व्हाइट हाउस की कमान संभालने के बाद से ही ट्रंप ने कई बड़े फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका में रहने वाले 205 भारतीय भी अब ट्रंप के इन्हीं फैसलों का शिकार हुए हैं। उन्हें मिलिट्री के विमान में भरकर भारत वापस भेजा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका में अवैध प्रवासी भारतीयों के एक जत्थे को भारत भेजा गया है। इस जत्थे में 205 भारतीय शामिल हैं। इन सभी की पहचान करने के बाद उन्हें वापस भेजा गया है। 205 भारतीयों को लेकर अमेरिकी सेना के विमान सी-147 ने आज सुबह सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी। अब यह प्लेन पंजाब के अमृतसर में लैंड करेगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका ने करीब 18000 प्रवासियों की पहचान की है, जो अमेरिका में अवैध रूप से घुसे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना सभी अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने की है।



- ट्रंप के अवैध प्रवासियों के फैसलों के हुए शिकार
- अमेरिका में 18 हजार अवैध प्रवासी भारतीयों की हुई पहचान

### अमेरिका दौरे पर जाएंगे मोदी


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक चर्चा करेंगे। ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद यह मोदी की वाशिंगटन की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। उनकी यह पहली यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करती है। इसकी वजह है कि वह नए प्रशासन के उद्घाटन के बाद ट्रंप से व्यक्तिगत रूप से मिलने वाले पहले विदेशी नेताओं में से एक होंगे।



Yogi Adityanath
Chief Minister, Uttar Pradesh



Nand Gopal Gupta 'Nandi'
Minister of Industrial Development Uttar Pradesh



Jaswant Saini
Minister of State for Industrial Development Uttar Pradesh

PRIME COMMERCIAL PLOTS IN GREATER NOIDA



SCHEME CODE: CPS-4/2024-25 (2 FAR) & CPS-5/2024-25 (4 FAR)

THROUGH E-AUCTION/ ON-LINE BIDDING

SALIENT FEATURES

• Proximity to Noida International Airport • Easy access to Eastern & Western Dedicated Freight Corridors • Best planned city in NCR • Expressways providing excellent Multi-city Connectivity • Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity • World-class civic amenities

Greater Noida announces e-Auction for the allotment of Commercial Plots (2 FAR & 4 FAR), as per terms and conditions prescribed in the on-line brochures.

How to participate/other details: Interested parties will need to sign up and obtain user ID and password on the portal https://etender.sbi as well as deposit Documents, Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochures.

The brochure containing details of plots, procedure, terms and conditions of e-Auction is available on our website www.greaternoidaauthority.in and the web portal https://etender.sbi

It will be the sole responsibility of the bidder/ participant to obtain a compatible computer terminal with Internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process for any reasons thereof.

Authority reserves the right to accept or reject one or all the bids or cancel/postpone the e-auction without assigning any reason.

COMMERCIAL PLOTS - 2 FAR

| Sl. No. | Plot No. | Sector | Area (in sqm) | Total Reserve Price of Plots (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CS-199 | SIGMA-III | 1500.00 | 9,62,70,000/- |
| 2 | LS-01 | SIGMA-II | 1902.50 | 12,21,02,450/- |
| 3 | C-02 | ETA-1 | 7455.00 | 47,84,61,900/- |
| 4 | 4/1D | TUGALPUR, HALDONA, (K.P.-III) | 8148.00 | 58,60,93,788/ |
| 5 | SLC-2 | CHI-PHI EXTN | 18279.90 | 1,19,53,40,941/- |
| 6 | SLC-3 | CHI-PHI EXTN | 12572.60 | 82,21,34,887/- |
| 7 | SLC-4 | CHI-PHI EXTN | 15448.50 | 1,01,01,92,864/- |
| 8 | SLC-5 | CHI-PHI EXTN | 12767.40 | 83,48,73,053/- |
| 9 | SLC-1 | ZETA-1 | 14837.00 | 98,81,73,874/- |
| 10 | SLC-2 | ZETA-1 | 6814.20 | 45,38,39,348/- |

COMMERCIAL PLOTS - 4 FAR

| Sl. No. | Plot No. | Sector | Area (in sqm) | Total Reserve Price of Plots (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C-1 | Sector-10 | 9250 | 92,41,02,750/- |
| 2 | C-4 | Sector-10 | 10600 | 1,05,89,71,800/- |
| 3 | C-5 | Sector-10 | 10600 | 1,05,89,71,800/- |
| 4 | C-8 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 5 | C-9 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 6 | C-10 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 7 | C-11 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 8 | C-12 | Sector-12 | 10400 | 1,03,89,91,200/- |
| 9 | MPC-1 | Ecotech-1 Extn. | 17157 | 1,45,43,47,419/- |
| 10 | MPC-2 | Ecotech-1 Extn. | 10394 | 88,10,68,198/- |
| 11 | MPC-3 | Ecotech-1 Extn. | 12420 | 1,05,28,06,140/- |
| 12 | MPC-4 | Ecotech-1 Extn. | 15000 | 1,27,15,05,000/- |
| 13 | MPC-5 | Ecotech-1 Extn. | 18820 | 1,59,53,14,940/- |
| 14 | MPC-6 | Ecotech-1 Extn. | 15000 | 1,27,15,05,000/- |
| 15 | MPC-7 | Ecotech-1 Extn. | 20000 | 1,69,53,40,000/- |
| 16 | MPC-8 | Ecotech-1 Extn. | 20000 | 1,69,53,40,000/- |
| 17 | MPC-9 | Ecotech-1 Extn. | 8880 | 75,27,30,960/- |
| 18 | SLC-8/G/2 | DELTA-II | 2313.47 | 23,11,22,593/- |

Plots clear from all encumbrances

Possession within 30 Days

Allotment will be made on "as is where is basis"

Note: The area of plot allotted may slightly vary at the time of handing over of the possession. The premium of the plot will proportionately vary due to such variation.

| Document Download Starts | Registration End Date & Time | Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit | Last Date of Final Submission of Documents | E-Auction Date & Time to be Notified Separately |
|---|---|---|---|---|
| 04-02-2025 \| 3:00 PM | 24-02-2025 \| 5:00 PM | 27-02-2025 \| 5:00 PM | 01-03-2025 \| 5:00 PM | |

For corrigendum/addendum, Please refer to website www.greaternoidaauthority.in
Don't miss the opportunity, please visit One Map Greater Noida for plots location details.

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in

Follow us on /OfficialGNIDA

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

# भारत निर्वाचन आयोग
# Election Commission of India

# स्वागत है

## 05 फ़रवरी 2025

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधानसभा चुनाव

## आइए, मतदान केंद्र पर पहुंचे और लोकतंत्र का पर्व मनाएं।

### मतदान केन्द्रों पर मतदान करना हुआ और भी आसान

- पीने का पानी
- सुलभ शौचालय
- दिशा सूचक
- विशेष स्वयंसेवक
- रैंप और व्हीलचेयर
- ब्रेल लिपि वाली ईवीएम
- दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग कतारें
- दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवहन सुविधा

### मतदान के लिए ले जाने योग्य दस्तावेज़ (कोई एक)

- मतदाता पहचान पत्र
- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- भारतीय पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा निर्गत स्मार्ट कार्ड
- बैंको/डाकघरों द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पासबुक
- श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत निर्गत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
- सांसदो/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र
- यूनिक डिस्एबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

CBC 52101/13/0088/2425

www.eci.gov.in

मतदाता सूची में अपना नाम जांचने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

क्यूआर कोड स्कैन करें, विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ लें।

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें। 1950

FB.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | @ecisveep | Election Commission of India

उल्टा पुल्टा

पप्पू अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर डॉक्टर के पास गया।
डॉक्टर : बेटी यह चोट कैसे लगी?
पप्पू : डॉक्टर साहब ये मेरे से रोज लड़ती थी!
मैंने रोज लड़ने का कारण पूछा तो बोली : लड़ने से मोहब्बत बढ़ती है। डॉक्टर : फिर क्या हुआ?
पप्पू : फिर होता क्या,
मोहब्बत बढ़ाने के लिए मैंने भी जड़ दिए लात घूसे।



# कैपिटल ज़ोन

### अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस व चुनाव आयोग पर लगाया गंभीर आरोप, कहा

# आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे भाजपा की कर रहे अनदेखी

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में चुनाव आचार संहिता का भाजपा के गुंडे खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं और इसकी शिकायत करने वाले लोगों पर ही दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग कार्रवाई कर रहा है। कालकाजी, जंगपुरा और राजेंद्र नगर विधानसभा में सोमवार की रात भाजपा के लोगों ने आचार संहिता का उल्लंघन किया। कालकाजी में आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे भाजपा के लोगों पर कार्रवाई करने के बजाय इनकी वीडियो बना रहे दो युवकों को पुलिस ने बड़ी बर्बरता से पीटा। साथ ही, इसकी शिकायत करने पर दिल्ली की सीएम के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मंगलवार को यह खुलासा वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, दिल्ली की सीएम आतिशी और दुर्गेश पाठक ने की।

■ 'आप' कार्यकर्ताओं पर हो रही भाजपा के खिलाफ शिकायत करने पर कार्रवाई



चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है, बल्कि भाजपा के लिए चुनाव आयोग व दिल्ली पुलिस की साझेदारी में लड़ा जा रहा है : **सिसोदिया**

उधर, इन घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि खुलेआम हो रही गुंडागर्दी के खिलाफ शिकायत करने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव आयोग ने पुलिस केस किया। तो अब दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग का ये ऑफिशियल स्टैंड है।

वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है, बल्कि भाजपा के लिए चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस की साझेदारी में लड़ा जा रहा है।

## सचदेवा ने आप के सभी मंत्रियों के हारने का किया दावा



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर नकारात्म चुनाव प्रचार करने और गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है तथा आम आदमी पार्टी के सभी मंत्रियों के चुनाव हारने का दावा किया है। सचदेवा ने मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे मुख्यमंत्री आतिशी हों या फिर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोनों सिर्फ आरोप लगाते रहे और भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने सिर्फ अपना प्रचार किया। श्री बिधूड़ी ने लोगों के बीच जाकर सार्थक और सकारात्मक प्रचार किया, परिणाम आठ तारीख को सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस बार आरोपों के भंवरजाल में फंसकर भाजपा को यह चुनाव तोहफे में देने का काम किया है। जिस दिन परिणाम आयेगा, उस दिन इनकी सरकार के लगभग सभी मंत्री हारेंगे। उन्होंने कहा कि कालकाजी में सुश्री आतिशी और उनके गुंडों ने जैसी गुंडागर्दी दिखाई है, वह आश्चर्य करने वाली है।

# आचार संहिता उल्लंघन में आतिशी समेत कई लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले कालका जी विधानसभा क्षेत्र में बीती देर रात तक हंगामा हुआ। राजनीतिक पार्टियों ने एक-दूसरे पर मारपीट और कैश बांटने के आरोप लगाए हैं। इस हंगामे के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी गोविंदपुरी थाने पहुंचीं और पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर दिल्ली के झुग्गी बस्तियों के लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है।

आतिशी का आरोप है कि उनकी शिकायत देने के बाद उल्टा पुलिस ने उनके और आप कार्यकर्ताओं के खिलाफ ही दो मामले दर्ज कर दिए। पुलिस के मुताबिक, दोनों ही मामले सरकारी काम में बाधा डालने और आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली चुनाव के प्रचार का समय कल समाप्त हो गया था, लेकिन देर रात तक अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ता कई जगहों पर प्रचार करते हुए देखे गए, जिससे कई जगहों पर हंगामा हुआ। सबसे ज्यादा हंगामा कालका जी में हुआ, जहां मुख्यमंत्री आतिशी की सीट है। इस घटना के बाद गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन में पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के तहत आतिशी और उनके समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



■ राजनीतिक पार्टियों ने एक-दूसरे पर मारपीट व कैश बांटने के लगाए आरोप

दिल्ली पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के पहले मामले में आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आतिशी 10 गाड़ियों और 50-60 समर्थकों के साथ फतेह सिंह मार्ग पर पहुंची थीं। जब पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए वहां से जाने का आदेश दिया, तो उन्होंने इसे मना कर दिया। चुनाव आयोग की शिकायत पर उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया।

## आतिशी के पास जनता को बताने के लिए कुछ भी नहीं : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** भाजपा के नेता रमेश बिधूड़ी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आतिशी के पास दिल्ली के लोगों को बताने के लिए कुछ भी नहीं है, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में दिल्ली की जनता के लिए कोई काम नहीं किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की जनता के मन में मोदी जी हैं और आतिशी को यह अच्छे से पता है कि वो चुनाव हारने जा रही हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आतिशी को अब देश की व्यवस्था पर विश्वास करना चाहिए। लेकिन, आतिशी ऐसा ना करके गाड़ियों का काफिला लेकर अपने साथ चल रही हैं।



## दीक्षा लेना एक बड़ा संकल्प, जिसके आगे समस्त संसार बौना : अतुल जैन

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। तपस्वी श्री रोशनलाल जी महाराज की पवित्र तपभूमि त्रीनगर, दिल्ली में आयोजित 12 सामूहिक जैन भागवती दीक्षाओं के महामहोत्सव में सम्मिलित होकर जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुलजी जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जन्मकाल से ही अपने घर में पूज्य संतों के पवित्र पावन चरण चिन्हों को देखा है। हमारी पृष्ठभूमि, हमारे सामाजिक सरोकार, हमारे संस्कार—सभी पर जैन संतों के उपदेशों की गहरी छाप है। हमारे यहां मान्यता है कि 'जो मानव प्रति माह दस लाख गायों का दान करता है, ऐसे दानवीर से भी बड़ा एक दिन का संयमी है।' दीक्षा लेना इतना बड़ा संकल्प है, जिसके आगे समस्त संसार बौना है। इस आयोजन में श्रमण संघीय आचार्य सम्राट पूज्य शिवमुनि जी म. के मंगल आशीर्वाद से पूज्य प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि जी म., उपाध्याय श्री रविंद्र मुनि जी म., महाश्रमण पूज्य श्री आनंद मुनि जी म., उत्तर भारतीय प्रवर्तिनी डॉ. सरिता सहित अनेक पूज्य संत-साध्वी वृंद की पावन उपस्थिति ने इस महोत्सव को धन्यता प्रदान की।



# भाजपा की गुंडागर्दी के 'आप' के दावे को पुलिस ने किया खारिज

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। दिल्ली में बुधवार को मतदान होना है। वहीं, आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला लगातार जारी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की गुंडागर्दी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

'आप' ने जंगपुरा से भाजपा के प्रत्याशी तरविंदर मारवाह पर आरोप लगाया है कि वह सरेआम महिलाओं के साथ बदतमीजी कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोशल मीडिया के जरिए कई वीडियो जारी किए हैं, जिनमें यह दावा किया गया है कि भाजपा के गुंडे सड़कों पर लोगों के साथ मारपीट कर रहे हैं। 'आप' का कहना है कि यदि ये लोग सत्ता में आ गए, तो क्या हाल होगा, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। हालांकि, पुलिस ने आम आदमी पार्टी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि 3 फरवरी को सिद्धार्थ एन्क्लेव के पॉकेट-बी के पास महिलाओं के बीच भोजन वितरण (भंडारा) को लेकर झगड़ा हुआ था, जो पूरी तरह से एक निजी विवाद था और इस मामले में कोई राजनीतिक एंगल नहीं था। पुलिस ने यह भी बताया कि किसी महिला ने किसी के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बता दें कि सोमवार की रात भी कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में हुए हंगामे के बाद मौके पर पहुंची आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी और उनके साथ मौजूद कई लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है।

■ दिल्ली में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला लगातार जारी

## दुर्गेश पाठक ने भाजपा पर घटिया राजनीति का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदान से एक दिन पहले आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक भारतीय जनता पार्टी पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया।

अरविंद केजरीवाल के ईवीएम पर सवाल उठाने और भाजपा पर गड़बड़ी करने की संभावना जताने पर 'आप' प्रवक्ता दुर्गेश पाठक ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा सबसे निचले स्तर की घटिया राजनीति के सारे स्तर पार कर चुकी है। इस बार का चुनाव भाजपा नहीं, बल्कि चुनाव आयोग और पुलिस लड़ रही है। उनकी कोशिश है कि किसी भी तरीके से चुनाव को खराब किया जाए। रामगोपाल के चुनाव आयोग को धृतराष्ट्र बताए जाने पर उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इससे भी ज्यादा कुछ हो सकता है। अरविंद केजरीवाल के दिल्ली की 70 में से 55 विधानसभा सीटों पर जीत के दावे पर कहा कि मुझे लगता है कि इससे ज्यादा सीटें आम आदमी पार्टी को मिलेंगी।

## सांसदों-मंत्रियों के बंगले में काम करने वाले नौकर के लिए कॉलोनी बनाए सरकार : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में सांसदों व मंत्रियों के सरकारी आवास में रहने वाले सर्वेंट और एनडीएमसी एरिया में लोगों से आसमान टैक्स लेने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब सरकारी आवास में कोई सांसद या मंत्री आता है तो वह अक्सर सर्वेंट क्वार्टर को खाली करा देता है। ऐसे में वहां रह रहे सर्वेंट के लिए रहने की समस्या खड़ी हो जाती है। केंद्र सरकार से मेरी मांग है कि इस समस्या के निदान के लिए कॉलोनी बनाई जाए ताकि ये लोग अस्थाई तौर पर वहां रह सकें। साथ ही अगर सर्वेंट क्वार्टर में इनसे किराया लिया जा रहा है या इनको तनख्वाह नहीं दी जा रही है तो इसकी जांच कराई जाए।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सासंद संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कहा कि राष्ट्रपति के मुख से सरकार ने बहुत सारी बातें कहलवाई और बहुत सारे दावे किए गए। यह बताने की कोशिश की गई कि किस तरह भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा और किसानी समेत सभी क्षेत्रों में कितना बढ़िया और अच्छा काम हुआ। राष्ट्रपति ने वन नेशन वन इलेक्शन की भी बात की। सरकार की तरफ से सारे अच्छे-अच्छे दावे उन्हें लिख कर दिए गए थे जो उन्होंने पढ़ा। लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग है।



सरकार की तरफ से सारे अच्छे-अच्छे दावे लिख कर दिए गए थे जो राष्ट्रपति ने पढ़ा, लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग है : **संजय सिंह**

संजय सिंह ने कहा कि हम सभी सांसद जिस इलाके में रहते हैं वहां से एक दिन सर्वेंट क्वार्टर्स एसोसिएशन के बहुत सारे लोग मुझसे दिन मिलने आए थे। इस नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सांसदों, न्यायाधीशों, मंत्रियों और यहां तक कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का भी बंगला है। लेकिन आप उनकी तकलीफ सुनेंगे तो बहुत दुख होगा।

## फोर्टिस अस्पताल व एनएचएआई ने कैंसर के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने एनएचएआई भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ मिलकर, विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर स्थित खेड़की दौला टोल प्लाज़ा पर 'कैंसर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया। इस आयोजन ने कैंसर जागरूकता के महत्व पर ज़ोर देने के साथ-साथ अत्याधुनिक कैंसर उपचार उपलब्ध कराने की फोर्टिस हेल्थकेयर की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। आकाश पाधी ने इस भागीदारी के बारे में कहा की आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर की गई इस महत्वपूर्ण पहल के लिए हम फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर के साथ हाथ मिलाकर गौरवान्वित हैं। आज के इस कार्यक्रम ने केवल कैंसर के बारे में ही जागरूकता नहीं बढ़ायी है बल्कि प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों से लड़ने के लिए समुदाय की सामूहिक ताकत और संगठनों के बीच परस्पर सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया है।

डॉ विनय सैमुअल गायकवाड़, डायरेक्टर, सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर तथा महिपाल भनोत, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं बिजनेस हेड भी इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

## कल्याणपुरी में चाकू मारकर युवक की हत्या



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुरी ब्लॉक 10 में एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना 4 फरवरी को रात 12:45 बजे की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि त्रिलोकपुरी में एक व्यक्ति को चाकू मारा गया है। घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि व्यक्ति, जिसका नाम लव लोहान था, उसकी मौत हो चुकी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए जिले की कई टीमें मौके पर भेज दीं, जिनमें कल्याणपुरी थाना, एएटीएस, स्पेशल स्टाफ, एंटी नारकोटिक्स टीम और क्राइम टीम शामिल थीं। इसके अलावा, एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।

# एनसीपी ने की दिल्ली की जनता से मतदान करने की अपील

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राजधानी में आज मतदान को होगा। बुधवार को सुबह सात बजे से 1.56 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 13,766 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसमें 699 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। इस बीच अजित पवार की नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) राष्ट्रीय महासचिव एवं दिल्ली प्रभारी बृज मोहन श्रीवास्तव और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने जनता से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

विज्ञापनों के महाजाल से हटकर दिल्ली के विकास के लिए अपनी सरकार चुनें : **बृज मोहन श्रीवास्तव**

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व को दिल्ली के सभी लोग वोट करें। उन्होंने कहा कि विज्ञापनों के महाजाल से हटकर वोट करें और दिल्ली के विकास के लिए अपनी सरकार चुनें। दोनों नेताओं ने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए वोट जरूर करें। उन्होंने कहा कि एन सी पी ने दिल्ली की 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं और सभी प्रत्याशी अन्य पार्टियों के धन कुबेरों के सामने मजबूती से खड़े हैं। हम जनता से अपील करते हैं कि जब वो मतदान करने जाए तो सोच समझकर मतदान करें।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 94/2024-2025** **दिनांक 04.02.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18241073 | कंटीन्यूअस पेपर कंप्यूटर स्टेशनरी | 3750 रिम | 27.02.25 |
| 02 | 20251053 | लोको साइड बफर (रबर स्प्रिंग टाइप) | 383 नग | 06.03.25 |

**निविदा शर्तें**—**1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**389/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट, एक्यूआई में हुआ सुधार

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार सुबह हल्की बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूरे दिन बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

दिल्ली-एनसीआर में हुई हल्की बारिश से एक्यूआई में सुधार होने से प्रदूषण से राहत मिली है।

आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि 5 फरवरी तक बारिश कम हो जाएगी। लेकिन, दिल्ली में कोहरे का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। कुछ अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा अभी भी बना हुआ है, वहीं मौसम विभाग ने मंगलवार को आंधी-तूफान की संभावना भी जताई है। शहर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसे आईएमडी ने फरवरी के लिए सामान्य से अधिक बताया है, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। बारिश की वजह से दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है, हालांकि प्रदूषण का स्तर 'खराब' श्रेणी में अभी भी बना हुआ है। मंगलवार सुबह 7 बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, चांदनी चौक में वायु गुणवत्ता सूचकांक 265, आईटीओ पर 232, लोधी रोड पर 132 और श्री अरबिंदो मार्ग पर 228 रहा। आगे बारिश जारी रहती है तो एक्यूआई में और सुधार होने की उम्मीद है।



■ दिल्ली में कोहरे का स्तर बढ़ने की संभावना
■ न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया
■ अगले दो दिनों में उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में अस्थायी वृद्धि की संभावना

हरियाणा के गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता सूचकांक 302 रहा जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है, जबकि फरीदाबाद में यह 217 रहा जो 'खराब' श्रेणी में है। पिछले सप्ताह, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक्यूआई के 350 अंक से अधिक हो जाने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 3 के उपायों को लागू किया था, जिससे शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कड़े उपाय किए गए थे। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में अस्थायी वृद्धि की भविष्यवाणी की है। इसके बाद, अगले तीन दिनों में तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

मौसम की स्थिति गतिशील रहने की संभावना है, क्योंकि 8 फरवरी से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत को प्रभावित करेगा, जिससे तापमान और वायुमंडलीय स्थितियों में नए उतार-चढ़ाव आएंगे। दिल्ली के अलावा, आईएमडी ने 5 फरवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में भी बारिश का अनुमान जताया है।

## अंतरराष्ट्रीय हैप्पीनेस कोच ने लोगों को दिया खुश रहने का मंत्र

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। हास्य एक ऐसी पूँजी है जो हंसने वाले को तो स्वस्थ बनाती ही है, साथ ही इससे आपके आस-पास सकारात्मक उर्जा का संचार भी होता है। योगपथ एवं हास्य योग केंद्र भारत के सह-संस्थापक, अंतरराष्ट्रीय हैप्पीनेस कोच सुनील गुप्ता ने आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर श्री बालकानंद गिरि जी महराज जी के सानिध्य में 31 जनवरी 2025 को आनंद अखाड़ा, काली मार्ग, प्रयागराज में हास्ययोग केन्द्र भारत के माध्यम से हास्य योग कराया। एक तरफ जहां महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं, तो वही दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय हैप्पीनेस कोच सुनील गुप्ता ने हजारों की संख्या में जुटे लोगों को हास्य योग कराकर उन्हें खुश रहने का मंत्र दिया। पूरे जोश और एनर्जी के साथ सभी ने हास्य योग किया और सकारात्मक उर्जा का लाभ लिया। आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर श्री बालकानंद गिरि जी महराज जी ने सुनील गुप्ता जी की सराहना करते हुए कहा कि लोगों को तनावमुक्त रखने का यह सकारात्मक प्रयास है। जो बिना किसी संसाधन के ही आपके जीवन को खुशहाल बना सकता है।



यूनाइटेड नेशन एवं अन्य रिसर्च एजेंशियों के आकड़ों के अनुसार आज दुनिया में लगभग 80 प्रतिशत लोग या तो अनहैप्पी हैं या निगेटिव माइंड के हैं। उनके स्ट्रेस को कम करने के लिए हास्य योग बहुत कारगर साबित हो रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई-नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 06.02.2025 को 10:30 बजे | 15060 (F1, R1), 12459 (F1), 14089 (F1, F2, R1), 14087 (F1, F2, R1), 15035 (F2), 22472 (F1, F2, R1), 12015 (F1), 14316 (F2), 12050 (F1), 04304 (F1, F2, R1). |
| 2. | 07.02.2025 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1). |
| 3. | 12.02.2025 को 10:30 बजे | 14041 (R1) (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 12918 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 20914 (F1), 12963 (F1) (सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार), 12963 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार), 12191 (F1 & F2), 22463 (F1) 19338 (F1). |
| 4. | 13.02.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाड़ी में** - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487 (सोमवार, मंगलवार और गुरुवार), 20408/20407, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 **तथा** 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417. |
| 5. | 14.02.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार के लिए), 12191 (R1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22986 (F1) |
| 6. | 18.02.2025 को 10:30 बजे | 12455 (F1), 12284 (F1), 22454 (F2), 12428 (F1) (सोमवार), 14041 (F1), 12148 (F1), 14053 (F2), 12148 (F2), 12011 (F1), 12448 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 22454 (R1 & F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 14305 (F1), 12045 (F1), 14305 (R1 & F2), 12013 (F1), 14303 (F1), 14212 (F1), 12066 (F1), 12029 (F1), 14303 (R1 & F2). |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः "संशोधित" रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: **a.** 04304 (F1, F2 & R1), **b.** 12265 (F1). **c.** 22401 (F1). **d.** 14041 (F1, R1). **e.** 12918 (F1). **f.** 22454 (F1, F2, R1).
**4.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **383/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"इस मामले में केस दर्ज किया गया है। 9 अलग-अलग अकाउंट में पीड़ित के द्वारा 14 ट्रांजेक्शन में रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इस संबंध में बैंक की डिटेल को निकालकर इन्हें फ्रीज करने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। साथ ही ठगी करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी की जा रही है : प्रीति यादव, डीसीपी साइबर सिक्यॉरिटी।

## रसूलपुर गई बारात में खाना खाकर दो सौ लोग हुए फूड पॉइजनिंग का शिकार

**बुलन्दशहर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर के मोहल्ला रामगढ़ी से बारात में गए लगभग दो सौ लोग दूषित खाना खाकर फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। मरीजों के परिजन उन्हें लेकर देर रात में ही सीएचसी पहुंच गए। इस पूरे मामले की जानकारी किसी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी जिसके बाद सीएमओ खुद मौके पर पहुंची डॉक्टर्स की टीम को भी मरीजों के उपचार में लगाया।



जानकारी के मुताबिक आह्वग्रान रामगढ़ी से बबलू की बारात ऊंचागांव क्षेत्र के गांव रसूलपुर में गई थी। देर रात वापस आने के बाद रात में बारात में गए कुछ लोगों को उल्टी दस्त होने शुरू हो गए। उल्टी दस्त के शिकार हुए लगभग एक दर्जन लोगों को सीएचसी ले जाया गया। जहां रात में ही चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद सुबह तक बारात में गए अन्य लोगों की तबियत भी खराब हो गई और बीमारों का आंकड़ा लगभग दो सौ तक पहुंच गया। घटना से सीएमओ को अवगत कराया गया जिसके बाद सीएमओ डॉ. मंजू अग्रवाल जिला अस्पताल की टीम के साथ मौके पर पहुंची और 18 चिकित्सकों की टीम को तैनात कर कैम्प लगवाकर सभी मरीजों का परीक्षण व उपचार शुरू कराया। जिसके बाद दस मरीजों की हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अनूपशहर के फूड इंस्पेक्टर को रसूलपुर भेजकर खाद्य पदार्थों के सैंपल भरवाए हैं। सीएमओ डॉ. मंजू अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्थिति नियंत्रण में है। दस लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# अच्छी खबर : एक क्लिक पर मिलेगी जीडीए की संपत्ति की डिटेल्स



प्राधिकरण द्वारा प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को लागू किए जाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है, इसी के क्रम में आज ... में संपत्ति से संबंधित समस्त स्टाफ को प्रशिक्षित कराया गया, इस व्यवस्था की शुरुआत 17 फरवरी को होने वाली नीलामी के आवंटन पत्र को जारी करते हुए किया जाना प्रस्तावित है : अतुल वत्स, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।



- प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था के लिए स्टाफ को किया जा रहा ट्रेंड
- पीएमएससिस्टम से जारी होंगे 17 फरवरी की नीलामी के आवंटन पत्र

**गाजियाबाद,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) आवंटियों के लिए अच्छी खबर है। अब एक ही क्लिक पर जीडीए की संपत्ति क्या तमाम विवरण ऑनलाइन मिल जाएगा। इसके लिए ड्रॉ के तमाम स्टाफ को ट्रेड करने के लिए मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया।

जीडीए की सम्पत्तियों की बिक्री, खरीद, नाम दर्ज और अन्य संबंधित कार्यों को सरल बनाने तथा एक क्लिक में सम्पत्ति से जुड़ी समस्त जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसी उद्देश्य से आज प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) के संबंध में प्राधिकरण के स्टाफ हेतु एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में एचडीएफसी बैंक द्वारा नामित कम्प्यूटर केंद्र, आगरा के प्रतिनिधि जीपी अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण (प्रेजेंटेशन) दिया गया। इस अवसर पर अपर सचिव पीके सिंह, ओएसडी-प्रथम गुंजा सिंह ओएसडी-द्वितीय कनिका कौशिक, संयुक्त सचिव, प्राधिकरण की टेक्निकल टीम एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा। प्रस्तुतीकरण में प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम के विभिन्न घटकों-जैसे सर्वर, वेब एप्लिकेशन, यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट, ई-लॉटरी मैनेजमेंट सिस्टम, रजिस्ट्रेशन फार्म का प्रारूप, बैंक डिटेल्स डॉक्यूमेंटेशन, पेमेंट सिस्टम, चालान मैनेजमेंट सिस्टम, वित्तीय डैशबोर्ड आदि का विस्तृत विवरण दिया गया।

प्रॉपर्टी मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत पहले चरण में नई सम्पत्तियों की क्रय-विक्रय, नाम दर्ज एवं नोड्यूज को शामिल किया जाएगा। दूसरे चरण में लीगेसी डाटा को सिस्टम पर अपडेट किया जाएगा। क्लाउड कम्प्यूटिंग आधारित ब्लॉकचेन प्रबंधन का उपयोग करते हुए प्रत्येक सम्पत्ति का यूनिक आईडी जनरेट किया जाएगा, जो लॉगिन आईडी के रूप में कार्य करेगा। सम्पत्ति धारक प्राधिकरण की वेबसाइट पर लॉगिन कर सम्पत्ति से संबंधित मूल आबंटी, समस्त क्रेताओं का विवरण, भुगतान की स्थिति, रजिस्ट्री, कब्जा दिनांक, बकाया राशि आदि की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें व्यक्तिगत रूप से कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी।

महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि ऑटो रिशिड्यूलिंग प्रणाली के माध्यम से पेमेंट शेड्यूल स्वत: तय किया जा सकेगा, जिससे यह जटिल प्रक्रिया अत्यधिक आसान और समयबद्ध हो जाएगी। इस प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ेगी, धोखाधड़ी से बचाव होगा, और सम्पत्तियों की निगरानी संबंधित अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सरलता से की जा सकेगी।

प्रशिक्षण में कर्मचारियों को ऑनलाइन रसीद सत्यापन, लेखा जांच प्रक्रिया में सुगमता, पेमेंट शेड्यूल अपडेट और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से सम्पत्ति धारकों को नियमित रूप से अपडेट्स प्राप्त होंगे।

## सार संक्षेप

### इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट की सर्विस के नाम पर 96 हजार की ठगी

**नोएडा।** इलेक्ट्रिकल प्रॉडक्ट की सर्विस के लिए कंपनी का नंबर इंटरनेट से निकलना एक यूनिवर्सिटी में काम करने वाले शख्स को भारी पड़ गया। ठगों से कनेक्ट हुई कॉल के बाद उनके साथ 96 हजार 508 रुपए की ठगी हो गई। इस मामले में सेक्टर-126 के रहने वाले आनंद कुमार ने थाने में शिकायत दी है। पीड़िता के अनुसार उन्होंने जब इंटरनेट से एक कंपनी के नाम पर मिले मोबाइल नंबर पर कॉल की तो उसे डायवर्ट कर दिया। जहां एक अन्य व्यक्ति ने एक लिंक भेजकर 5 रुपए की पेमेंट करने के लिए कहा। उन्होंने लिंक पर जाकर अपनी कुछ डिटेल डालने के बाद पेमेंट कर दी। इसके बाद उनके अकाउंट में से रुपए निकल गए। मामले में सेक्टर-126 पुलिस जांच कर रही है।

### लहूलुहान अवस्था में मिला अज्ञात व्यक्ति, उपचार के दौरान मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर एक व्यक्ति सोमवार रात लहूलुहान अवस्था में पुलिस को मिला। पुलिस ने उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार रात एक्सप्रेसवे पर एक 45 वर्षीय व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में पुलिस को सड़क किनारे मिला। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार लहूलुहान होने के चलते व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना के चलते होने की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### मानसिक तनाव में महिला समेत दो लोगों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के गांव वाजिदपुर में युवक ने और थाना फेज-वन क्षेत्र के सेक्टर-पांच के गांव हरौला में एक महिला ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिए। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव वाजिदपुर में रहने वाला 19 वर्षीय यश मूलरूप से बिहार के जिला पूर्वी चंपारण का रहने वाला था। वह गांव वाजिदपुर में किराए के घर में रहता था। सोमवार को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जिसके चलते आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला। वहीं, थाना फेज-वन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जिला कन्नौज के गांव तिलहर निवासी सविता ने सेक्टर-पांच क्षेत्र स्थित गांव हरौला में आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वह पति संदीप के साथ हरौला में किराए के घर में रहती थी। परिजन से बातचीत में पता चला कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था। परिजन ने कोई शिकायत नहीं की है। पोस्टमार्टम के बाद के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 32.50 लाख की ठगी

**नोएडा**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है कि जिसमें ठगों ने पहले पीड़ित को आधिकारिक डिमैट अकाउंट से प्रॉफिट दिलवाया और बाद में उन्हें अपने ऐप पर लेकर आए और उनसे 32 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की। इस मामले में सेक्टर-55 के रहने वाले पीड़ित सैय्यद अशफाक अली ने साइबर थाने में शिकायत दी है।

डीसीपी साइबर सिक्यॉरिटी प्रीति यादव ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज किया गया है। 9 अलग-अलग अकाउंट में पीड़ित के द्वारा 14 ट्रांजेक्शन में रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इस संबंध में बैंक की डिटेल को निकालकर इन्हें फ्रीज करने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। साथ ही ठगी करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी की जा रही है।

पीड़ित के अनुसार हाल में शेयर मार्केट में हो रहे उतार चढ़ाव के बीच उनका काफी नुकसान हो गया था। इस दौरान सोशल मीडिया पर उन्होंने ट्रेडिंग के संबंध में विडियो देखा। उस वीडियो को क्लिक करने के बाद वह एक ग्रुप में जुड़ गए। जहां उन्हें बेहतर रिटर्न दिलवाने की टिप्स दिए गए। इन टिप्स के साथ उन्होंने अपने ही डिमैट अकाउंट से कुछ प्रॉफिट भी बनाया। जिससे ठगों की रिसर्च और काम के तरीके पर उन्हें विश्वास हो गया।

इसके बाद ठगों ने उन्हें एक लिंक के माध्यम से उनका डिमैट अकाउंट प्रयोग करने के लिए कहा। जहां उन्हें बेहतर रिटर्न की बात कही गई। उन्होंने बातों में आकर उनके बताए 9 अकाउंट में अलग अलग समय में 32 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगों ने उन्हें फॉल शॉर्ट में 5 लाख रुपये के नुकसान होने की जानकारी दी।

## संभव में नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई

### सभी जोन से प्राप्त हुए 19 संदर्भ



- अतिक्रमण पर विभागों की संयुक्त टीम बनाते हुए वृहद अभियान के रूप में हो कार्रवाई : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने समस्त विभागीय अधिकारियों सहित संभव के अंतर्गत जनसुनवाई की। संभव में 19 संदर्भ प्राप्त हुए निर्माण विभाग से एक, डूडा विभाग से एक, स्वास्थ्य विभाग से चार, उद्यान विभाग से एक, प्रकाश विभाग से दो, टैक्स विभाग से चार, जलकल विभाग से एक, अवैध अतिक्रमण से पांच संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

नगर आयुक्त द्वारा अवैध अतिक्रमण की अधिकांश शिकायतों को देखते हुए सभी जोन अंतर्गत बृहद रूप में विभागों की संयुक्त टीम बनाते हुए अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए।

इंदिरापुरम मकनपुर से अवैध खोके हटाने हेतु एक शिकायत प्राप्त हुई, सिटी जोन से अवैध अतिक्रमण सहित साफ सफाई को लेकर 11 शिकायतें प्राप्त हुई, कवि नगर जोन से हाउस टैक्स संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई, मोहन नगर जोन से अवैध अतिक्रमण सहित सिवर लाइन की तीन शिकायत, वसुंधरा जोन से पार्कों के अतिक्रमण हटाने को लेकर दो शिकायत तथा विजयनगर से एक शिकायत प्राप्त हुई, विभागीय अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम को मौके पर भेजो तथा योजना बनाते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## दिन भर चला जीडीए का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान





- कई निर्माण ध्वस्त तो कई किए सील

**गाजियाबाद,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान लगातार जारी है मंगलवार को चलाए गए अभियान में कई अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए तो कई सील किए गए। प्रवर्तन जोन-7 क्षेत्र में भूखंड संख्या एस10-5/41, सेक्टर-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, भूखंड संख्या एस 10-4/13, सेक्टर-5, राजेन्द्र नगर पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

इसके अलावा ग्राम जलालाबाद, गंग नहर पटरी के किनारे स्थित खसरा संख्या 669 और 670 पर लोकेश शर्मा द्वारा लगभग 850 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से किए जा रहे औद्योगिक निर्माण को सील किया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि यदि विपक्षी द्वारा निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से नहीं रोका गया, तो आगे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता, क्षेत्रीय सुपरवाइजर तथा पुलिस बल उपस्थित रहा।

## उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव में धांधली का आरोप, चुनाव रद्द करने की मांग

**गाजियाबाद,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव चुनाव को रद्द करने की मांग की गई है। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार अरोड़ा ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव शिकोहाबाद जिले में संपन्न हुआ। लेकिन वहां पर काफी ज्यादा अनिमित्ताये बरती गई।




अरोड़ा ने आरोप लगाया कि संगठन का नियम है कि यदि अध्यक्ष पूर्वांचल का होगा तो महासचिव पश्चिमी अंचल का होगा लेकिन इस चुनाव में जबरदस्ती धांधली बाजी करते हुए सभी पदाधिकारी पूर्वांचल के बना दिए गए हैं। पश्चिमी अंचल के जो पूर्णिमा पूर्णेन्दु शर्मा जो चुनाव लड़ रहे थे। उनके साथ गए उत्तर प्रदेश के कई अधिवक्ताओं को धमकाया गया और जबरदस्ती चुनाव नतीजों की घोषणा कर दी गई।

उन्होंने बताया कि चुनाव में कुल 334 मत डाले बताए गए जो की कुल मतों का शपथ प्रतिशत था लेकिन कई अधिवक्ता ऐसे थे जो चुनाव में शरीक ही नहीं हुए मतदान ही नहीं किया। उन्होंने कहा कि संबंध में इस समय चुनाव अधिकारी को भी शिकायत दी गई थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव रद्द करने की मांग को लेकर और काउंसिल आफ यूपी तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण में जाएंगे इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पेंद्र भारद्वाज भी मौजूद थे।

## 24 घंटों में गाजियाबाद पुलिस की अपराधियों के साथ तीसरी मुठभेड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ का सिलसिला लगातार जारी है।

कल से जिला सोमवार से जारी है। सोमवार से आज तक पिछले 24 घंटों पर नजर डालें तो गाजियाबाद पुलिस अपराधियों के साथ तीन मुठभेड़ कर चुकी है। जिसमें तीन अपराधी पुलिस के गोली से घायल हुए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की रात में स्वाद टीम ग्रामीण व थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने करीब 15 दिन पूर्व मिले गौवंश के अवशेष फेंकने वाले गौकशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर चली गई गोली से एक गौकश घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने मंगलवार को बताया कि कि स्वाट टीम डीसीपी ग्रामीण व थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने बाइक सवार 2 गौ तस्करों से हुई मुठभेड़ के दौरान चांद उर्फ अरशद निवासी उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा (हाल पता पीली पट्टी जनता कॉलोनी थाना वेलकम जाफराबाद दिल्ली) पैर में गोली लगने से घायल हुआ है तथा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग रहे अन्य दूसरे अपराधी आहद निवासी नाला थाना कोतवाली संभल को कांबिंग कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में मिले चार गौवंशों के अवशेष फेंकने के मामले के मुख्य आरोपी है। ये लोग एनसीआर क्षेत्र से होंडा सिटी में गाय चोरी कर दिल्ली में काटकर उनके अवशेषों को थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में सड़क किनारे नाले के पास गड्ढे में 2 प्लास्टिक के कट्टे में भरकर फेंक गए थे। इनके अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

## सड़क पर दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नोएडा**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने ऑफिस जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। 25 जनवरी को हुए हादसे में पीड़ित को पास के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फेज़-3 पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गौतम आर्या के रूप में हुई है। वह वसुंधरा गाजियाबाद का रहने वाला था। इस मामले में उसके जीजा प्रेम प्रकाश आर्या की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। उनके अनुसार गौतम सेक्टर-60 अपने ऑफिस ज रहा था। इस दौरान वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में घायल होने के बाद उसे 31 जनवरी को मौत हो गई। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

## आइजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण के मामले में नोएडा नंबर वन

**नोएडा**, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट में जनवरी 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के 24 थानों ने प्रथम रैंक प्राप्त की तथा पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा उत्साहवर्धन हेतु आईजीआरएस सेल की टीम को 21000 रूपए से पुरस्कृत किया गया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह द्वारा आईजीआरएस पोर्टल (जनसुनवाई पोर्टल) पर उच्च स्तर से प्राप्त शिकायती सन्दर्भ का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है, जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा रैकिंग में लगातार अच्छा प्रर्दशन किया जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में मा0 मुख्यमंत्री उप्र कार्यालय द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट में माह जनवरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है एवं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के 24 थानों द्वारा प्रथम रैक प्राप्त की गई है। इसके पूर्व भी पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर निरंतर 8 माह से प्रदेश में जनशिकायतों के निस्तारण में प्रथम स्थान रहा है।

आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है जिसको सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है।

इस प्रणाली का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को एक आसान और प्रभावी समस्याओं के निस्तारण हेतु एक माध्यम प्रदान करना है जिसके माध्यम आम जन मानस अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। उक्त प्रणाली के तहत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का माह जनवरी में प्रथम रैंक आना एक बड़ी उपलब्धि है।

यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है। जब शिकायतों का समाधान जल्दी और सही तरीके से किया जाता है, तो नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है।

आईजीआरएस पोर्टल पर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक उमेश चन्द्र नैथानी व उनकी टीम क्रमश: उपनि रमाशंकर उपाध्याय, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशान्त यादव, म0है0का0 पूनम वर्मा, का0 अमित कुमार सिह, म0का0 मोनिका चौधरी, का0 विजय सिंह, म0का0 पूजा चौहान को 21 हजार रूपए नकद व प्रशस्ति पत्र निर्गत करते हुए पुरस्कृत किया गया।

## तीन परियोजनाओं की जांच शुरू, तीन बिल्डर की बढ़ेगी मुसीबत

- नोएडा प्राधिकरण ने बकाया नहीं चुकाने व खरीदारों का 1425 करोड़ फंड डायवर्जन की ईओडब्ल्यू से की थी शिकायत

**नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। प्राधिकरण की तरफ से तीन बिल्डर परियोजनाओं को लेकर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में दर्ज कराई गई शिकायतों की जांच शुरू हो गई है। ईओडब्ल्यू ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर कई जानकारियां मांगी हैं। इनमें बिल्डर को जमीन का आवंटन, उस समय की शर्तें, निर्माण स्थिति, फ्लैट बिक्री, किस्त का समय, जारी किए गए नोटिस व अन्य तथ्य शामिल हैं। यह प्राथमिक जानकारी मिलने के बाद ईओडब्ल्यू बिल्डरों से पूछताछ करेगी। प्राधिकरण का इन परियोजनाओं में करीब 1425 करोड़ रुपए का बकाया है। फंड डायवर्जन का आरोप लगाकर प्राधिकरण की तरफ से शिकायत दर्ज करवाई गई है।

बता दें कि प्राधिकरण ने जिन तीन बिल्डर परियोजनाओं में ईओडब्ल्यू से जांच की सिफारिश की है वह अलग-अलग सेक्टरों की हैं। इसमें नवम्बर में लाजिक्स समूह की सेक्टर-143 स्थित ब्लूसम जेस्ट परियोजना के लिए प्राधिकरण ने पत्र भेजा था। तीन हजार 729 फ्लैट वाली यह परियोजना मौजूदा समय में नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में है। जनवरी में प्राधिकरण ने सेक्टर-137 में शुभकामना बिल्डटेक और सेक्टर-118 स्थित आइवीआर प्राइम डेवलपर की परियोजना जांच को पत्र भेजा था। इन तीनों परियोजनाओं में प्राधिकरण का करीब 1425 करोड़ रुपए बकाया है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि इन परियोजनाओं के बिल्डरों ने फ्लैट बेचा और प्राधिकरण का बकाया भी नहीं जमा किया। फ्लैट खरीदारों से लिया गया पैसा भी पूरी तरह परियोजना में नहीं लगाया है। ईओडब्ल्यू ने जांच में जो जानकारी मांगी है उसे भेज दिया गया है।

### 350 फ्लैट खरीदारों की शिविर लगाकर दो सोसायटी में कराई जाएगी रजिस्ट्री

**नोएडा।** महागुन मजारिया व पारस टियरा सोसायटी के साढ़े तीन सौ फ्लैट खरीदारों के लिए राहत की खबर है कि जल्द उनकी रजिस्ट्री शुरू होगी। दोनों सोसायटी के बिल्डरों ने अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें मान लिया है, बकाए का 25 प्रतिशत राशि नोएडा प्राधिकरण में जमा करा दी है। इसके बाद प्राधिकरण ने बिल्डरों को जीरो पीरियड का लाभ दे दिया है। नोएडा प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि अमिताभकांत समिति की सिफारिशों पर फ्लैट खरीदारों के लिए आयी जीरो पीरियड पालिसी से दो और सोसायटी में रजिस्ट्री का रास्ता खुला है। सेक्टर-78 की महागुन मजारिया व सेक्टर-137 की पारस टियरा सोसाइटी में अब रजिस्ट्री शुरू होंगी। बिल्डरों ने बकाये का 25 प्रतिशत प्राधिकरण में जमा कर दिया है। दोनों परियोजनाएं जीरो पीरियड पालिसी में शामिल हो गई हैं। प्राधिकरण ने दोनों सोसायटी में रजिस्ट्री कराने के शिविर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। महागुन मजारिया के करीब 300 तो पारस टियरा में 50 रजिस्ट्री पहले चरण में करवाई जाएगी। इन दोनों सोसाइटी के फ्लैट खरीदार लंबे समय से रजिस्ट्री के इंतजार में थे। महागुन मजारिया सोसायटी के प्लाट पर प्राधिकरण का करीब 40 करोड़ रुपए बकाया था। इसमें 10 करोड़ रुपए बिल्डर ने जमा कर दिए हैं। पारस टियरा सोसायटी के बिल्डर की तरफ से भी 25 प्रतिशत की धनराशि जमा कर दी गई है। पालिसी के तहत अब तक 33 परियोजनाओं में 2450 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। बता दें कि जीरो पीरियड पॉलिसी दिसम्बर-2024 में आई थी। इसमें बिल्डरों को एक अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया गया है।

उवाच "

निवेशकों की मांग और निवासियों की जरूरत को देखते हुए सेक्टरों में व्यावसायिक भूखंडों की योजना को लॉन्च किया गया है। सभी सेक्टरों में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित जमीन को योजनाओं में शामिल किया जा रहा है। इन भूखंडों पर व्यवसायिक गतिविधियां शुरू होने से आसपास के निवासियों की रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा सकेगा : **प्रेरणा सिंह, एसीईओ।**

# कैपिटल ज़ोन

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से टिकट बुकिंग मार्च में होगी शुरू

### एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद ही यात्रियों के लिए खुलेगी टिकट बुकिंग

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल में व्यवसायिक उड़ाने शुरू हो जाएगी। टिकट की बुकिंग अब मार्च से शुरू होने की उम्मीद है। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद ही डीजीसीए ने टिकट बुकिंग शुरू करने का निर्देश जारी किया है। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एयरोड्रम लाइसेंस के लिए महानिदेशालय नागर विमानन में आवेदन कर दिया है। उम्मीद है कि मार्च में एयरोड्रम लाइसेंस का लाइसेंस मिल जाएगा। इसके बाद व्यवसायिक विमानों के लिए टिकट शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट से पहले दिन से ही 30 फ्लाइट शुरू होने की उम्मीद है जिसमें 3 अंतरराष्ट्रीय और 25 घरेलू सेवाएं शामिल हैं। यापल ने फ्लाइट शिड्यूलिंग के लिए वैमानिकी सूचना प्रकाशन का ड्राफ्ट डीजीसीए को दिसंबर में भेज दिया है।



- केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने लोकसभा में नोएडा एयरपोर्ट अप्रैल से शुरू होने की दी जानकारी
- प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मांगा समय

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल में व्यवसायिक विमानों के उड़ान शुरू हो जाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए समय मांगा है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने का समय तेजी से नजदीक आ रहा है। दिसम्बर में सफल वैलिडेशन फ्लाइट के बाद एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया है। इसके साथ ही फ्लाइट शिड्यूलिंग के लिए भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। महानिदेशालय को वैमानिकी सूचना प्रकाशन का ड्राफ्ट महानिदेशालय नागर विमानन को भेजा गया है। इसके प्रकाशन के साथ ही दुनिया में एविएशन के मानचित्र पर नोएडा एयरपोर्ट की डीएक्सएन कोड के साथ पहचान अंकित हो जाएगी।

पहले दिन से 30 फ्लाइट शुरू होने की संभावना एयरपोर्ट शुरू होने के पहले दिन से 30 फ्लाइट शुरू होने की संभावना है। इसमें ज्यूरिख, सिंगापुर व दुबई के अलावा 25 घरेलू सेवा होगी। दो कार्गो सेवा भी पहले दिन से शुरू होगी। हालांकि फ्लाइट शिड्यूलिंग के साथ फ्लाइट संख्या व गंतव्य में भी बदलाव हो सकता है।

नोएडा एयरपोर्ट का 78 फीसदी से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। रनवे और एटीसी टॉवर बनकर तैयार हो गया है। टर्मिनल बिल्डिंग में फलोर का काम पूरा हो गया है, जबकि छत का काम चल रहा है। टर्मिनल में एयरोब्रिज लगाने का भी काम शुरू हो गया है। करीब दस एयरोब्रिज लगाने का काम भी मार्च तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा एयरपोर्ट के रनवे का सफल ट्रायल हो चुका है। दिसम्बर में इंडिगो के एयर 300 विमान ने रनवे पर लैंडिंग कर डाटा एकत्र किया। साथ ही हवा में रडार सिस्टम समेत अन्य उपकरण की जांच कर रिकार्ड तैयार किया गया था। जिसे डीजीसीए के पास भेजा जा चुका है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विमानन सेवा के लिए एयर इंडिया, इंडिगो, आकासा सहित अन्य कंपनियों के यापल समझौता कर चुका है। अन्य कंपनियों के साथ समझौते की प्रक्रिया चल रही है।

## पतंजलि ग्रुप यीडा में करेगा अत्याधुनिक डेयरी प्लांट व औद्योगिक प्रमोशन हब स्थापित

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। पतंजलि ग्रुप यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अत्याधुनिक डेयरी प्लांट और औद्योगिक प्रमोशब हब स्थापित करेगा। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह से मुलाकात की। जहां उन्होंने पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क की आगामी योजनाओं पर चर्चा की। पतंजलि ग्रुप को यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने सेक्टर-24 ए में 2016 में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क को भूखंड आवंटित किया है। बालकृष्ण सीईओ से मुलाकात करने से पहले सेक्टर-24ए का दौरा कर साइट का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह प्रमुख परियोजना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है। इस पार्क में एक अत्याधुनिक डेयरी प्लांट और औद्योगिक प्रमोशन हब स्थापित किया जाएगा, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



- पतंजलि ग्रुप के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने यीडा सीइओ से की मुलाकता
- पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क में होगा 1600 करोड़ का निवेश और 3000 लोगों को मिलेगा रोजगार

**फूड एंड हर्बल पार्क में होगा 1600 करोड़ रूपए का निवेश**

इस मौके पर आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह औद्योगिक पार्क 1,600 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' अभियान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'इन्वेस्ट यूपी' मिशन के अनुरूप है। पूरी तरह से कार्यशील होने पर, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क से 3,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

पतंजलि ग्रुप पहले से ही एक औद्योगिक पार्क विकसित कर रहा है, जहां छोटे और मध्यम आकार के उद्योगों (एमएसएमई) को सब-लीज के माध्यम से औद्योगिक स्पेस उपलब्ध कराया गया है। आगामी फूड एंड हर्बल पार्क इस पहल को और मजबूती देगा, जिससे एफएमसीजी, आयुर्वेद, डेयरी और हर्बल उद्योगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और स्थानीय स्तर पर औद्योगिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

औद्योगिक पार्क का दौरा करने के बाद, आचार्य बालकृष्ण उद्योग जगत के विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ यमुना प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने यीडा अरुणवीर सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान सीईओ अरुणवीर सिंह ने यीडा क्षेत्र में हो रहे औद्योगिक विकास को लेकर अपनी सकारात्मक सोच और प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं को समर्थन देना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना यीडा की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास को संतुलित और समावेशी रूप से आगे बढ़ाने के लिए सभी परियोजनाओं की कड़ी निगरानी की जाएगी, जिससे स्थानीय व्यापारियों और उद्योगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 28 व्यवसायिक भूखंडों की निकाली योजना

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने व्यवसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च की है। योजना में शामिल 28 भूखंडों के लिए मंगलवार से ही पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शहर के अलग-अलग सेक्टरों में स्थित भूखंडों का आकार 1500 से लेकर 20 हजार वर्गमीटर है। आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। आवंटन के एक माह के भीतर कब्जा दे दिया जाएगा। बहुमंजिला व्यवसायिक इमारतों के बनने से निवासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में सुविधा हो जाएगी। आवासीय सेक्टरों में व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सभी सेक्टरों में व्यवसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर 28 भूखंडों की योजना लॉन्च की है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि 4 फरवरी से योजना के भूखंडों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना में शामिल भूखंड सिग्मा-2, ईटा-1, तुगलपुर हल्दौना नॉलेज पार्क-3, चाई फाई एक्सटेंशन, जीटा-1, सेक्टर-10, 12 ग्रेटर नोएडा वेस्ट, इकोटेक-1 एक्सटेंशन, डेल्टा-2 आदि सेक्टरों में स्थित हैं, जो 1500 वर्गमीटर से लेकर 20 हजार वर्गमीटर तक के हैं। सबसे ज्यादा 9 भूखंड सेक्टर इकोटेक-1 एक्सटेंशन में हैं। योजना में पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी है। आरक्षित मूल्य की 10 फीसदी प्रोसेसिंग फीस और कागजत जमा करने की अंतिम तारीख 27 फरवरी है। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के के माध्यम से जाएगा। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक आवेदन से लेकर आवंटन तक की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी।

- योजना में 1500 से 20 हजार वर्गमीटर तक के भूखंड अलग-अलग सेक्टरों में स्थित हैं
- पंजीकरण की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू अंतिम तिथि 24 फरवरी
- ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे भूखंड

एसीईओ प्रेरणा सिंह का कहना है कि निवेशकों की मांग और निवासियों की जरूरत को देखते हुए सेक्टरों में व्यावसायिक भूखंडों की योजना को लॉन्च किया गया है। सभी सेक्टरों में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित जमीन को योजनाओं में शामिल किया जा रहा है। इन भूखंडों पर व्यवसायिक गतिविधियां शुरू होने से आसपास के निवासियों की रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा सकेगा।

## दिल्ली के मतदाता को आज मिलेगा सवेतनिक अवकाश

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के ऐसे मतदाता जो जनपद में कार्यरत/सेवारत है, उन्हें 5 फरवरी 2025 को दिल्ली में होने वाले मतदान दिवस पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख के अंतर्गत सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2025 हेतु मतदान दिवस 5 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के निवासी जो राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के मतदाता है और जिला गौतमबुद्धनगर में कार्यरत/सेवारत है, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135ख के प्रावधानों के अन्तर्गत सवैतनिक अवकाश अनुमन्य किया जाता है तथा जिले के समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि आपके कार्यालय/विभाग में ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के निवासी या मतदाता है और जनपद गौतमबुद्धनगर में कार्यरत/सेवारत है उनको सवैतनिक अवकाश अनुमन्य करना सुनिश्चित करें।

## नैक निरीक्षण समिति के सदस्य डॉ. मानस मिश्रा निलंबित



**डॉ. मानस कुमार मिश्रा से जुड़े विवाद पर जीएल बजाज ने दिया स्पष्टीकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के दस सदस्यीय टीम को सीबीआई ने रिश्वत लेने के मामले में गिफ्तार किया था, जिसमें जीएल बजाज संस्थान के निदेशक मानस मिश्रा भी शामिल थे। संस्थान के चेयरमैन ने प्रेस वार्ता कर स्पष्ट किया है कि जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट स्पष्ट रूप से यह घोषित करता है कि डॉ. मानस कुमार मिश्रा और एनएएसी (नैक) में संस्थान की कोई भी भूमिका नहीं है। संस्थान की साख और नैतिक मूल्यों को बनाए रखते हुए, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने तत्काल प्रभाव से डॉ. मानस कुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया है।

संस्थान के सुचारू संचालन और प्रशासनिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु प्रोफेसर आर.के. मिश्रा को कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया है। जीएल बजाज संस्थान के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट हमेशा पारदर्शिता, अकादमिक उत्कृष्टता और नैतिक प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि तथ्यों पर विश्वास करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी को न फैलाएं। नैक रिश्वत मामले में सीबीआई की टीम ने 1 फरवरी को नैक टीम के सदस्यों के स्थान में छापेमारी की थी, जिसमें टीम जीएल बजाज संस्थान में पहुंचकर निदेशक के कार्यालय से दस्तावेज एकत्रित किया था।

## किसानों के खेतों से 14 इंजन चोरी

**रबूपुरा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खेतों पर सिंचाई के लिए रखे दर्जन से अधिक डीजल इंजनों से उनके पाट्र्स चोरी कर लिए गए। पीड़ित किसानों ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। उधर पुलिस मामले की जानकारी से इंकार कर रही है। किसानों का आरोप है कि इससे पहले भी खेतों पर रखे डीजल इंजन व विद्युत मोटर चोरी होने के दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन पुलिस अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। रविवार की रात्रि कस्बा रबूपुरा निवासी किसान संजीव सिंह व सरफराज खान के खेत पर लगे डीजल इंजन से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। सोमवार सुबह जब संजीव सिंह व सरफराज खेतों पर पहुंचे तो चोरी का पता चला। बाद में पता चला कि, चोर अमर सिंह, जयप्रकाश, बाबू, रामनिवास, मेघराज, अशोक, पप्पू, बंटी निवासी गांव उटरावली और नरसिंह गांव आछेपुर के खेतों पर लगे 12 डीजल इंजनों से भी सामान चोरी कर ले जा चुके हैं। पूर्व में राजकीय नलकूप की पाइप समेत डीजल इंजन व विद्युत मोटर चोरी की अनेकों घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन चोरों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की उदासीनता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं और वह निरंतर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## छात्रों को वेब डेवलपमेंट व प्रोग्रामिंग की दी गई जानकारी



**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्लेसमेंट सेल द्वारा कोडिंग ब्लॉक्स के सहयोग से वेब डेवलपमेंट और प्रॉब्लम सॉल्विंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का नेतृत्व आईआईटी रुड़की के पूर्व छात्र और विशेषज्ञ प्रशिक्षक, श्री कनक गौतम ने किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. सोमेंद्र शुक्ला ने कनक गौतम को उनके ज्ञानवर्धक सत्र के लिए सम्मानित किया। कार्यशाला के दौरान, उन्होंने बी.टेक के प्रारंभिक चरण में ही वेब डेवलपमेंट सीखने के महत्व पर जोर दिया और डेटा स्ट्रक्चर्स और एल्गोरिदम को प्रोग्रामिंग का आधार बताया। उन्होंने छात्रों के लिए एक विस्तृत रोडमैप भी प्रस्तुत किया, जिससे वे विभिन्न कोडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने कोडिंग कौशल को बेहतर बना सकते हैं। यह कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक और इंटरएक्टिव रही, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।


**नाम परिवर्तन**

मैं, विष्णु शर्मा पुत्र श्री कालीचरन शर्मा, निवासी फ्लैट नं0-1304 एल्डिको ग्रीन मीडोज सिटाडेल बिल्डिंग, पॉकेट सी, सैक्टर-पाई, ग्रेटर नोएडा, कासना, गौतमबुद्धनगर नगर मैं भविष्य के सभी प्रयोजनों के लिए मैंने अपना नाम बदलकर विष्णु कुमार शर्मा रख लिया है।


## एनपीसीएल दफ्तर का किसानों ने किया घेराव

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। किसान संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता जिसमें खेड़ी भनौता के ग्रामीणों की भारी संख्या में एनपीसीएल के तुगलपुर दफ्तर पर एकत्रित हुए, नारेबाजी करते हुए दफ्तर का घेराव करते हुए धरने पर बैठ गए एनपीसीएल अधिकारियों की ओर से वार्ता के प्रस्ताव पर 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की। वार्ता में एनपीसीएल अधिकारियों ने खेड़ी गांव में संतराज के परिवार के साथ की गई बदतमीजी के संबंध में बिठाई गई। जांच के आधार पर 12 फरवरी तक कार्रवाई का आश्वासन दिया है, अन्य मुद्दों जिसमें फिक्स कनेक्शन को जारी रखने, एक मस्त समाधान करने एवं चोरी के नाजायज मुकदमों को रद्द करने पर कोई सहमति नहीं बन सकी। इसमें आगे 13 तारीख को पुन: वार्ता होनी है। वार्ता के नतीजे से उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने अवगत कराया कि वार्ता के मुख्य मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी है। इसलिए 13 फरवरी के आंदोलन के लिए तैयारी करें। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली कंपनी झूठी बेईमान है आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं है दिन-रात के आंदोलन की तैयारी करो। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि लड़ाई आर पार की होनी है पक्का मोर्चा लगाएंगे सभी साथी रात दिन के धरना प्रदर्शन की तैयारी के साथ आएंगे। धरना प्रदर्शन में शेरू, गुरप्रीत एडवोकेट, सतीश कनारसी, विक्रम, मुकेश, मटोल, सतीश नेताजी, डॉक्टर जगदीश, अजीत एडवोकेट, सत्येंद्र, संतराज आदि लोग उपस्थित रहे।



- किसानों व एनपीसीएल अधिकारियों से हुई वार्ता रही बेनतीजा


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## विश्व कैंसर दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों को किया गया जागरुक

### यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर जागरूकता सत्र एवं स्क्रीनिंग कैंप आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। विश्व कैंसर दिवस 2025 के अवसर पर, यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ओमेगा-1 ने विशेष कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया। सत्र में कैंसर की शीघ्र पहचान, रोकथाम और सतर्कता के उपायों पर जोर दिया गया। इस कैंप में महिलाओं के लिए मैमोग्राफी स्क्रीनिंग, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम और प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी देने वाले सत्रों के साथ व्यक्तिगत परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं, पुरुषों के लिए पूर्ण कैंसर स्क्रीनिंग, विशेष रूप से प्रोस्टेट कैंसर पर केंद्रित जांचें की गईं। कैंप में ग्रेटर नोएडा के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और वरिष्ठ नागरिक समाज समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ 'यूनाइटेड बाय यूनिक' थीम के तहत आयोजित यह कैंप कैंसर से लड़ने के लिए जागरूकता, स्क्रीनिंग और समय पर विशेषज्ञ परामर्श को बढ़ावा देने के वैश्विक अभियान के अनुरूप था। कैंप के दौरान प्रतिभागियों ने कैंसर की रोकथाम, निदान और उपचार विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। अस्पताल ने विशेष कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज भी लॉन्च किए और प्रत्येक प्रकार के कैंसर के महत्व का प्रतीक अलग-अलग रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। विशेषज्ञ पैनल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. राघव केसरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. प्रवीन मेंदिरत्ता और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. संजीव तुली शामिल थे। इन विशेषज्ञों ने कैंसर के जोखिम कारकों, लक्षणों, जीवनशैली में बदलावों और शीघ्र निदान के महत्व पर गहन चर्चा की। उन्होंने कैंसर से जुड़े मिथकों को तोड़ते हुए इस बात पर जोर दिया कि समय पर जांच और उपचार से कैंसर के जीवित रहने की दर में सुधार किया जा सकता है। यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के ग्रुप सीईओ अमित सिंह ने कहा कि हमें यथार्थ हॉस्पिटल में नवीनतम और उन्नत रोबोटिक तकनीक को पेश करने की खुशी है, ताकि मरीजों का इलाज सबसे बेहतरीन और नई तकनीकों के साथ किया जा सके। समय के साथ, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि नई-नई तकनीकों को शामिल कर मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार प्रदान करें और चिकित्सा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करें। यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के प्रवक्ता ने कहा कि कैंसर आज भी वैश्विक स्तर पर मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता और शिक्षा अत्यंत आवश्यक हैं।



## भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

**जेवर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। कस्बे के मुख्य चौराहे के समीप खुर्जा रोड पर मंगलवार को भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों व्यापारियों व उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानक व गुणवत्ता के विषय में जानकारी प्रदान की गई। खाद्य पदार्थो का निर्माण करने वाले व बिक्री करने वाले व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने की अपील की गई। खाद्य विभाग की टीम द्वारा कस्बे में विभिन्न दुकानों से पन्द्रह खाद्य सामिग्री के नमूने संग्रह कर मोबाईल लैब के माध्यम से जांच की गई। खाद्य निरीक्षक सैयद इबादुल्ला ने व्यापारियों व उपभोक्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, भोजन के लिये विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करना, खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित करना, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और संवर्धन करने के कार्य किये जाते हैं जिससे बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने खाद्य पदार्थो का निर्माण करने वाले व बिक्री करने वाले सभी व्यापारियों से एफएसएसएआई में पंजीकरण कराने तथा उन्हें रिन्यूवल कराने की अपील की। इस दौरान विभागीय टीम द्वारा बाजार में खाद्य सामिग्री की दुकानों से 6प्रकार की मिठाईयों, दो हल्दी, 1काली मिर्च, दो पिसी मिर्च, एक खडा मसाला, एक टाटा नमक व एक चाय पत्ती के नमूने संग्रह कर उनकी मोबाइल लैब में जांच की गई। इस मौके पर सैकडों व्यापारी व उपभोक्ता मौजूद रहे।



## संदिग्ध अवस्था में युवक लापता



**दनकौर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के रोशनपुर गांव से 29 वर्षीय अरुण नाम का एक युवक संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। जिनके परिजनों ने कोतवाली में मंगलवार को गुमशुदगी दर्ज कराई है। अभय ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनका भाई अरुण 1 फरवरी से घर से लापता है। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं चल पाया है। जिसके चलते उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि जल्द ही युवक का सुराग लगा लिया जाएगा।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न०-01, सेक्टर-के०पी०-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-2-G-303, 3rd Floor, सैक्टर-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल 87.61 वर्ग मीटर, Lt, Col, Sandeep Chaudhary S/o Shri B.R. Chaudhary & Mrs. Aruna Chaudhary W/o Lt.Col. Sandeep Chaudhary के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Lt.Col. Sandeep Chaudhary की मृत्यु दिनांक 31.08.2017 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आंवटी Smt. Aruna Chaudhary W/o Late Sh. Sandeep Chaudhary ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Lt. Col. Sandeep Chaudhary के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Smt. Aruna Chaudhary W/o Late Sh. Sandeep Chaudhary के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 5 फरवरी 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल गांधी का ऐतिहासिक भाषण

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार 3 फरवरी को सदन में एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसमें आधुनिक विश्व में भारत को आगे ले जाने का पूरा खाका उन्होंने खींच दिया। लगभग पौन घंटे के भाषण में राहुल गांधी ने एक साथ कई पहलुओं को छुआ। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता, चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना, इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकों को अपनाना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम की कमियों को दूर करना और इसके साथ लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के उपाय, सब कुछ राहुल गांधी के भाषण में समाहित था।

संसद के पिछले कई सत्रों में राहुल गांधी को आक्रामकता के साथ भाषण देते देखा गया है, खास कर नेता प्रतिपक्ष बनने या उससे पहले पिछली सरकार में जब उनकी संसद सदस्यता फिर से बहाल हुई थी, तब अडानी, हिंदुत्व, संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमले, जातिगत जनगणना ऐसे कई मुद्दों पर राहुल गांधी तीखे तेवर के साथ भाषण देते थे। उनके भाषण अक्सर हिंदी में होते थे, जिसमें सत्तापक्ष काफी टोका-टाकी और व्यवधान डालने की कोशिश करता था। लेकिन इस बजट सत्र में राहुल गांधी का एकदम अलग अंदाज नजर आया। उन्होंने न अपनी आवाज ऊंची की, न वे कहीं विचलित होते हुए दिखे। राहुल गांधी ने भाषण की शुरुआत में ही अपना चुटीला अंदाज भी दिखाया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने जब उनका नाम लिया, लेकिन कैमरे में नेता प्रतिपक्ष नजर नहीं आए, तो उन्होंने थोड़ा रुककर इंतजार किया कि कैमरा उनकी तरफ घूमे और जब कैमरा उनकी तरफ आया तो उन्होंने ओम बिड़ला और कैमरा को मुस्कुराते हुए डबल थैंक्यू कहा, इस तरह राहुल गांधी ने दिखा दिया कि अब उन्हें उपेक्षित करने की मोदी सरकार की कोशिश कामयाब नहीं होगी। अपने पूरे संबोधन में राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के लिए एक स्पष्ट रणनीति, एक सधी हुई भाषा-शैली और एक परिपक्व सोच का परिचय दिया।

सरकार पर हमला या हल्ला बोलने की जगह इस बार उन्होंने सरकार की कमियां दिखाईं, और उन्हें दूर करने ठोस व रचनात्मक सुझाव भी दे दिए। नेता प्रतिपक्ष ने डेटा, उत्पादन और एआई समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से कहा कि आपको डेटा पर काम करना चाहिए। हमारे पास प्रोडक्शन (उत्पादन) और कंजप्शन (खपत) तक किसी का भी डेटा नहीं है। अगर हमारे पास डेटा होता तो हमारे विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री के निमंत्रण के लिए तीन बार अमेरिका नहीं जाना पड़ता। उनके इस बयान पर संसदीय कार्यमंत्री ने फौरन ऐतराज जताया, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इस बात के लिए राहुल गांधी की निंदा कर रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी से पहले निमंत्रण का मुद्दा सुब्रमण्यम स्वामी उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें कभी कुछ नहीं कहा। जहां तक राहुल गांधी के बयान का सवाल है, तो यह उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि अगर आज भारत तकनीकी तौर पर चीन जितना सक्षम होता तो अमेरिका के आगे कमजोर महसूस नहीं करना पड़ता। और आज की यह कड़वी हकीकत भी है, जिससे केंद्र सरकार मुंह चुरा रही है। यह तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को खुद फोन कर न्यौता दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बुलाया था। और जब श्री मोदी ने अपने दोस्त ट्रंप को बधाई दी और आपसी सहयोग की बात की, उसके बाद ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों की पहली खेप सैन्य विमान में बिठाकर रवाना कर दी। यहां सीधे-सीधे भारत को अपमानित किया गया, लेकिन सरकार इस पर कुछ नहीं कह रही।

बहरहाल, अपने संबोधन में राहुल गांधी ने देश में हुई अहम क्रांतियों का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की अपने पिता द्वारा शुरू की जा रही कंप्यूटर क्रांति का विरोध किए जाने का जिक्र भी किया, लेकिन साथ ही यह कहना नहीं भूले कि वह वाजपेयी का बेहद सम्मान करते हैं। यानी राहुल गांधी कहीं से भी सरकार से तकरार करने की मुद्रा में नहीं दिखे। जैसे महाराष्ट्र के नतीजों का जिक्र करते हुए जब उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए तो कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख नए वोटर जोड़े गए। महाराष्ट्र में जितने पांच साल में जुड़े, उससे ज्यादा आखिरी पांच महीने में जोड़े गए। शिर्डी की एक बिल्डिंग में सात हजार नए वोटर जुड़े। उन्होंने कहा कि मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं, सिर्फ ये कह रहा हूं कि कुछ ना कुछ दिक्कत है। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया और यह भी माना कि यूपीए सरकार में भी पर्याप्त काम नहीं हुआ था। यानी नेता प्रतिपक्ष ने केवल एनडीए की गलतियां नहीं गिनाईं अपने दोष भी माने। कुल मिलाकर राहुल गांधी एक दूरदृष्टा के तौर पर सामने आए, जिन्हें देश के बुनियादी मुद्दों की समझ है और समस्याओं के समाधान भी उनके पास हैं।

राहुल गांधी के इस शानदार भाषण के बाद उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसी तरह का उच्च स्तरीय जवाब देंगे, लेकिन उनके भाषण ने फिर निराश किया, क्योंकि वे पूरे वक्त कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना या अपनी वाहवाही में लगे रहे। राहुल गांधी के पिछले दिनों दिए गए भाषणों और बयानों पर ही प्रधानमंत्री जवाब देते रहे। फिर चाहे वह इंडियन स्टेट से लड़ाई की बात हो, राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहने वाली टिप्पणी हो या बजट पर राहुल गांधी की बैंडेड वाली प्रतिक्रिया हो। नरेन्द्र मोदी उसी में उलझे रहे। अपने भाषण में श्री मोदी ने गांधी परिवार पर भी निम्न स्तरीय हमला किया। उन्होंने कहा कि आज किसी एस टी परिवार के तीन सदस्य संसद में नहीं हैं, इस तरह प्रधानमंत्री ने गांधी परिवार से तीन सांसदों के होने पर भी निशाना साधा, जबकि इन तीन में से दो, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को तो सीधे जनता ने निर्वाचित किया है और सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। लेकिन श्री मोदी पर गांधी परिवार का खौफ इतना है कि वो अब जनता के फैसलों पर भी सवाल उठा रहे हैं। हालांकि उनसे उम्मीद इस बात की है कि वे विपक्ष द्वारा जनता के लिए उठाए गए सवालों पर जवाब दें।

# अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना

भारत ने अपनों की लाशों पर बैठकर अघोर-साधना सीख ली है। जिस सियासत को भारत की करूणा और संवेदना के परम्परागत मूल्यों को आगे बढ़ाना था, उसने सभी को विकास के रास्तों की बजाये सूने श्मशानों की ओर मोड़ दिया है जहां हमारे मूल्यों की लाशें जल रही हैं। सत्ता मज़े से इन चिताओं की आग तापती है और उनके ठंडे होने पर उसकी राख शरीर पर मलकर संन्यासी का रूप धारण कर सम्मान बटोर रही है। देश में चल रही यह अघोर-साधना कुछ दलों को तो तात्कालिक लाभ पहुंचा सकती है पर यकीन मानिये, यह एक दिन पूरे देश को श्मशान में बदलकर रख देगी जिसमें सतत चिताएं जलेंगी और उनमें अघोरियों का राज होगा।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में 29 व 30 जनवरी की दर्मियानी रात को हुई भगदड़ में लोगों के कुचले जाने के बाद जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर तो कम से कम यही कहा जा सकता है। बेशक, भारत हादसों का देश है जहां प्रकृतिजन्य हों या मानव जनित, नाना प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। देशवासियों के जेहन में अनेक ऐसे हादसे हैं जिनमें न जाने कितने लोगों ने जानें गंवाईं या घायल हुए हैं; और यह कोई आज की बात नहीं है, लेकिन ऐसे किसी भी हादसे पर यह देश न तो मुस्कुराता था, न हंसता था, न अट्टहास करता था। नयी बात यह है कि भारतीय समाज की संवेदना का तत्व भाप बनकर उड़ गया है। अब उसे किसी भी दुर्घटना पर गम नहीं होता। पुलों के गिरने से लोग मरें चाहें बाढ़ में बह जायें, एक के बाद एक ट्रेनें पलटती जायें या भीड़ में लोग दब जायें, कोरोना में जनता मारी जाये या नावें डूब जायें- अब वह न संवेदना प्रकट करता है और न ही उसकी करूणा जागती है- वह उसमें धर्म, जाति, सम्प्रदाय और राजनीति का एंगल ढूंढ़ता है। किसी भी दुखद घटना पर पहले भारत बिलखता था, पर अब बड़ी से बड़ी त्रासदी को वह टॉनिक की तरह पीता है और ताकत बटोरता है। बस, यही नया भारत है! यही उसकी अघोर साधना है जिसमें वह राजनीति के पंच-मकार का सेवन कर रहा है। छल-प्रपंच वाली सियासत का मल-मूत्र हो या जनता का मांस, सत्ता की मदिरा हो या फिर अपवित्र सियासी गठबन्धनों से मिलने वाला मैथुन सा सुख- उसके लिये अब कुछ भी वर्जित नहीं रहा।

वर्तमान राजनीति का सबसे दुखद पहलू यह है कि देश को यत्नपूर्वक करूणा और संवेदना की उस उदात्त परम्परा से अलग किया जा रहा है जिसके कारण भारत का दुनिया भर में मान है। यह सम्मान ढाई हजार साल पहले गौतम बुद्ध और महावीर ने देश के लिये आविष्कृत किया था। जब उसे भारत भूलता जा रहा था तो महात्मा गांधी एक रिमाइंडर की तरह आये जिन्होंने इसी रास्ते पर चलते हुए दुरूह किस्म की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। एक तरफ आजादी का संघर्ष चलता रहा तो दूसरी ओर संवेदना और उससे ऊपजे समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता सदृश्य मूल्यों को भी भारत ने संजोये रखा था। आजादी के बाद हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने जिन मूल्यों पर देश के नवनिर्माण का ब्लू प्रिंट तैयार किया उनमें सत्य व अहिंसा के साथ स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद जैसे तत्व प्रमुख थे जो अंतत: संवेदना-करूणा पर ही आधारित होते हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> यहदरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया।

यह दरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया। इसी मार्ग पर चलकर भारत ने जो प्रगति की उससे साबित हुआ कि ये मूल्य भौतिक जीवन को भी बेहतर बनाने में मददगार हैं। इसके पीछे एक और बड़ा कारण यह भी है कि हमारे राजनीतिक पुरखे देश को आधुनिक बनाना चाहते थे और आधुनिकता की सबसे बड़ी पहचान संवेदनशीलता है। औद्योगिक क्रांति के साथ प्रारम्भ नवयुग के दौरान हुए अनेक दार्शनिकों, विचारकों एवं सुधारवादी नेताओं ने समाज और व्यवस्था को मानवीय चेहरा पहनाने के जो उपक्रम किये, वही देश में संवेदना की विस्तार यात्रा है और निरंतरता भी। मानवीय संवेदना को संरक्षित रखने और विकसित होने के लिये विशिष्ट सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता होती है। राजतंत्र, सामंती व्यवस्था या तानाशाही- ये सारी प्रणालियां संवेदना शून्य होकर ही स्थापित होती हैं और निष्ठुर होकर काम करती हैं। हिंसक गतिविधियां, अमानवीयता, निर्ममता, शोषण, उत्पीड़न और विरोधियों का दमन इनके पाये होते हैं। स्पष्ट है कि जिस व्यवस्था में लोकतंत्र रहेगा वहीं मानवीय संवेदनाएं संरक्षित-संवर्धित हो सकती हैं और जनता द्वारा उसकी मांग भी सम्भव है। इसी शासन प्रणाली में एक संवेदनशील समाज निर्माण की सर्वाधिक सम्भावनाएं होती हैं।

दुर्भाग्य से कुछ शक्तियों का रास्ता इस वैचारिकी से अलग है। अनेक संगठन एवं व्यक्ति ऐसे हैं जिनके लिए उदाता का मतलब कमजोरी है। अहिंसा उनके लिये कायरता, समानता अवांछनीय, धर्मनिरपेक्षता तुष्टिकरण तथा बन्धुत्व अस्वीकार्य है। पिछले दशक भर से हमारे लोकतांत्रिक जीवन के सारे ही कोमल तत्व सुनियोजित तरीके से समाप्त किये जा रहे हैं। माना यह जाने लगा है कि देश केवल बहुसंख्यकों की मर्जी से ही चलेगा तथा अल्पसंख्यकों का दर्जा दोयम नागरिकों का रहेगा। देश में दो तरह के कानून चलेंगे। शक्तिशाली व सत्ता से जुड़े लोगों के लिये अलग तथा वंचितों व कमजोर लोगों के लिये अलहदा। कहने को तो देश में संविधान और कानून है लेकिन वह सबके लिए बराबर है, अब यह कोई नहीं कह सकता। देश अब चंद लोगों के हाथों में है जिसका संचालन अब कार्पोरेट लॉबी करती है। सारी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक व्यवस्थाएं केंद्रीकृत हो गयी हैं। इस व्यवस्था को बनाने के लिये राज्य आधारित हिंसा तथा प्रशासकीय क्रूरता ज़रूरी होती है तथा ऐसी जनता तैयार की जाती है जो संवेदनहीन हो। धर्मांधता, जातीयता और साम्प्रदायिकता जब बढ़ती है तो परस्पर नफ़रत और घृणा में भी इज़ाफ़ा होता है। इन सबका उत्स और केन्द्र सत्ता होती है, अत: इस मानसिकता के साथ तैयार हुई जनता यह मान लेती है कि जो नज़रिया सत्ता का है, वही उसका भी होना चाहिये- यही देशभक्ति है, यही धर्म की सेवा है। अपनी शक्ति को बरकरार रखने के लिये सत्ताएं भी अपने समर्थकों को नफ़रती व हिंसक बनाती हैं; और इस प्रक्रिया की शुरुआत संवेदनहीनता से होती है।

पिछले दशक भर का इतिहास देखें तो बलात्कारियों के स्वागत से लेकर उनके साथ खड़े होने और उनका समर्थन देने का रहा है। कोरोना में न जाने कितने लोग नदियों में बहा दिये गये या रेत में दफ़न हुए- नागरिक सवाल पूछने की बजाये सत्ता के साथ रहे। अब महाकुम्भ की त्रासदी में अपने ही देश के नागरिकों की मौत पर लोग संजीदा न होकर उसमें राजनीतिक एंगल खोज रहे हैं। कोई बाबाजी कहते हैं कि यहां मरने से मोक्ष मिलेगा तो कोई सवाल करने वाले शंकराचार्य को अपशब्द कह रहा है। संवेदना ही पशुता और मानवता के बीच की विभाजन रेखा खींचती है। भारत की विश्व भर में इसी मूल्य के कारण बड़ी धाक है। यह दुखद है कि भारत इस मूल्य को क्षुद्र राजनीति के चलते त्याग रहा है। बगैर करूणा व संवेदना के भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ़ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं

■ अंजन रॉय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आठवें बजट के बारे में एकमात्र बड़ा विचार 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट की घोषणा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह 7 लाख रुपये की छूट सीमा से बहुत बड़ी छलांग है। हालांकि इसमें एक राजनीतिक पेंच है।

लेकिन एक तरह से यह दिल्ली बिजली शुल्क के बारे में आप की अवधारणा से उधार लिया गया है। यानी, अगर आय 12 लाख रुपये से एक रुपया ज़्यादा है, तो 4 लाख रुपये की आय से आगे कर की प्रगतिशील दर लागू होगी।

मान लीजिए, 12 लाख रुपये की आय में एक रुपया और जोड़ने पर, व्यक्ति को 4 लाख रुपये से ज़्यादा की आय पर प्रगतिशील पैमाने पर 5प्रतिशत की दर से कर देना होगा। संभवत:, यह उम्मीद करते हुए कि 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को पूरी कर छूट मिलेगी, सवाल यह है-'क्या इससे घरेलू मांग बढ़ेगी?' यह देखते हुए, वर्तमान आयकरदाताओं में से 85प्रतिशत को कर के भुगतान से छूट मिलनी चाहिए। सरकार इस बदलाव पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान देगी।

> सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

इसे मध्यम वर्ग का बजट कहा जा सकता है, जिसमें उच्च महत्वाकांक्षाओं और बयानबाजी की कमी है। यह राजकोषीय विवेक पर जोर देता है और निजी क्षेत्र के निवेश पर जोर देता है। कुल मिलाकर बजट रूढ़िवादी लगता है। बयानबाजी की कमी शेयर बाजार की धीमी प्रतिक्रिया में झलकती है।

उन्होंने 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग' को महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में देखा था। उन्होंने शुरू में ही अपना मूल उद्देश्य बताते हुए कहा था-'यह बजट विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार के प्रयासों को जारी रखता है'।

इस तरह, वह बढ़ती घरेलू मांग, घरेलू निजी निवेश और जमीनी स्तर पर घरेलू लघु और मध्यम उद्यमशीलता की उम्मीद कर रही थी। बजट ने लघु और मध्यम क्षेत्र को महत्व दिया है।

यह सर्वोत्कृष्ट आपूर्ति पक्ष अर्थशास्त्र है। इसका एक बेहतरीन उदाहरण तब था जब राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अमेरिकियों को बड़े कर कटौती की पेशकश की थी और वे मांग में भारी उछाल के साथ वापस आये और अमेरिकी आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया।

कुल मिलाकर, छूट में उछाल को छोड़कर, कराधान दरों को अछूता छोड़ दिया गया है। क्या निम्न और मध्यम वर्ग के लिए आयकर रियायत समग्र घरेलू मांग को बढ़ावा देगी और भारत को आगामी ट्रम्प स्टॉर्म टैरिफ और एक अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था से पार पाने में मदद करेगी?

31 जनवरी को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में, यह सवाल उठाया गया था और इसका उत्तर मांगा गया था। सर्वेक्षण ने तर्क दिया था कि वैश्विक स्थिति बिगड़ रही है या कम से कम वैश्वीकरण पीछे हट रहा है। इसलिए, घरेलू मांग को और बढ़ावा देने की आवश्यकता थी।

भारत मुख्य रूप से घरेलू मांग के दम पर बढ़ रहा है। निर्यात केवल अवशिष्ट हो सकता है। चीन को उम्मीद है कि घरेलू मांग बढ़ने से उसे राहत मिलेगी, जो उसे अब तक नहीं मिल पाई है। साथ ही, वित्त मंत्री ने भारत के निर्यात हितों की रक्षा करने की कोशिश की है। उन्होंने सीमा शुल्क दरों और ढांचे में कुछ बदलाव किये हैं, जिन्हें ट्रंप के अमेरिका से बाधाओं के खतरे के साथ सशर्त बातचीत के रुख के लिए शुरुआती रुख कहा जा सकता है।

करों को लेकर उत्साह को अलग रखते हुए, बजट भाषण कृषि क्षेत्र, यात्रा और पर्यटन, स्वास्थ्य और खनन के लिए कुछ छोटी-मोटी परियोजनाओं और प्रस्तावों की पुनरावृत्ति की तरह लग रहा था। अतिशयोक्ति न करते हुए, अंतत: यह फायदेमंद भी हो सकता है। कैसे?

वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र को विकास के पहले इंजन के रूप में महत्व दिया है। वित्त मंत्री ने मूल्यवर्धित कृषि को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है। मछली पालन, फल और सब्जियां तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को विकसित करने की कोशिश की गयी है। घरेलू उद्योग के लिए, बजट घरेलू मांग के सृजन पर अपनी उम्मीदें टिकाये हुए है, जो अकेले ही नये निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा दे सकता है। आखिरकार, अगर राजकोषीय घाटे को बनाये रखना है, तो सरकारी खर्च में वृद्धि नहीं हो सकती। बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं या अन्य सार्वजनिक निवेशों में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा नहीं की गयी है।

सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

हालांकि, ब्लॉक में एक नया बच्चा तथाकथित 'मॉड्यूलर परमाणु ऊर्जा संयंत्र' और इस प्रयास में निजी क्षेत्र की भागीदारी है। वह मोलर परमाणु संयंत्रों में अधिक उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का संकेत दे रही है। छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र एक प्रमुख खिलाड़ी हो सकते हैं।

यदि भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता में आगे बढ़ना है तो यह एक निर्णायक कारक हो सकता है। बिजली की आसान उपलब्धता के आधार पर एआई विकसित हो सकता है।

सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी पर भरोसा कर रही है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निवेश काफी आगे बढ़ाना जरूरी था। परन्तु सरकार ने बुनियादी ढांचे में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा करने में कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है।

सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4प्रतिशत पर रखा है, जबकि बजट अनुमान 4.8प्रतिशत था। यह मुख्य रूप से जीएसटी संग्रह में उछाल के कारण संभव हो सकता है। इस तरह के नियंत्रित घाटे से निजी क्षेत्र को धन जुटाने के लिए बड़ा अवसर मिलेगा। अंत में, हर बजट बड़ी घोषणा वाला नहीं हो सकता। यह बजट छोटे-छोटे कदमों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करता है ताकि एक बड़ी छलांग लगायी जा सके।



## ललित सुरजन की कलम से

### इस्लाम बनाम आतंकवाद

*'एक तो इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि दुनिया में धर्म के नाम पर राष्ट्रों का निर्माण कब कैसे हुआ। इतिहास में बहुत पीछे न जाकर बीसवीं सदी की ही बात करें तो ऐसा क्यों हुआ कि लगभग एक ही समय में धर्म पर आधारित दो देशों का उदय हुआ। मैं इस बात को कुछ समय पूर्व लिख चुका हूं कि इस्लाम पर आधारित पाकिस्तान और यहूदी धर्म पर आधारित इजरायल दोनों की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद हुई। इनके निर्माण की पृष्ठभूमि क्या थी? पाकिस्तान के बारे में भारतवासी बहुत कुछ जानते हैं। वे ये भी जान लें कि इजरायल की स्थापना में भी उन्हीं साम्राज्यवादी पश्चिमी ताकतों का हाथ था। हिन्दी में इस विषय पर बहुत कम लिखा गया है, लेकिन जिज्ञासु पाठक महेन्द्र कुमार मिश्र की पुस्तक फिलिस्तीन और अरब इसराइल संघर्ष पढ़ सकते हैं। अंग्रेजी समझने वाले पाठक गीता हरिहरन द्वारा संपादित पुस्तक फ्रॉम इंडिया टू पैलेस्टाइन -एसेज इन सॉलीडरीटी (भारत से फिलिस्तीन- एकजुटता में निबंध) पढ सकते हैं। इस्लाम की एक गंभीर अध्येता करेन आर्मस्ट्रांग ने इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर जितना खून- खराबा हुआ है उससे कई गुना अधिक हिंसा दूसरे कारणों से हुई है जिनमें एक कारण जनतंत्र की रक्षा करना भी गिनाया गया है।'*

**(अक्षर पर्व दिसंबर 2015 अंक की प्रस्तावना)**

## पावन प्रसंग

### दुख को अभिशाप न मानिए

मानव मन बड़ा संवेदनशील है। वह जहां प्रकृति के सौंदर्य को देखकर प्रसन्न हो उठता है वहीं सांसारिक क्लेशों से विक्षुब्ध भी हो जाता है तथा सोचता है कि सृष्टा की इस सृष्टि की इस अनुपम कृति में दुखों का प्रादुर्भाव कहां से हो गया? अनेकों व्यक्ति इसका समाधान अपनी बुद्धि के अनुसार जनम-जन्मान्तरों से संबंध जोड़ते हुए प्रस्तुत करते हैं। प्रचलित मान्यताएं भी यही है कि पूर्वजन्मों के संचित सुकर्म-दुष्कर्म ही बाद के जीवन में सुख-दुख की परिस्थितियों का सृजन करते हैं। भाव-अभाव, सांसारिक सुख-दुख एवं उपलब्धियों-कमियों के विषय में यह तथ्य पूर्णत: सत्य है। पौराणिक मान्यता है कि कर्मफल देने वाले देवता के यहां भाग्य की पुस्तक में सभी मनुष्यों के कर्म लिखे जाते हैं। इसी से स्वर्ग-नरक का निर्धारण होता है परंतु इससे भी अधिक मान्यता ऐसे सिद्धांत की है, जिसके अनुसार प्रत्येक कर्म का फल किसी न किसी प्रकार का संचित संस्कार बनाता है और मनुष्य का भावी जीवन उसी संस्कार के अनुरूप होता है। समाज में अगणित पापी सुखी जीवन व्यतीत करते दीखते हैं तो कई धर्मात्मा कष्ट सहते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। कर्मों की यह श्रृंखला यदि यहीं समाप्त हो गई होती तो बड़ा अन्याय होता। इसीलिए पुनर्जन्म और कर्मफल का अन्योन्याश्रय संबंध माना गया है। इसी संसार में सुख और दुख की अनुभूति ही नरक और स्वर्ग है जो मनुष्य को अपने कर्मानुसार सृष्टि के नियम के अधीन प्राप्त होते हैं।

सृष्टि के जिन तत्वों से भौतिक शरीर का संबंध है, उसी के साथ दुख के तत्व सुख के साथ ही आ जुड़े हैं। वस्तुत: अपूर्णता का दूसरा नाम ही दुख है। समस्त मनुष्यों के अंत:करण में यही अनुभूति गंभीर रूप से विद्यमान होने से मनुष्य दुख की ही पूजा करता आया है, आराम की नहीं। महापुरुषों का उज्जवल इतिहास साक्षी है कि उनका विकास, व्यक्तित्व का परिष्कार एवं उत्थान दुखों के बीच ही हुआ है। उसमें पलकर-बढ़कर ही वे दृढ़ता-महानता जैसे गुण उपार्जित कर सके, जिससे समाज को नई दिशा मिली। सद् उद्देश्य के लिए दुख की सहज स्वीकृति ही साधना है। वही तपस्या भी है। तप के कारण जो कष्ट मिलता है, वह यों दुख जैसा प्रतीत होता है किन्तु उसमें असमर्थ की आंखों से टपकने वाली कातरता नहीं है। यह तो रूद्र तेज से उद्दीप्त आलोक है, ताप है, गति है, प्राण है, जिसमें अनादिकाल से मानव के जीवन प्रवाह को गतिमान रखता है। यह दुख मानव की दुर्बलता या असफलता की परिचायक नहीं है, वरन विकास का आधार है। यह दुख ही मनुष्य को नूतन सृजन के लिए, पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करता है। यह कर्मप्रेरक दुख ही मानव समाज में चक्रपथ में घूमकर नवसृजन की परिस्थितियों का निर्माण करता है। जिस प्रकार ईंटों को मजबूती देने के लिए अग्नि,में पकाया जाता है, उसी प्रकार तपरूपी ताप में पककर मानव दृढ़ एवं साहसी बनता है। दुख अभिशाप नहीं, वरदान है। मनुष्य आत्मा की पूर्णता त्याग से दान से एवं तपस्या के द्वारा ही प्राप्त करता है। मनुष्य ने जो कुछ निर्माण किया है, तप से ही किया है। समस्या तब आ खड़ी होती है, जब उद्देश्यपूर्ण कष्ट से मनुष्य असंतुलित हो जाता है। निवारणार्थ प्रयत्न करने एवं पुरुषार्थ करने के स्थान पर वह निराश होकर निषेधात्मक मार्ग अपनाता है। वस्तुत: मानव उत्थान का अब तक का इतिहास यही बताता है कि दुखों की मंजिल से गुजरकर ही मनुष्य वर्तमान की संपन्न स्थिति तक पहुंच सका है। प्रतिकूलताओं की चुनौती को मानव ने स्वीकार किया; मछली की तरह धारा को उलटी दिशा में चीरते हुए प्रवाह बदलते हुए वह अभीष्ट परिस्थितियों का सृजन करते हुए वर्तमान विकसित स्थिति तक पहुंच सका है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### गांव में विकास के लिए सड़क जरूरी

1 फरवरी को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के तहत लगभग 70,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। दरअसल आज भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़क का अभाव है। इनमें उत्तराखंड भी शामिल है। इस पहाड़ी राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़कों का अभाव विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई हैं। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग और भगदानू गांव इसका उदाहरण है। सुराग पंचायत स्थित इन दोनों गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं। इन ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन अभी तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

गांव में सड़क नहीं होने के कारण बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है जब कच्ची सड़क होने के कारण वह फिसलन भरी हो जाती है। जिस पर से इंसान और जानवरों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। मवेशी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा माध्यम होता है। प्रतिदिन मवेशियों को चराने के लिए पहाड़ों पर ले जाना पड़ता है लेकिन बारिश के दिनों में अक्सर मवेशी कच्ची सड़क से फिसल कर पहाड़ के नीचे गिर जाते हैं। बहुत ही मुश्किल होता है ऐसे समय में हमें अपने कामों को करना। पहाड़ों पर जब बारिश होती है तो कई दिनों तक चलती है, ऐसे में मवेशियों को भूखा नहीं रखा जा सकता है अगर पक्की सड़क होती तो ग्रामीणों का जीवन भी आसान होता।

सड़कों का जाल पहाड़ों की जीवन रेखा माना जाता है, लेकिन उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों में सड़क कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने सड़कों के निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन विभिन्न कारणों से कई सड़कें आज भी अधूरी पड़ी है। करीब 500 की आबादी वाले सुराग गांव के लोगों को भी सड़क का इंतज़ार है। इस संबंध में 45 वर्षीय नंदी देवी बताती हैं कि -सुराग गांव के लिए स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में निराशा है। हालांकि इसके लिए गांव वालों ने कई बार शासन-प्रशासन से मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि सुराग से भगदानू जाने वाली सड़क का सर्वेक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद कोई ठोस प्रगति नहीं हुई.ज्वह कहती हैं कि सड़क नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को होती है, जिन्हें जरूरत के समय गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाती है। सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी इस क्षेत्र में आने को तैयार नहीं होती है। बरसात के दिनों में कच्ची सड़कें पूरी तरह से कीचड़ में बदल जाती है, जिससे गाड़ियों का आवागमन बहुत मुश्किल हो जाता है।

सड़क की खराब हालत पर 10वीं में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी भावना रावल कहती है कि -हमारा स्कूल राजकीय इंटर कॉलेज, सैलानी गांव से लगभग 9 किमी दूर है। जहां पहुंचने के लिए मुझे रोजाना 5 किमी इसी कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। रोड नहीं होने की वजह से यहां गाड़ियां नहीं चलती हैं। अन्य मौसम में हमें बहुत अधिक दिक्कत नहीं होती है लेकिन बारिश के दिनों में हम बच्चे अक्सर कीचड़ से सने स्कूल ड्रेस में स्कूल पहुंचते हैं। उत्तराखंड में अब तक कुल 33,512 किमी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, और 171 किमी नई सड़कों के निर्माण का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रखा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दो वर्षों में राज्य में 1,481 किमी नई सड़कें बनी हैं, जिससे 519 नई सड़कों और 195 पुलों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिला है। इससे दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है, जिससे यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है। लेकिन सुराग और भगदानू गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि केन्द्रीय बजट में जिस प्रकार से ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए एक बड़ी राशि आवंटित की गई है, उससे आशा की जा सकती है कि इसका लाभ उत्तराखंड के इन दूरस्थ गांवों को भी मिलेगा. इसके अतिरिक्त यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोगों की भागीदारी से सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, तो जल्द ही ऐसे गांवों में विकास की नई रोशनी पहुंच सकती है।

**-हेमा रावल, सुराग उत्तराखंड**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश

उवाच

मुझे केजरीवाल के बयान के बारे में ज्यादा कुछ नहीं मालूम है, लेकिन मैं इतना ही कहूंगा कि चुनाव आयोग की छवि धूमिल हो रही है। लोगों का अब चुनाव आयोग से विश्वास खत्म हो रहा है: **राजीव शुक्ला, सांसद कांग्रेस**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 12.8 |
| मुंबई | 31.7 | 17.6 |
| कोलकाता | 28.8 | 16.2 |
| चेन्नई | 33.6 | 20.6 |

### अखिलेश यादव ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी, कहा

## महाकुंभ भगदड़ में मौत का आंकड़ा छिपा रही सरकार

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ भदगड़ का जिक्र करते हुए महाकुंभ की व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा, 'महाकुंभ में हमारे अपने लोग मारे गए हैं, लेकिन सरकार सही आंकड़ा नहीं बता रही है। उन्होंने कहा कि कुंभ पहली बार नहीं हो रहा, बल्कि कुंभ का आयोजन सदियों से चला आ रहा है। इस सरकार ने कहा था कि हमने 100 करोड़ लोगों के आने का इंतजाम किया है। लेकिन ये व्यवस्था देने में असफल रहे।' अखिलेश ने महाकुंभ भगदड़ का जिक्र करते हुए आगे कहा, सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है। लेकिन इन आंकड़ों को देने के पहले उसे महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। महाकुंभ आपदा प्रबंधन और खोया-पाया केंद्र की जिम्मेदारी सेना को दी जाए। महाकुंभ हादसे में हुई मौतों, घायलों के इलाज, दवाइयों, डॉक्टरों, भोजन, पानी, परिवहन की उपलब्धता के आंकड़े संसद में पेश किए जाएं। महाकुंभ त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई हो और सच्चाई छिपाने वालों को सजा मिले। हम डबल इंजन सरकार से पूछते हैं कि अगर कोई दोष नहीं था, तो आंकड़े क्यों दबाए गए, छिपाए गए और मिटाए गए?

**महाकुंभ भगदड़ पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का किया अह्वान**



**सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है। लेकिन इन आंकड़ों को देने के पहले उसे महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए: अखिलेश यादव**

उन्होंने आगे कहा, 'जब पता चला कि कुछ लोगों की जान चली गई है, उनके शव शवगृह और अस्पताल में पड़े हैं, इसके बावजूद सरकार ने सरकारी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। यह कैसी सनातनी परंपरा है? भगवान जानें कितने चप्पल, कपड़े और साड़ियां पड़ी थीं और उन सबको जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉली से उठवाया गया। कोई नहीं जानता कि उन्हें कहां फेंका गया। सपा नेता ने कहा कि कुछ दबाव और कुछ मीठा भी दिया जा रहा है, ताकि उनकी खबर बाहर न आए।'

**महाकुंभ भदगड़ पर उत्तर प्रदेश के सीएम ने शोक प्रकट नहीं किया: अखिलेश**

अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भदगड़ पर उत्तर प्रदेश के सीएम ने शोक प्रकट नहीं किया था। जब देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक प्रकट किया, तो उसके 17 घंटे के बाद यूपी सरकार ने घटना को स्वीकार किया। ये वो लोग हैं, जो आज भी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर सकते। लोकसभा में अपने संबोधन के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'सरकार ने कहा कि डिजिटल महाकुंभ में सीसीटीवी लगाए गए और सुनने में तो ये आ रहा है कि कैमरे में जो टेक्नोलॉजी थी, वो एआई पर आधारित थी। अगर हम उस पर भी सवाल न पूछें, तो भी सरकार को सब पता होगा।'

## सपा सांसद राम गोपाल यादव ने चुनाव आयोग को बताया 'धृतराष्ट्र'

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा सांसद राम गोपाल यादव के बयान के बाद सियासत तेज हो गई है। सपा सांसद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर वोटिंग से पहले चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, 'जब चुनाव आयोग ने 3 फरवरी को अखिलेश यादव को बैठक करने की अनुमति नहीं दी और गलत समन्वय अधिकारी नियुक्त किए, तो उसने सारी हदें पार कर दीं। चुनाव आयोग पूरी तरह से 'धृतराष्ट्र' बन गया है।'

## भाजपा, आम आदमी पार्टी दोनों करते हैं महिलाओं का अपमान, वायरल वीडियो दिखाया : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि सबकी सुरक्षा की बात कर दिल्ली के लोगों से वोट मांगकर सत्ता में आने की गुहार लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) पूरी तरह से महिला विरोधी है तथा इन दोनों दलों के नेताओं ने महिलाओं को अपमानित करने में कभी संकोच नहीं किया और महिलाओं को प्रताड़ित करने का उनका सिलसिला बंद नहीं हुआ है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लम्बा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुबह से आज एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के मोती नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के पुत्र तथा भाजपा उम्मीदवार हरीश खुराना अपनी ही पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज सहित महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। इस वीडियो में वह महिलाओं के लिए सिर्फ अभद्र भाषा का इस्तेमाल ही नहीं कर रहे हैं बल्कि महिलाओं के यौन शोषण से टिकट मिलने जैसी आपत्तिजनक बात कर रहे हैं।

सुश्री लाम्बा ने कहा 'हरीश खुराना ने महिलाओं के यौन शोषण को लेकर जो बात कही है यह बेहद शर्मनाक है। भाजपा राजनाति को किस स्तर पर ले आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे तमाम बड़े नेताओं ने हरीश खुराना के लिए प्रचार किया है। इन सभी को इस वीडियो पर सफाई देनी चाहिए। ये पहली बार नहीं है जब भाजपा महिलाओं को अपमानित कर रही है। कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के बयान लगातार महिला विरोधी रहे हैं। भाजपा विधायक ओपी शर्मा भी महिलाओं को अपशब्द कहने के लिए निलंबित हो गए थे।'



**सुबह से आज एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के मोती नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के पुत्र तथा भाजपा उम्मीदवार हरीश खुराना अपनी ही पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज सहित महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं: अलका लम्बा, अध्यक्ष महिला कांग्रेस**

उन्होंने कहा 'भाजपा दिल्ली में चुनाव हारने जा रही है। इनका 'चाल-चरित्र-चेहरा' पूरी दिल्ली के सामने है। ये लोग सिर्फ सत्ता-धन-बल का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी तथा भाजपा में महिलाओं का अपमान आम बात है। आप की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार किया गया, दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री आतिशी जी का अरविंद केजरीवाल टेंपरेरी कहकर अपमान करते हैं, बांसुरी स्वराज जी को लेकर भाजपा के ही नेता अपशब्द कहते हैं। यही भाजपा और आप का 'चाल, चरित्र,चेहरा और भाषा है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा में फूट है और उसके नेता एक दूसरे को खुलेआम भला बुरा कहते हैं, गालियां देते हैं और इस स्थिति को देखकर साफ हो गया है कि भाजपा दिल्ली में हार रही है। आप महिलाओं का कितना सम्मान करती है इसका उदाहरण पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई हिंसा और दुर्व्यवहार तथा मुख्यमंत्री आतिशी को टेंपरेरी कहकर अपमानित करने वाला पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान है।

### सार संक्षेप

#### तेलंगाना कैबिनेट ने एकीकृत जाति सर्वेक्षण और एससी वर्गीकरण रिपोर्ट को दी मंजूरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना कैबिनेट ने एकीकृत जाति सर्वेक्षण और अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण रिपोर्ट को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह बैठक विधानसभा हॉल में आयोजित की गई थी और लगभग दो घंटे तक चली। दोनों रिपोर्टें आज दोपहर तेलंगाना विधानसभा और विधान परिषद में पेश की जाएंगी और संभवतः दोनों सदनों द्वारा चर्चा के बाद उन्हें मंजूरी दे दी जाएगी। इससे पहले, रविवार को योजना आयोग के अधिकारियों ने तेलंगाना में 50 दिनों का जाति जनगणना सर्वेक्षण के पूरा होने के बाद कैबिनेट उप-समिति को जाति जनगणना रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में तेलंगाना में विभिन्न जातियों की जनसंख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अलावा, सोमवार को तेलंगाना कैबिनेट उप-समिति ने एससी वर्गीकरण पर एक रिपोर्ट प्राप्त की, जिसकी अध्यक्षता सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने की थी।

#### किसानों की आय बढ़ाना पीएम मोदी की प्राथमिकता : शिवराज

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की कार्यवाही चौथे दिन भी जारी है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान नारियल के उत्पादन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीति के कारण नारियल के उत्पादन में आज भारत नंबर एक बना है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा, 'मैं सांसद पार्थ सारथी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने नारियल से संबंधित प्रश्न पूछा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि आज भारत नारियल उत्पादन में पीएम मोदी की नीति के कारण दुनिया में नंबर एक बना है।'

#### हम अपने धार्मिक स्थलों पर हस्तक्षेप नहीं करने देंगे : जियाउर रहमान बर्क

**नई दिल्ली।** सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क ने वक्फ संशोधन बिल 2024 को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि इस बिल से मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर हस्तक्षेप करने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन हम किसी भी कीमत पर अपने धार्मिक स्थलों पर हस्तक्षेप नहीं करने देंगे। अगर जरूरत पड़ेगी तो देश की अदालतों में न्याय की गुहार लगाएंगे। दरअसल, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बजट सेशन के दौरान सदन में वक्फ बोर्ड को लेकर केंद्र सरकार को चेतावनी दी थी।

## जो गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'बोरिंग' बताने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर तंज कसा।

उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग अपने मनोरंजन के लिए गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। उन्होंने कहा कि हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिए। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ लोगों में यह है ही नहीं। इसके बाद पीएम मोदी ने शीशमहल का जिक्र करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है।



**हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिए:नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## राष्ट्र हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं राहुल : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने श्री गांधी के भारत चीन सीमा के बारे में सेना प्रमुख के हवाले से दिए गए बयान पर खेद जताया है और कहा है कि गांधी ने संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान के बारे में झूठे आरोप लगाए हैं। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था। हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में ये विवरण साझा किए हैं। गांधी द्वारा सेना प्रमुख के लिए कहे गए शब्द कभी भी उनके द्वारा नहीं बोले गए थे। यह बहुत खेद की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिस पर चीन ने कब्ज़ा किया है, तो वह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 1963 में पाकिस्तान द्वारा चीन को अवैध रूप से सौंपे गए 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र हैं।

## उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और राज्यों को बिना क्षतिपूर्ति उपाय किए हुए वन क्षेत्रों को कम करने से रोका

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी कर केंद्र और राज्य सरकारों को बिना क्षतिपूर्ति उपाय किए हुए वन क्षेत्रों को कम करने से रोका। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और के विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने जोर देकर कहा, 'हम ऐसी किसी भी चीज की अनुमति नहीं देंगे जिससे वन क्षेत्र में कमी आए। अगले आदेश तक, केंद्र या किसी भी राज्य द्वारा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जिससे ऐसी कमी हो, जब तक कि क्षतिपूर्ति भूमि प्रदान नहीं की जाती।' केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को आश्वासन दिया कि चार मार्च को अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट के साथ तीन सप्ताह के अंदर आवेदनों का जवाब दाखिल किया जाएगा। दिया गया है कि संशोधनों में भूमि को या तो जंगल के रूप में अधिसूचित करने या सरकारी दस्तावेजों में दर्ज करने की आवश्यकता करके 'वन' की कानूनी परिभाषा को सीमित कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि यह लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को संरक्षण सुरक्षा उपायों से बाहर करता है। पिछले अंतरिम आदेश में, अदालत ने आदेश दिया था कि संरक्षित क्षेत्रों के बाहर वन भूमि पर चिड़ियाघर या सफारी स्थापित करने के किसी भी प्रस्ताव को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी। अदालत ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को वन भूमि विवरण प्रदान करें, जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय प्रकाशित करेगा। पीठ ने टी एन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ मामले में 1996 के ऐतिहासिक फैसले में 'वन' परिभाषा के पालन पर बल दिया।



**न्यायमूर्ति बी आर गवाई और के विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई की**

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 2023 के संशोधनों ने इस व्यापक परिभाषा को कमजोर कर दिया, जिससे वन संरक्षण कमजोर हो गया। केंद्र ने 27 मार्च, 2023 को वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक पेश किया और तब से इसे रद्द करने की मांग को लेकर संवैधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 6,341 कनीय अभियंताओं सहित 6,837 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**पटना,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं सहित 6,837 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने समारोह में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अंतर्गत नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 496 अनुदेशकों सहित कुल 6,837 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। सरकार ने दावा किया है कि नीतीश कुमार के 12 लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा के तहत अब तक नौ लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज बदलते बिहार और विकसित बिहार को लेकर नियुक्ति पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज पथ निर्माण विभाग में भी 530 कनीय अभियंताओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। यह शुरुआत है, बिहार के बच्चों को रोजगार भी मिलेगा, स्वरोजगार भी मिलेगा। इसके अलावा नौकरी भी दी जाएगी।



उन्होंने दावा किया कि यह एनडीए सरकार की गारंटी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोजगार और स्वरोजगार के लिए विकसित बिहार के सपने को साकार कर रहे हैं।

### हेमंत सोरेन कोयला खदानों की जमीन के एवज में बकाया राशि को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

## हम अगर खुद पर आ गए तो देश अंधकार में डूब सकता है

**धनबाद,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोयले की रॉयल्टी और कोयला खदानों की जमीन के एवज में 1 लाख 36 हजार करोड़ की बकाया राशि को लेकर केंद्र सरकार पर एक बार फिर जोरदार जुबानी हमला बोला है। मंगलवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 53वें स्थापना दिवस पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर केंद्र की सरकार जल्द बकाया राशि का भुगतान नहीं करती है, तो हम कानूनी कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे। जरूरत पड़ी तो इस राज्य के अधिकार के लिए कोयला खदानें बंद भी कराई जा सकती है। हम अगर खुद पर आ गए तो देश अंधकार में डूब सकता है। सोरेन ने कहा कि हमारी धरती की छाती फाड़कर जो कोयला निकाला गया है, उसकी कीमत हम हर हाल में वसूलकर रहेंगे। हम झारखंडियों को पता है कि अगर अधिकार मांगने से नहीं मिलता है तो उसे छीनकर हासिल किया जाता है। राज्य में जिन खदानों से कोयला खनन पूरा हो चुका है, उसकी जमीनें कंपनियां हमें वापस करें। हमें पता चल रहा है कि केंद्र सरकार ऐसी खदानों की जमीन पर मालिकाना हक लेने की कोशिश कर रही है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। ये हमारी जमीनें हैं और हम उसे फिर से वापस लेकर रहेंगे।

**हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के 53वें स्थापना दिवस पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया**



**हमारी धरती की छाती फाड़कर जो कोयला निकाला गया है, उसकी कीमत हम हर हाल में वसूलकर रहेंगे। हम झारखंडियों को पता है कि अगर अधिकार मांगने से नहीं मिलता है तो उसे छीनकर हासिल किया जाता है: हेमंत सोरेन**

सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि इन लोगों ने 18-20 साल तक झारखंड में शासन किया, लेकिन राज्य की तरक्की के बदले उसे बदहाली की दिशा की तरफ ले गए। डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में लोग यहां भूख से मरने लगे थे।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए मनोज कुमार झा कहा

## 'देश में बाबाओं की फैक्ट्री है, यह बंद हो'

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा में बोलते हुए राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि देश में बाबाओं की एक फैक्ट्री आ गई है और यह फैक्ट्री बंद होनी चाहिए। हर धर्म के अंदर इस तरह के अंधविश्वास पैदा हो रहे हैं। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल एक साझा पॉलिटिकल विल लें कि कोई भी वीवीआईपी दर्शन किसी मंदिर, किसी दरगाह में नहीं होना चाहिए। देश में धर्मांधता और धार्मिकता का फर्क मिटता जा रहा है। हम धार्मिक देश हैं, हजारों साल से हम धार्मिक देश हैं। यहां धर्मांधता नई चीज है। प्रतिदिन देखो हर घंटे कई नए बाबा आ रहे हैं। वे ग्रह-नक्षत्र देखकर बताते हैं कि कभी नहीं नहाया तो कोई पाप नहीं मिटेंगे। यह परिपाटी संविधान के दृष्टिकोण से भी बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जो रिलिजियस बाबाओं की प्रोडक्शन फैक्ट्री आ गई है, इनके उत्पादन पर भी रोक लगनी चाहिए।



### कार्रवाई — कुलगाम में शांति लौट आने के दावों के बीच आतंकी हमला

## पुलिस ने कश्मीर में 500 ओवर ग्राउंड वर्कर धर लिए

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर में शांति लौट आने के दावों के बीच आतंकियों के हमले में कल देर रात पूर्व सैनिक की मौत के उपरांत सुरक्षाबलों ने इतनी त्वरित कार्रवाई की की सब हैरान रह गए। उन्होंने 500 से अधिक ओवर ग्राउंड वर्करों को धर लिया है। वन्यजीव अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं।**

पुलिस ने इसकी पुष्टि की है कि कुलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कश्मीर वादी में रात भर छापेमारी के दौरान 500 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स, संदिग्धों, आतंकी सहयोगियों और आतंकी गतिविधियों में पहले से शामिल रहे लोगों को हिरासत में लिया है। ये रिफ्तारियां सोमवार को कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुए हमले के बाद की गई है, जहां आतंकियों ने तीन नागरिकों पर पाइंट-ब्लैंक रेंज से गोली चलाई थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ितों में से एक पूर्व प्रादेशिक सेना के जवान मंजूर अहमद वागे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। उनकी पत्नी आइना अख्तर (32) और एक नाबालिग लड़की सानिया हमीद (13) के पैर में चोटें आई हैं और बताया जा रहा है कि उनकी हालत स्थिर है।



पत्रकारों से बात करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए बताया कि हमने आतंकी नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कश्मीर में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। इस अपराध के अपराधियों की पहचान करने और इस तरह के किसी भी अन्य हमले को रोकने के लिए 500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और कश्मीर में सभी निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कुलगाम हमले की जांच चल रही है और हिरासत में लिए गए लोगों से आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में संभावित संलिप्तता के लिए पूछताछ की जा रही है।

## विधानसभा में नौकरियों में धांधली, रद्द होनी चाहिए भर्तियां : रणधीर

**शिमला।** भाजपा नेता एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा 31 जनवरी को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सचिवालय ने दो अलग-अलग अधिसूचना जारी करके 14 लोगों को नियुक्तियां दी, 14 पदों की भर्ती की और अगर आप इन नामों पर जाएंगे तो इसमें से पांच नियुक्तिया तो विधानसभा अध्यक्ष महोदय के विधानसभा क्षेत्र की जिला चंबा, पांच ही नियुक्तियां हमीरपुर से मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र से, दो तीन नियुक्तियां विधानसभा के उपाध्यक्ष महोदय के विधानसभा क्षेत्र जिला सिरमौर से है। उन्होंने कहा कि जो नौकरियों की बंदर बाट हो रही है भारतीय जनता पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है। मैं पूछना चाहता हूं क्या इन नौकरियों को देने के लिए पारदर्शिता नहीं बरती गई ? क्या योग्यता और आरक्षण अधिकार रखे गए ? अगर रखे गए तो क्या योग्य लोग इन्हीं तीन विधानसभा क्षेत्रों में थे ? क्या बाकी प्रदेश में कोई योग्य व्यक्ति ही नहीं था?

# पूर्व में नए संस्थान खोलने पर दिया जोर, सुविधाएं नहीं जुटाईः सुक्खू

### वर्तमान सरकार शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत संरचना को कर रही है सुदृढ़

**शिमला,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज विधायक प्राथमिकता बैठकों के दूसरे दिन के पहले सत्र में शिमला और मंडी जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सुझाव दें, ताकि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विधायकों के सुझावों को बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। विधायकों को जनता चुनकर भेजती है इसलिए वह जन समस्याओं से वाकिफ होते हैं।



■ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्तमान राज्य सरकार का विशेष ध्यान है : मुख्यमंत्री

श्री सुक्खू ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्तमान राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। पिछले दो वर्षों के दौरान इन दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं और आने वाले समय में और बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए पूर्व में नए संस्थान खोलने पर जोर रहा लेकिन संस्थानों में सुविधाएं जुटाने और उन्हें मजबूत बनाने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण आज सुविधाओं का स्तर गिरा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई तकनीक के इस्तेमाल के लिए प्रयास कर रही है। इसके साथ ही खाली पदों को भरने की प्रक्रिया भी जारी है, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नीतिगत बदलाव लाकर हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य के अनुरूप उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश में पर्यटन, डेयरी, आईटी व डाटा स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग सहित अन्य ग्रीन इंडस्ट्रीज को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोहड़ू-चिड़गांव सड़क की हालत में सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही कुरपन पेयजल योजना को शुरू करने के लिए धन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को इस योजना को 30 अप्रैल, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि और वन विभाग को गगरेट में बांस आधारित उद्योग स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में शिमला जिला के ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने नारकंडा में आईस स्केटिंग रिंक के लिए तीन करोड़ रुपये प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने नारकंडा तक सुरंग बनाकर सड़क में सुधार लाने तथा नारकंडा-हाटू रोपवे निर्माण का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बिना केंद्र सरकार की मदद के राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में विकास सुनिश्चित कर रही है।

## मुख्यमंत्री आज प्रदेश की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना की आधारशिला रखेंगे

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश को मार्च, 2026 तक देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं और आज को हिमाचल इस दिशा में उत्कृष्ट नवाचार की पहल करेगा। मुख्यमंत्री प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में हिमाचल के प्रथम बड़ी हरित हाईड्रोजन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सोलन ज़िला के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दभोटा में 01 मेगावाट ग्रीन हाईड्रोजन संयंत्र का शिलान्यास करेंगे। लगभग 9.04 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित किए जाने वाले इस ग्रीन हाईड्रोजन प्लांट में प्रतिदिन 423 किलोग्राम ग्रीन हाईड्रोजन उत्पादन की क्षमता होगी। इस परियोजना का निर्माण कार्य 18 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश मार्च, 2026 तक देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य बनने की दिशा में सतत् अग्रसर है। प्रदेश सरकार नवाचार एवं अन्य निर्णायक समाधानों के माध्यम से राज्य में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है। ऊना जिला के पेखुबेला में प्रदेश के सबसे बड़ी 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना क्रियाशील है।

## आधुनिक तकनीक व प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को किया जागरूक

**सिरसा,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। फल उत्कृष्टता केंद्र, मांगेआना में दो दिवसीय फल एक्सपो के पहले दिन किसानों को नींबू वर्गीय फसलों की आधुनिक तकनीक द्वारा उत्पादन व बीमारियों की रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। यहीं नहीं रेवाड़ी के प्रगतिशील किसान यशपाल खोला ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों से अपने अनुभव सांझा किए। इसके अलावा कार्यक्रम के पहले दिन विशेषज्ञों ने नैनों यूरिया तरल, नैनों डीएपी तरल व अन्य उर्वरक खाद का प्रयोग के बारे में बताया। मेले में जिला सिरसा, फतेहाबाद व हिसार के किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर एफपीओ, मशीनरी बागवानी, कृषि एवं नर्सरियों से संबंधित विभिन्न उत्पादों की 35 स्टाल लगाई गई। इस प्रदर्शनी में लगभग एक हजार किसानों, महिलाओं उद्यमियों ने भाग लिया। उप-निदेशक डॉ सत्यवीर शर्मा ने बताया कि फल एक्सपो में विभाग द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही केंद्र पर अपनाई जा रही नींबूवर्गीय, अनार, अमरूद, खजूर, जैतून, आड़ू, नाशपति की आधुनिक उत्पादन तकनीक, विभिन्न फसलों में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की तकनीक, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

## हिमाचल प्रदेश में रेल परियोजनाओं को भरपूर बजट देने के लिए जयराम ठाकुर ने जताया केंद्र का आभार

**शिमला,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की रेल परियोजनाओं को भरपूर बजट दे रही है जिससे हिमाचल प्रदेश में रेल नेटवर्क को मजबूत और ज्यादा से ज्यादा पहुंचाया जा सके। रेल नेटवर्क से हिमाचल प्रदेश की कनेक्टिविटी हिमाचल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की रेल परियोजनाओं को महत्व और भरपूर बजट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत समस्त केंद्रीय नेताओं का आभार जताया।

■ प्रदेश रेल परियोजनाओं को पूरा करने में करें रेलवे का सहयोग
■ नशे से हो रही मौतें दु:खद प्रभावी कार्यवाही करें सरकार

जयराम ठाकुर ने बताया कि इस बार हिमाचल प्रदेश की तीनों रेल परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2716 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। जो पिछले साल के बजट से भी ज्यादा है। इस बार के बजट में हिमाचल प्रदेश में चार रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश की रेल परियोजनाओं को पूरा सहयोग दे रही है लगातार तीन बार के बजट में केंद्र सरकार द्वारा जो भी धनराशि दी जा रही है वह यूपीए सरकार के समय दिए गए बजट से 25 गुना से ज्यादा है। हिमाचल प्रदेश में रेल परियोजनाओं के गति न पकड़ने के पीछे कांग्रेस की सुक्खू सरकार जिम्मेदार है। रेलवे द्वारा बार-बार पत्र लेकर



आग्रह किए जाने के बाद भी सुक्खू सरकार रेलवे को हिमाचल प्रदेश के हिस्से का 1626 करोड़ रुपए नहीं दे रही है। जिसकी वजह से एक तरफ हिमाचल में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार में देरी हो रही है दूसरी तरफ उन परियोजनाओं की लागत हुई बढ़ रही है। मुख्यमंत्री से हम आग्रह करते हैं कि हिमाचल प्रदेश की रेल परियोजनाओं को गति देने के लिए हिमाचल सरकार की निर्धारित शेयर को जल्दी से जल्दी जारी करें। जयराम ठाकुर ने कहा की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भानुपल्ली-बिलासपुर- बैरी, नंगल डैम-तलवाड़ा और चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन के निर्माण के लिए बजट की कमी नहीं की। केंद्र सरकार ने वर्ष 2024- 25 के अंतरिम बजट में हिमाचल की तीनों रेल लाइनों के लिए 2,500 करोड़ का प्रावधान किया था। इनमें सबसे ज्यादा 1700 करोड़ रुपये भानुपल्ली-बिलासपुर- बैरी रेल लाइन को दिए थे। नंगल डैम-तलवाड़ा के लिए 500 करोड़ और चंडीगढ़-बद्दी को 300 करोड़ दिए। 2023-24 के बजट में भानुपल्ली-बिलासपुर- बैरी रेल लाइन को एक हजार करोड़ का बजट मिला था, लेकिन इसके खर्च को देखते हुए इसे रिवाइज कर 1399 करोड़ किया गया है। नंगल डैम-तलवाड़ा को पिछली बार के बजट में 450 करोड़ मिले थे, चंडीगढ़-बद्दी को भी पिछले बजट में 450 करोड़ मिले थे।

**सार संक्षेप**

### जनपद में एनीमिया महाअभियान का शुभारंभ

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जनपद रुद्रप्रयाग में पल्स एनीमिया महाअभियान के तहत 81 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश द्वारा पल्स एनीमिया महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में एनीमिया अथवा खून की कमी से मां के स्वास्थ्य में असर डालने के साथ-साथ शिशु स्वास्थ्य की जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, जिसके दृष्टिगत यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि 10 फरवरी तक पल्स एनीमिया महाअभियान के मद्देनजर सभी 81 स्वास्थ्य केंद्रों में महाअभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन निःशुल्क जांच की जाएगी।

### अलकनंदा नदी किनारे चलाया गया वृहद सफाई अभियान

**रुद्रप्रयाग।** नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत के नेतृत्व में हनुमान मंदिर के आगे अलकनंदा नदी के किनारे स्थित स्नान घाट एवं नगरपालिका कार्यालय भवन के आगे सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कई कुंतल कूड़ा एकत्रित किया गया और निस्तारण के लिये भेजा गया। नगरपालिका अध्यक्ष संतोष रावत के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों के अलावा सभासदों ने नदी किनारे स्थित घाटों पर वृहद सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी किनारे फैले कूड़े को एकत्रित कर निस्तारण के लिये भेजा गया। पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने कहा कि नदियों से प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है। नदियों के अलावा कही भी कूड़ा नहीं फैला होना चाहिये। कूड़े से प्रकृति और पर्यावरण की सुंदरता धूमिल होती है। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग चारधाम यात्रा का मुख्य पड़ाव है। नदियों किनारे हजारों पर्यटक और यात्री पहुंचते हैं, इसलिये नदियों एवं किनारों का स्वच्छ होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में भी इस प्रकार के सफाई अभियान जारी रहेंगे।

### उत्तराखंड में अप्रैल की जगह फरवरी में ही खिलने लगे बुरांस

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बुरांस और फ्यूंली या फ्योंली के फूलों का समय से पहले खिलना एक गंभीर पर्यावरणीय विषय बनता जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी बुरांस के फूल फरवरी माह में ही खिलते हुए दिखाई देने लगे हैं। वनस्पति वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण यह सब हो रहा है। इससे प्राकृतिक चक्र में असामान्य बदलाव देखे जा रहे हैं। एक तरफ इन फूलों का खिलना लोगों के लिए खुशी की बात है। तो वहीं वनस्पति वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों के लिए यह चिंता का विषय है। क्योंकि यह पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत हो सकता है। बुरांस और फ्यूंली के फूल आमतौर पर गर्मी के मौसम में खिलते हैं, लेकिन कुछ वर्षों से यह बदलाव देखने को मिल रहा है कि ये फूल फरवरी महीने में ही खिलने लगे हैं। यह वनस्पतियों पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दर्शाता है जो प्राकृतिक तंत्र को बाधित कर रहा है।

# 'भारतीय मानक' न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों के बराबर हों, बल्कि उनसे भी श्रेष्ठ बनेंः धामी

### बोले-उत्पाद, सेवाएं विश्वसनीय, टिकाऊ व उच्च गुणवत्ता वाली हो

■ मुख्यमंत्री ने किया भारतीय मानक ब्यूरो के मानक मेला का शुभारंभ
■ पेप मार्क उत्पादों को खरीदने के लिए शपथ भी दिलाई

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को दून में आयोजित भारतीय मानक ब्यूरो के स्टैंडर्ड क्लब कार्निवाल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और पेप मार्क उत्पादों को खरीदने के लिए शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो का स्टैंडर्ड्स क्लब, हमारे छात्रों को गुणवत्ता और मानकीकरण का महत्व समझाने के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और वैश्विक




प्रतिस्पर्धा में उसका स्थान इस बात पर निर्भर करता है कि वहां बनने वाले उत्पाद और सेवाएं कितनी विश्वसनीय, टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाली हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, भारतीय मानक ब्यूरो पिछले 78 वर्षों से राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो ने विभिन्न क्षेत्रों में मानकीकरण के माध्यम से भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा भी की है। ब्यूरो ने स्थापित मानक हमारे उद्योगों, व्यापार और सेवाओं के प्रमाणीकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी जब हम कोई उत्पाद खरीदने जाते हैं, तो सबसे पहले यही देखते हैं कि उस उत्पाद पर आईएसआई मार्क है या नहीं। यदि आईएसआई मार्क होता है, तो हमें पूरा भरोसा हो जाता है कि ये उत्पाद गुणवत्ता और सुरक्षा के सभी मानकों पर खरा उतरेगा। ये अपने आप में भारतीय मानक ब्यूरो की विश्वसनीयता और उपभोक्ताओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि कोई भी मानक केवल तकनीकी दिशा-निर्देश या मापदंड नहीं होते, बल्कि वे हमारे देश के विकास और आत्मनिर्भरता की बुनियाद भी होते हैं। ये न केवल हमारे कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को भी किसी न किसी रूप में प्रभावित करते हैं। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक उत्तराखंड सौरभ तिवारी, आयुक्त खाद्य हरिचंद्र सेमवाल, उप निदेशक बीआईएस स्नेहलता उपस्थित थे।

**विकसित हो रहा है मानकों का ईकोसिस्टम**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में मानकों के इकोसिस्टम का व्यापक विस्तार हुआ है, अब कृषि, सड़क परिवहन, स्वास्थ्य सहित लगभग सभी क्षेत्रों को समाहित कर रहा है। ये विस्तार सुनिश्चित करता है कि सभी क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता के मानक लागू हों, जिससे हमारे जीवनस्तर में सुधार हो और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सके। इसी तरह हमारे प्रदेश में भी भारतीय मानक ब्यूरो पीडब्ल्यूडी, एमडीडीए, यूपीसीएल और आपदा प्रबंधन विभाग के साथ समन्वय करते हुए, इन सभी को मानकीकरण की दिशा में जागरूक और सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

**आत्मनिर्भर भारत में अहम योगदान**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार हो रहा है। इस सपने को साकार करने में भारतीय मानक ब्यूरो की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि भारतीय उत्पाद अपनी गुणवत्ता, नवाचार और विश्वसनीयता के लिए पूरे विश्व में एक मिसाल स्थापित करें। क्योंकि जब हम अपने उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करते हैं, तो हम न केवल उनकी गुणवत्ता का ध्यान रखते हैं, बल्कि अपने उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए भी सशक्त आधार प्रदान करते हैं। इसी की ध्यान में रखते हुए हमारी प्रदेश सरकार भी निरंतर प्रयास कर रही है।

**हाउस ऑफ हिमालयाज**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा आज हम अपने पारंपरिक उत्पादों, जैसे हस्तशिल्प, जैविक कृषि उत्पाद, औषधीय जड़ी-बूटियों और अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए उच्च मानक स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे हमारे उत्पाद वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसी को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नाम से एक अम्ब्रेला ब्रांड की स्थापना की है, जो हमारे स्थानीय उत्पादों को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो ने देशभर के 10,000 से अधिक स्कूलों में स्टैंडर्ड क्लब स्थापित किए हैं, जिनके माध्यम से बच्चों में मानकों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है।

# गंगोत्री धाम में बिछी बर्फ की चादर

**देहरादून,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में ताजा बर्फबारी हुई है। ये बर्फबारी उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम में हुई है। बर्फबारी ने यहां ठंडक बढ़ा दी है। बर्फबारी के बाद गंगोत्री धाम सफेद चादर में लिपटा हुआ नजर आ रहा है। वहीं निचले इलाकों में बारिश हो रही है। देहरादून, ऋषिकेश और में हरिद्वार में बारिश से ठंड लौट आई है।

गंगोत्री धाम में बर्फबारी होने के कारण धाम के तापमान में गिरावट आ गई है। आज गंगोत्री धाम का अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -6 डिग्री सेल्सियस है। बारिश और बर्फबारी के बाद गंगोत्री धाम में रहने वाले स्थानीय लोगों सहित यात्रियों ने गरम वस्त्र ओढ़ने शुरू कर दिए हैं। मौसम के करवट बदलते ही हिमालय की पहाड़ियां बर्फबारी से ढकनी शुरू हो गई हैं। बता दें कि पिछले कई दिनों से खिली चटक धूप के बीच आज सुबह से ही मौसम ने करवट बदलनी शुरू कर दी थी। जिसके चलते 9 बजे के बाद जिले के तमाम क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई।



■ मैदानी इलाकों में हल्की बारिश
■ उच्च हिमालय क्षेत्रों की पहाड़ियों में बर्फबारी होने से निचले इलाकों में कड़ाके की ठंड बढ़ गई

वहीं गंगोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में हुई बर्फबारी का देश विदेश के श्रद्धालुओं ने जमकर लुत्फ उठाया। तापमान में आई इस भारी गिरवाट के साथ ही पूरे जनपद में शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया है। उच्च हिमालय क्षेत्रों की पहाड़ियों में बर्फबारी होने से निचले इलाकों में कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। गंगोत्री धाम के तीर्थपुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि सुबह नौ बजे गंगोत्री धाम में बर्फबारी हुई है। जिससे ऊपरी इलाकों सहित निचले इलाकों में ठंड बढ़ गई है।

# प्रदेश में कर्मचारी परेशान, युक्तिकरण की आड़ में कर्मचारियों की संख्या में कटौती : नंदा

**शिमला/रामपुर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा जिला किन्नौर की बैठक नोगली रेस्ट हाउस में जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह मंजू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा और किन्नौर से प्रत्याशी सूरत नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नंदा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा प्रदेश कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आर्थिक मंदी एवं आर्थिक बदहाली का दौर चल रहा है, जिसके कारण प्रदेश की जनता एवं कर्मचारी वर्ग परेशान है। प्रदेश में हालत ऐसी होनी ही है की कर्मचारी यह सोचने पर मजबूर हो गया है की, क्या अगले महीने की तनख्वाह आएगी कि नहीं ? हाल ही में विधानसभा में दी गई 10



नियुक्तियां के बारे में भी प्रदेश में काफी चर्चा है और जिस प्रकार से वह नियुक्तियां दी गई है उसे पर काफी प्रश्न चिन्ह भी उठ रहे हैं। कहीं ना कहीं इन नियुक्तियों की जांच होनी चाहिए। प्रदेश में कर्मचारी परेशान : नंदा ने कहा कि अनुबंध कर्मचारी सर्विस बिल का विरोध किया जा रहा है। हम कर्मचारियों के समर्थन में सरकार से मान करते है कि स्टडी लीव के दौरान कर्मचारियों को विशेष कर अध्यापकों और चिकित्सकों को पूरा वेतन दिया जाए, कर्मचारियों का 11 प्रतिशत डीए और छठे वेतन आयोग की बकाया राशि जारी की जाए, 4-9-14 टाइम स्केल को बहाल किया जाए, जिन कर्मचारियों को पिछला टाइम स्केल का लाभ नहीं मिला है उसे चरणबद्ध तरीके से लाभदिया जाए, कालेज और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम यूजीसी की तर्ज पर दिया जाए।

# गरीब, अनाथ एवं असहाय बच्चों को स्नातक एवं कौशल शिक्षा देने को डीएम ने उठाया बीड़ा

**देहरादून,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी सविन बंसल ने गरीब अनाथ असहाय बालिकाओं स्नातक एवं कौशल शिक्षा की जिम्मेदारी उठाते बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत गरीब, अनाथ एवं असहाय तथा अन्य विषम परिस्थितियों में अध्ययन कर रही बालिकाओं को न्यूनतम स्नातक स्तर तक शिक्षित करने एवं कौशल शिक्षा प्रदान करते हुए रोजगार से जोड़ने के लिए योजना बनाने के लिए निर्देश दिए गए थे।

टास्क फोर्स के समस्त सदस्यों ने अग्रिम कार्यवाही किये जाने की



सहमति के क्रम में गरीब, अनाथ एवं असहाय तथा अन्य विषम परिस्थितियों में अध्ययन कर रही बालिकाओं को न्यूनतम स्नातक स्तर तक शिक्षित किये जाने एवं कौशल शिक्षा प्रदान करते हुए रोजगार से

■ बालिका शिक्षा एवं कौशल विकास कार्ययोजना (एसओपी) बनाई

जोड़ने के लिए कार्ययोजना निर्धारित की गई है बालिकाओं का चयन जनता दरबार एवं बहुद्देशीय शिविरों में,जनपद में विभिन्न सरकारी कार्यालयों के माध्यम ये प्राप्त प्रार्थना पत्र,जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी के अधीन बालिका गृहों में निवासरत बालिकायें, जनपद की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के माध्यम से सर्वे के आधार पर किया जाएगा। प्राप्त प्रार्थना पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से करवाकर तथा बालिकाओं से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख प्राप्त करते हुए बालिकाओं की जायेगी। समिति बालिकाओं के आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र होने के आशय के प्रमाण पत्र के साथ बालिकाओं की अनन्तिम सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करेगी।

पात्र बालिकाओं का अन्तिम चयन एवं अनुमोदन- समिति के प्राप्त पात्र बालिकाओं की प्रमाणित सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी संकलित कर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के सम्मुख अन्तिम रूप से चयन एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जाएगी।

## उत्तराखंड एसटीएफ के हत्थे चढ़ा फर्जी आर्मी अफसर

**देहरादून,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को आर्मी अफसर बताकर पहले युवाओं को अपने झांसे में लेता था और फिर उन्हें सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी किया करता था। आरोपी अभीतक इस तरह के कई लोगों को ठग चुका है। उत्तराखंड एसटीएफ ने आरोपी को पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र के चन्दमणि रोड गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने बताया कि आरोपी के बारे में आर्मी इंटेलिजेंस दून ने जानकारी शेयर की थी। आर्मी इंटेलिजेंस ने उत्तराखंड एसटीएफ को बताया था कि एक व्यक्ति फर्जी आर्मी अफसर बनकर युवकों को आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर ठगी कर रहा है। आर्मी इंटेलिजेंस की सूचना पर उत्तराखंड एसटीएफ ने अपनी जांच शुरू की और आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र की। उत्तराखंड एसटीएफ ने सबसे पहले उन युवकों से बात की, जो आरोपी का शिकार हुए थे। युवकों से पूछताछ की गयी तो पता चला कि पटेलनगर क्षेत्र में रहने वाले प्रमोद कुमार उर्फ वासू ने उन्हें बताया था कि वह आर्मी में अफसर है और उसकी आर्मी में अच्छी जान पहचान है, जहां पर अलग-अलग ट्रेडमैन के पद निकलते ही रहते हैं। जिन पर वह नौकरी लगवा सकता है। आरोप है कि प्रमोद कुमार ने नौकरी लगवाने के लिए प्रत्येक युवक से तीन से 3.50 लाख रुपए लिए है। आरोपी युवकों को मिलिट्री हॉस्पिटल देहरादून में आर्मी की वर्दी पहने हुए भी मिला था, जिस कारण से उनको यकीन हो गया कि वह आर्मी अफसर ही है। एक युवक परवेज ने बताया कि उसको तो आर्मी में चालक के पद पर भर्ती करने का एक एडमिट कार्ड भी दिया और बाद में फर्जी मेरिट लिस्ट दिखाकर सलेक्शन होना बताया, जिसपर जब परवेज मिलिट्री हॉस्पिटल देहरादून पहुंचा तो पाया की वह मेरीट लिस्ट जाली थी। उस मेरीट लिस्ट मे प्रमोद कुमार ने एडिट कर उसका नाम डाला था। ठगी के शिकार परवेज ने पटेलनगर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था।

■ नौकरी दिलाने के नाम पर कई युवाओं से कर चुका ठगी

# प्रादेशिकी

## मिल्कीपुर में भाजपा करा सकती है धांधलीः सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में बुधवार को होने वाले मतदान में धांधली की आशंका जताते हुये निर्वाचन आयोग से पुख्ता बंदोबस्त करने की अपील की है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मंगलवार को यहां एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कल मिल्कीपुर में विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान होना है। यह जनता बनाम प्रशासन के बीच चुनाव है। भाजपा का लोकतांत्रिक प्रणाली की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं है। ऐसे में निर्वाचन आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि चुनाव में निर्भय होकर मतदान की व्यवस्था करें। मतदाताओं से अपील है कि वे किसी दबाव में आए बिना स्वतंत्रतापूर्वक मतदान करें और पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद को विजयी बनाएं।

## योगी सरकार कर रही छात्रावासों का कायाकल्प, छात्रों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



**लखनऊ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार प्रदेश में छात्रावासों के आधुनिकीकरण और सुधार के लिए बड़े कदम उठा रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेशभर के छात्रावासों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, स्वच्छता और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ ही

- **छात्रावासों को नए रूप में विकसित करने के लिए 8 करोड़ रुपए का बजट आवंटित**
- **प्रदेश के 8 जिलों के 15 छात्रावासों का होगा कायाकल्प, छात्रों को मिलेगा हाईटेक सुविधाएं**

आधुनिक सुविधाओं को जोड़ रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के 8 जिलों के 15 छात्रावासों के कायाकल्प के लिए सरकार ने करीब 8 करोड़ की धनराशि जारी की है। इस छात्रावासों की बिल्डिंग का कायाकल्प के साथ इसमें गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं, जिससे वे शिक्षा पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकें। इसी को ध्यान में रखते हुए, छात्रावासों में भोजन, स्वच्छ जल आपूर्ति, पुस्तकालय, वाई-फाई और खेलकूद जैसी सुविधाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। योगी सरकार छात्रावासों में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बेहतर खानपान और मूलभूत ढांचे के विस्तार पर जोर दे रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राज्य में 15 छात्रावास पुराने और जर्जर अवस्था में हैं, जिन्हें नए रूप में विकसित करने के लिए विशेष बजट के रूप में 8 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके तहत सभी छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर, स्वच्छ शौचालय और नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन भी शुरू करने की योजना है, ताकि किसी भी समस्या का तुरंत समाधान हो सके। योगी सरकार प्रदेश के 8 जिलों में जर्जर 15 छात्रावासों के भवनों और यहां मिलने वाली सुविधाओं को अपग्रेट कर रही हैं। इसमें गाजीपुर के 04 छात्रावास, कानपुर नगर के 03, अयोध्या के 02 और सुलतानपुर के 02 छात्रावास शामिल हैं। इसके अलावा संतकबीर नगर, चंदौली, कन्नौज, कौशाम्बी के एक-एक छात्रावासों का कायाकल्प किया जा रह है। बता दें कि प्रदेश में सरकार 261 छात्रावासों का संचालन कर रही है, जिनमें 178 छात्रावास बालकों के लिए और 83 बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं। इन छात्रावासों में निःशुल्क सुविधाओं का लाभ पाकर हजारों विद्यार्थी अपने भविष्य को संवारने की ओर अग्रसर हैं।

## पार्किंग ठेकेदार द्वारा शिक्षकों से मारपीट पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**मवाना,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। तहसील परिसर में पार्किंग ठेकेदार द्वारा शिक्षक के साथ मारपीट करने के विरोध में मंगलवार को शिक्षक गोरियांक कोहला के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र तहसील पहुंचे। छात्रों ने पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की और एसडीएम मवाना प्रतीक्षा सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक गोरियांक कोहला ने बताया कि तहसील गेट पर कुछ शराबी दबंगों द्वारा अवैध पार्किंग चलाई जा रही है। इन पार्किंग ठेकेदारों और उनके लड़कों द्वारा आए दिन तहसील में आने वाले किसानों और फरियादियों के साथ मारपीट की जाती है। उन्होंने बताया कि इन युवकों के खिलाफ पहले से ही मारपीट, चोरी, लूट जैसी संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसके बावजूद अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को पार्किंग का ठेका दे दिया गया, जो तहसील में दबंगई दिखा रहे हैं। शिक्षक ने ठेके को तत्काल निरस्त करने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन भानू के युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित त्यागी ने कहा कि गोरियांक कोहला को उनका समर्थन है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर पार्किंग का ठेका निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन भानू तहसील में उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेगा।

## चौथे इंटरनेशनल ओपन वाको किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आगाज

- **नई दिल्ली के इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगी प्रतियोगिताएं**
- **22 देशों के दो हजार से अधिक दिग्गज खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**



**मेरठ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। चौथे इंटरनेशनल ओपन वाको किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप-2025 का नयी दिल्ली के इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में शानदार आगाज किया गया। जिसका उद्घाटन वर्ल्ड किकबॉक्सिंग फेडरेशन के चेयरमैन मिस्टर रोय बेकर, इंडियन किकबॉक्सिंग फेडरेशन के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं इंडियन किकबॉक्सिंग फेडरेशन के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डा. राजीव त्यागी, वरिष्ठ आई.ए.एस. एवं हरियाणा के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी आनंद मोहन सरन एवं वाको इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन रोमियो डेजा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

भारत की मेजबानी में आयोजित ब्रिटेन, आयरलैंड, जर्मनी, क्रोशिया, इस्टोनिया, आस्ट्रेलिया, यू.ए.ई., फिनलैंड, कजाकिस्तान, रूस, स्विट्जरलैंड समेत विश्व के 22 देशों के दो हजार से अधिक अलग-अलग वर्गों में (जूनियर,सब जूनियर, सीनियर वर्ग) दिग्गज खिलाड़ी इस चार दिवसीय 'इंटरनेशनल चैम्पियनशिप' में रिंग में उतरेंगे। कल चौथे 'इंटरनेशनल ओपन किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट -2025' का नयी दिल्ली स्थित 'इंदिरा गाँधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर' में शानदार शुभारम्भ हो गया। भारत की मेजबानी में तीन फरवरी से 6 फरवरी तक चलने वाली इस 'इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप' में दुनिया के 22 देशों के दो हजार से अधिक दिग्गज खिलाड़ी रिंग में एक-दूसरे देश के खिलाड़ियों के साथ भिड़ेंगे। समापन पर कई देशों के फेडरेशन प्रेसिडेंट/वाइस प्रेसिडेंट समेत खेल मंत्री एवं कई देशों के राजनयिक मौजूद रहेंगे। आज उदघाटन सत्र में भारतीय कलाकारों ने कई शानदार सांस्कृतिक आयोजन कर समारोह को यादगार बना दिया। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गाँधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के के.डी. जाधव इंडोर स्टेडियम में चैथे अंतरराष्ट्रीय ओपन किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप का शुभारम्भ वर्ल्ड किकबॉक्सिंग फेडरेशन के चेयरमैन एवं पांच बार के पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन रोय बेकर, भारतीय किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, किकबॉक्सिंग के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डा. राजीव त्यागी, वरिष्ठ आई.ए.एस. एवं अपर मुख्य सचिव हरियाणा श्री आनंद मोहन सरन, वर्ल्ड स्पोर्ट्स टेक्नीकल कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियन क्रोशिया के रोमियो डेजा आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

## संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा करने के लिए सड़क पर उतरी पुलिस

**मवाना,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने चैथे दिन भी संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने वाहनों की चेकिंग की और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। भ्रमण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर नशे की हालत में पाए गए लोगों को समझाकर चलता किया गया। कोतवाली प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने स्पष्ट रूप से कहा कि नगर में रोजाना फुट मार्च का उद्देश्य न केवल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना है, बल्कि शरारती तत्वों पर भी अंकुश लगाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। फुट मार्च में चैकी प्रभारी मनोज कुमार सहित सभी पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## तहसील में व्यक्ति के साथ दबंग ने की मारपीट

**मवाना,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। तहसील में किसी काम से आए एक व्यक्ति के साथ उसके ही गांव के एक दबंग व्यक्ति ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। इसके बाद पीड़ित ने एसडीएम से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा और कार्रवाई की मांग की। गांव मिर्जापुर निवासी विनोद कुमार पुत्र इंद्रपाल सिंह ने एसडीएम मवाना प्रतीक्षा सिंह से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा।

## 14 जनपदों मे विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**मेरठ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने उपभोक्ताओं को ग्रीष्म ऋतु में सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने हेतु ट्रांसफार्मरों की क्षतिग्रस्तता पर, प्रभावी नियंत्रण करने के लिए सभी 14 जनपदों मेरठ, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, बुलन्दशहर, गाजियाबाद एवं नोएडा जनपदों के वितरण खण्डों को अनुरक्षण अभियान चलने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान दिनांक 01 फरवरी 2025 से दिनांक 28 फरवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा, इस दौरान विद्युत व्यवस्था के सुद्धीकरण, अनुरक्षण से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

## एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व युवतियों को किया जागरूक

**मवाना,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को थाना की एंटी रोमियो टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व युवतियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। टीम की प्रभारी एसआई अंजुम पठान, एसआई दिव्या भारती और एसआई प्रीति शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना तिराहा, तहसील तिराहा आदि स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा एंटी रोमियो अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी महिला या युवती को कोई मनचला परेशान करता है, तो वह थाने या महिला हेल्पलाइन 1090 पर शिकायत दर्ज करा सकती हैं। टीम ने बताया कि प्रत्येक थाना स्तर पर महिला हेल्प डेस्क उपलब्ध है, जहां अधिकारियों की निरंतर ड्यूटी रहती है। यदि किसी महिला, बहन या बेटी को कोई समस्या होती है, तो वह महिला हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस टीम निर्धारित समय के भीतर संबंधित व्यक्ति पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा के प्रति सचेत करना और उन्हें उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी देना है।

### प्रेरणास्रोत बाबू विजेंद्र कुमार की जयंती के उपलक्ष्य में शोभित में मनाया जाएगा प्रेरणा दिवस

## शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा के क्षेत्र में बाबू जी का अतुलनीय योगदानः कुलाधिपति

- **तीन दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन**
- **विदेशी छात्र भी लेंगे हिस्सा, संस्कृति का आदान-प्रदान करने में मिलेगी सहायता**




**मेरठ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को शोभित विश्वविद्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों संबोधित करते हुए कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने बताया कि शोभित विवि में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रेरणा दिवस मेनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और प्रतिभागी अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। इस बार विदेशी छात्र भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे जो जनपद मेरठ के लिए गर्व की बात होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) वी. के. त्यागी, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, वरिष्ठ निदेशक देवेंद्र नारायण, प्रेरणा दिवस की संयोजिका डॉ. दिव्या प्रकाश, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डॉ. अभिषेक डबास आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रेरणा दिवस के मौके पर तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका उद्घाटन 6 फरवरी को कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन समारोह का प्रमुख आकर्षण एनसीसी कैडेट्स द्वारा भव्य मार्च पास्ट होगा, जो अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना का परिचायक होगा। इसके पश्चात अंतरराष्ट्रीय छात्रों के फुटबॉल मैच के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। कुलाधिपति ने बताया कि सन् 1998 से लगातार प्रेरणा दिवस मना रहा है। पहला प्रेरणा दिवस सन 1998 को मनाया गया था। शोभित विवि अपनी समृद्ध परंपराओं और उत्कृष्ट शैक्षिक दृष्टिकोण के साथ, हर वर्ष प्रेरणा दिवस का भव्य आयोजन करता है, जो न केवल संस्थान की गौरवशाली विरासत को दर्शाता है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास को भी प्रोत्साहित करता है। शोभित विश्वविद्यालय के प्रेरणास्रोत बाबू विजेंद्र कुमार की जयंती के उपलक्ष्य में प्रेरणा दिवस मनाया जाता रहा है और आगे भी ये दस्तूर जारी रहेगा। उनका शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में न केवल भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं अपने खेल-कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि विदेशों से आए हुए छात्र भी इस आयोजन में भाग लेंगे, जिससे यह आयोजन वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहचान बनाएगा। यह प्रतियोगिता केवल खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को विकसित करने का भी अवसर मिलेगा। अपनी समृद्ध परंपराओं और उत्कृष्ट शैक्षिक दृष्टिकोण के साथ, हर वर्ष प्रेरणा दिवस का भव्य आयोजन करता है, जो न केवल संस्थान की गौरवशाली विरासत को दर्शाता है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास को भी प्रोत्साहित करता है। प्रत्येक वर्ष की तरह विश्वविद्यालय, इस वर्ष भी 6 फरवरी से 8 फरवरी 2025 तक, प्रेरणा दिवस समारोह के अंतर्गत तीन दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन शोभित विश्वविद्यालय के प्रेरणास्रोत बाबू विजेंद्र कुमार जी की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है, जिनका शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में न केवल भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं अपने खेल-कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि विदेशों से आए हुए छात्र भी इस आयोजन में भाग लेंगे, जिससे यह आयोजन वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहचान बनाएगा। यह प्रतियोगिता केवल खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को विकसित करने का भी अवसर मिलेगा।

### 8 फावरी को होगा समापन कुलाधिपति करेंगे रक्तदान

शोभित विवि के प्रेरणा दिवस कार्यक्रम का 8 फरवरी को समापन होगा। 7 फरवरी को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन यानि 8 फरवरी को विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन शोभित विश्वविद्यालय और प्यारेलाल सरकारी अस्पताल के सहयोग से वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर विश्वविद्यालय की सामाजिक उत्तरदायित्व पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो पिछले 21 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ष इस शिविर में 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया जाता है, जिसमें विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्र, पूर्व छात्र, शिक्षकगण एवं अन्य लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इस पुनीत कार्य की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र जी स्वयं रक्तदान करके करेंगे।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला परामर्श समिति की बैठक

**मेरठ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला परामर्श समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओ के अंतर्गत लम्बित आवेदनो की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुये परियोजना प्रभारी यूपीनेडा को मेरठ शहर की विभिन्न कालोनियों, सरकारी कार्यालयों/विभागों, विद्यालयो, डिग्री कालेजो में योजना का विद्युत विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं स्थानीय स्तर पर निवास करने वाले शासकीय अधिकारियोध्कर्मचारियो को सोलर रूफटॉप लगाये जाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फार्मलाइजेशन आफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज योजना के अंतर्गत ऋण आवेदनो की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होने बैंको को समस्त योजनाओ के अंतर्गत लम्बित ऋण आवेदनो को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## अमेठी में पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड को तीन बड़ी सड़कों की सौगात

**स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। लोकनिर्माण विभाग के निर्माण खंड को तीन बड़ी सड़कों की सौगात मिली है। जिससे विभाग विशेष मरम्मत के निर्माण की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा है। इसमें 383.34 लाख की 22.04 किमी सड़कों का विशेष मरम्मत कार्य होना है। यह सड़कें जर्जर हो चुकी थी। लेकिन विभाग इस सड़क को बार बार गड्ढा मुक्त अभियान में ठीक कर रहा था। इसमें दो सड़कें स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास से और एक सड़क विधायक सुरेश पासी के प्रयास से हुई है। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र ने बताया कि 383.34 लाख की 22.04 किमी सड़कों पर विशेष मरम्मत कार्य होगा।



इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसमें जिलुली संपर्क मार्ग 56.06 लाख की लागत से 3.50 किमी, निजामपुर से सरदार गंज 55.42 लाख की लागत से 2.80 किमी और मोहद्दीनपुर से घोडवल घाट की 52.64 लाख रुपए की लागत से 3 किमी सड़कों पर विशेष मरम्मत कार्य होना है। रमेश चंद्र ने बताया कि तीनों सड़कों पर इसी सप्ताह कार्य शुरू हो जाएंगे। इसके लिए सड़कों के मानक और गुणवत्ता की निगरानी वे खुद करते हैं।

## स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के छात्रों ने यूथ स्केटिंग चैम्पियनशिप में जीते मेडल



**मवाना,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में 2 फरवरी 2025 (रविवार) को आयोजित यूपी वेस्टर्न स्टेट स्टेयर यूथ स्केटिंग चैंपियनशिप (2025-26) में स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई। कक्षा 5वीं के ऋषभ भाटी ने अंडर-10 एडजेस्टेबल कैटेगरी में दो सिल्वर मेडल जीतकर अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया, जबकि हर्षित मावी ने इसी कैटेगरी में एक ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया। चैंपियनशिप में मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और मथुरा के लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के दोनों छात्रों का चयन नेशनल लेवल के लिए हुआ है, जिसका श्रेय उनके स्केटिंग कोच अंकित को जाता है, जो उनकी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। विद्यार्थियों को सम्मान देने व प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल प्रबंधन ने उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए स्कूल प्रांगण में पुरस्कृत किया। स्कूल के प्रबंधक मनोज रस्तोगी व प्रबंधिका मीनू रस्तोगी ने प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा आपकी मेहनत और समर्पण ने आपको यहाँ तक पहुँचाया है और हमें विश्वास है कि आप नेशनल लेवल पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, परीक्षितगढ़ (मेरठ)

**पत्रांकः 2589 / लेखा/राज्यवित्त / केन्द्रीय 15वां वित्त / निविदा/2024-25** **दिनांक-01-02-2025**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर खण्ड विकास अधिकारी परीक्षितगढ़ जनपद मेरठ में विधायक एवं सांसद निधि/क्षेत्र पंचायत राज्य वित्त/15 केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत से शासकीय विभाग में पंजीकृत / मान्यता प्राप्त ठेकेदारों/फर्मों से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराए जाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता दिनांक 04-02-2025 से 10-02-25 तक अपराहन 2-00 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा का मूल्य कार्यालय से खाता संख्या प्राप्त कर अथवा नकद रूप में धनराशि जमा कर कार्यालय से क्रय कर सकते है। तथा निविदाये दिनाँक 10-02-2025 को अपराहन 2-00 बजे खण्ड विकास अधिकारी / गठित समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 खण्ड विकास अधिकारी, परीक्षितगढ़ के पक्ष में बन्धक कर जमा करनी होगी। तथा शेष 8 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आरखण्ड विकास अधिकारी परीक्षितगढ़ के नाम बन्धक कराकर जमा करनी होगी। अन्यथा भुगतान के समय कटौती कर ली जायेगी ॥ आयकर तथा जी0एस0टी0 / लेबर सैस नियमानुसार देय होगा। निविदा प्रपत्र के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र पैन, नं0, जी0एस0टी0 नं0 जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही जिन फर्मों/ठेकेदारों के निविदा/टेण्डर स्वीकृत होगे उन्हें स्वीकृत निविदा/टेण्डर के सापेक्ष प्रत्येक कार्य का लेबर डिपार्टमेंन्ट से रजिस्ट्रेशन कराकर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा। कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय में श्री अमित अनिल, अवर अभियंता (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है। अवकाश / अपरिहार्य की स्थिति में निविदाये अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। बिना कोई कारण बताये कोई भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी, परीक्षितगढ़ में निहित है। कोई भी सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। समस्त कार्य मद में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ही कराए जायेगे।

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्यों का विवरण | कार्य की अनुमानित लम्बाई (मी0में) | अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 18 प्रतिशत (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वि0निधि | ग्राम शौदत में आफताब की दुकान से मामूर के मकान तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 100 मी0 | 4-50 | 9000.00 | 500+90=590 | 03 माह |
| 2 | वि0नि0 | धनपुर में कृष्णपाल सिंह पुत्र स्व0श्री नत्थू सिंह के पास हाई मास्ट लाईट पोल सहित | 01 नग | 1-398 | 3000.00 | 200+36=236 | 03 माह |
| 3 | सांसद निधि | ग्राम खानपुर गढ़ी में हाई मास्ट लाईट पोल सहित | 03 नग | 4-19 | 10000.00 | 500+90=590 | 03 माह |
| 4 | टाईड | ग्राम ऐंची कला में तालाब खसरा से 364 का डेसींग पुस्ता निर्माण व अन्य कार्य | 54 मी0 | 9-18 | 20000.00 | 500+90=590 | 03 माह |
| 5 | राज्य वित्त | ग्राम सोना में शमशान शेड का निर्माण कार्य | 01 | 9-99 | 20000.00 | 500+90=590 | 03 माह |
| 6 | राज्य वित्त | ग्राम निमका में मैन रोड से अनिल बोबडू के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 74 मी0 | 4-56 | 10000.00 | 500+90=590 | 03 माह |
| 7 | राज्य वित्त | ग्राम चितवाना शेरपुर में राजेन्द्र पुत्र शीतल शर्मा के मकान से कवरपाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 64 मी0 | 8-52 | 18000-00 | 500+90=590 | 03 माह |
| 8 | किटिकल गैप्स। | ग्राम धनपुर पोस्ट तोहफापुर में शिव मन्दिर बड़ा महादेव के पास हाई मास्क लाईट की स्थापना | 01 | 1.39 | 3000-00 | 500+90=590 | 03 माह |

**अमित अनिल**
**अवर अभियंता (आर0ई0डी0)**
**परीक्षितगढ़ (मेरठ)**

**(अजय कुमार)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**परीक्षितगढ़ (मेरठ)।**

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 5 फरवरी, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17




# महामंडलेश्वर संजनानन्द गिरी ने किया चतुष्पथ यात्रा का जयघोष

**लखनऊ,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। कामाख्या पीठ की साधिका व निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी संजना नंद गिरी ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और धर्म के प्रति लोगों में फैल रही गलत धारणाओं के निवारण के लिये चतुष्पथ यात्रा का उद्घोष किया है।

यात्रा मार्च से शुरू होकर तकरीबन दो माह तक चलेगी, संपूर्ण यात्रा को दो चरणों में आयोजित किया गया है? जिसका

पहला चरण महामंडलेश्वर संजनानंद के मूल स्थान कामाख्या पीठ से शुरू होकर जोधपुर तक और द्वितीय चरण रामेश्वरम से शुरू होकर कश्मीर के लाल चौक पर जाकर संपूर्ण होगा। यात्रा के दौरान संजना नंद देश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में धर्म को लेकर विभिन्न आयोजन व व्याख्यानों को संबोधित करेंगी। साथ ही मार्ग में पड़ने वाले सभी प्रमुख धर्म स्थान, शक्ति पीठों, देवस्थानों के साथ-साथ सनातन धर्म से जुड़े विद्वानों के साथ उनकी मुलाकात भी होगी । इस धर्म यात्रा में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों व पक्ष विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है । यात्रा के लिये अलग-अलग कई विभागों का गठन महामण्डलेश्वर संजनानंद गिरी के ऑफिस द्वारा किया गया है। संपूर्ण यात्रा के प्रचार अभियान व संपर्क प्रमुख का दायित्व फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक दुष्यंत प्रताप सिंह स्वयं देख रहे हैं। उनके मुताबिक भारतीय फिल्म व कला जगत के बड़े सितारों ने अपना समर्थन महामण्डलेश्वर को दिया है।

यात्रा में शैक्षिक वर्ग, व्यावसायिक वर्ग, कला जगत के साथ-साथ अन्य धर्म व संस्कृतियों से जुड़े लोग भी मूर्त रूप से हिस्सा लेंगे। हरियाणा के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता व सरपंच खाप के पूर्व प्रधान वेद प्रकाश ने यात्रा को अपना समर्थन दिया है।

## अदाणी समूह को सेवा कार्यों पर स्वामी ज्ञानानंद ने दिया साधुवाद

प्रयागराज में जारी महाकुंभ 2025 में सेवा-सद्भाव को सनातन की विशेष गरिमा बताते हुए महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने अदाणी समूह द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। स्वामी ज्ञानानंद एक शिक्षाविद, दार्शनिक, मार्गदर्शक, लेखक और योगी हैं। उन्होंने नैतिकता, मूल्यों, और गीता पर कई किताबें लिखी



हैं और व्याख्यान दिए हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने महाकुंभ में अदाणी ग्रुप द्वारा चलाई जा रही महाप्रसाद सेवा की विशेष तौर पर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ का मंगलमय अवसर है जहां पूरे कुंभ क्षेत्र में सत्संग, कथाओं का अमृतपान हो रहा है। इसके अलावा यज्ञ-अनुष्ठान आदि भी अपनी जगह हो रहे हैं। लेकिन सनातन की सबसे बड़ी गरिमा सेवा-सद्भाव है। यहां सेवा को प्राथमिकता देते हुए स्थान-स्थान पर भंडारों का आयोजन हो रहा है। इस संदर्भ में अदाणी ग्रुप द्वारा किया जा रहा सेवाभाव बहुत विशेष और सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि अदाणी ग्रुप द्वारा बड़े स्तर पर कुंभ क्षेत्र में भोजन की व्यवस्था की गई है। स्थान-स्थान पर महाप्रसाद वितरण का कार्य रखा गया है। इसके लिए अदाणी ग्रुप को बहुत शुभकामनाएं और साधुवाद। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि सामर्थ्य मिलना ईश्वर की कृपा होती है। लेकिन उस सामर्थ्य का सदुपयोग करना ईश्वर की विशेष कृपा है और अगर यह कुंभ क्षेत्र के आसपास हो रहा हो तो ये शानदार प्रयास है। मैं अदाणी ग्रुप को उनके प्रयासों के साथ मंगलकामनाएं देता हूं। महाकुंभ में अदाणी समूह की ओर से महाप्रसाद वितरण, गीता प्रेस के सौजन्य से आरती संग्रह का निःशुल्क वितरण आदि जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने अदाणी समूह के योगदान को समाज के लिए प्रेरणा स्रोत और लोक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और अन्य लोगों के लिए एक आदर्श बताया। उल्लेखनीय है कि ध्यान, सेवा, और मानवता के प्रति समर्पण (सत्संग, सेवा और सुमिरन) जैसे विचारों के लिए समर्पित ज्ञानानंद ने श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति (संगठन) की स्थापना की है।

# भूटान नरेश संग मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई पावन डुबकी

## महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक

**महाकुंभ नगर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गए। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया।

सदी के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने प्रयागराज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुंभ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुंभ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के महात्म्य से भूटान नरेश को कराया परिचित**







# महाकुंभ से प्रस्थान के बाद काशी अगला गंतव्य, वहीं मनाएंगे शिवरात्रि और होली : महंत राम रतन गिरी



**महाकुंभ नगर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। तीर्थराज प्रयागराज में जारी महाकुंभ में तीसरा अमृत स्नान बसंत पंचमी के अवसर पर रविवार 2 फरवरी से शुरू होकर सोमवार 3 फरवरी को पूरा हुआ। हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व दो दिन तक जारी रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने दोनों दिनों संगम में स्नान किया। अमृत स्नान के बाद विभिन्न अखाड़ों के संत और नागा संन्यासी अपने-अपने डेरों की ओर लौटने की तैयारी में जुट गए हैं।

महाकुंभ मेला प्रशासन ने अखाड़ों को सोमवार तड़के शाही स्नान के लिए निर्धारित समय प्रदान किया था। इस अवसर पर नागा संन्यासियों और साधु-संतों ने पारंपरिक साज-सज्जा के साथ स्नान किया। वे रथों, हाथियों, ऊंटों और घोड़े पर सवार होकर संगम तट पहुंचे। बसंत पंचमी के स्नान के बाद अब धीरे-धीरे अखाड़े प्रस्थान करने की तैयारी कर रहे हैं।

अखाड़ों के लौटने की भी एक परंपरा है जिसमें उनके गंतव्य भी निर्धारित हैं। इस बारे में निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत राम रतन गिरी महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर यह अंतिम शाही स्नान था। हमारे यहां रोजाना पूजा होती है। पांच पंडित देवताओं की पूजा करते हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य तीन अमृत स्नान थे जो कल पूरे हो गए हैं। अब हम प्रस्थान करेंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि अखाड़े शुभ मुहूर्त देखकर ही जाते हैं। इस बार यह शुभ मुहूर्त 7 तारीख को निकला है। उन्होंने कहा, हम सात अखाड़े अब बनारस के लिए निकल जाएंगे। वहीं पर हमारी शिवरात्रि और होली होगी। इसके लिए हमारे अखाड़े का शुभ मुहूर्त 7 तारीख को निकला है। उस दिन यहां से हम प्रस्थान कर लेंगे। प्रस्थान से पहले कढ़ी-पकौड़ा, चावल-बूरा के सेवन को शुभ माना जाता है। हम इनका सेवन करने के बाद बनारस जाएंगे।

बनारस जाने की परंपरा पर उन्होंने कहा कि हम शिव के उपासक हैं। हमारे अखाड़े काशी में स्थापित हैं। भगवान शिव भी काशी में स्थापित हैं। महाकुंभ अभी चल रहा है जिसके बाद काशी जाना है। ऐसा पावन अवसर कहां मिल पाएगा। काशी में हम शिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। वहां शिवरात्रि और होली मनाने के बाद हम हरिद्वार जाएंगे। ऐसी ही परंपरा रही है।

महंत राम रतन गिरी महाराज ने बताया कि महाकुंभ में जिस तरह से नगर प्रवेश के बाद विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई थी, अब जाने से पहले भी पूजन अर्चन हवन आहुति दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सभी अखाड़े के संत महंत संन्यासी अपना-अपना सामान समेटने लगे हैं। अब छह साल बाद 2031 के कुंभ में फिर से अखाड़ों के साधु-संत प्रयागराज आएंगे और दोबारा यहां एकजुट होंगे।

# हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं : योगी



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध महाकुंभ यात्रा का किया शुभारंभ
- बोले, भगवान बुद्ध ने दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश दिया, आज यदि भारत रहेगा तो भगवान बुद्ध का संदेश भी रहेगा

**महाकुंभ नगर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज दौरे पर बौद्ध महाकुंभ यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपासना विधियों का एक मंच पर आना अभिनंदनीय है। हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं हैं। यदि ये एक ही मंच पर आ जाएं तो यह दुनिया में सबसे शक्तिशाली वटवृक्ष बनेगा जो उन्हें छांव भी देगा और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने बौद्ध संतों और विद्वानों पर पुष्प वर्षा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश दिया। आज यदि भारत रहेगा तो भगवान बुद्ध का संदेश भी रहेगा। कुछ लोग आज भारत को बांटने का षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों से भारत विरोधी तत्वों की नींद हराम हो चुकी है। वह अलग-अलग माध्यमों से दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन सांच को आंच कहां। सत्य तो सत्य होगा। भगवान बुद्ध ने कहा था कि सत्य की अनुभूति की जाती है, सत्य को शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। इसी सत्य की अनुभूति आज यहां कोटि-कोटि संतों और श्रद्धालुओं को हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां एक तरफ यह महाकुंभ एकता का संदेश दे रहा है तो वही बहुत सारे लोगों को यह कार्यक्रम अच्छे नहीं लग रहे। 38 करोड़ श्रद्धालु कैसे प्रयागराज महाकुंभ में आकर आस्था की डुबकी लगा लिए हैं। भारत का डंका दुनिया में बजा दिया है। इसने भारत विरोधी तत्वों की नींद हराम कर दी हैं। महाकुंभ का आयोजन एकता का संदेश देने का सबसे बड़ा माध्यम है। यह आत्म साक्षात्कार का भी माध्यम है। इस महाकुंभ से यह संदेश पूरी दुनिया को जाना चाहिए। प्रसन्नता है कि आप लोग यहां पर आए, महाकुंभ के साक्षी बने और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर एकता के संदेश को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इंद्रेश जी समेत बौद्ध धर्म से जुड़े संत उपस्थि रहे।

# सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्व गढ़ रहे असत्य के प्रतिमान: योगी

**महाकुंभ नगर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर बरसे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर देश व दुनिया गौरव की अनुभूति कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्वों के द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं।

**मीडिया से बातचीत में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पर बरसे मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य न इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर कराता है, बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार पहले दिन से महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इनका यह बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय व शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना कि मौनी अमावस्या में हजारों लोग मर गए, यह अफसोसजनक है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि संसद में मर्यादित बयान रखें। दोनों नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। इनका बयान गुमराह करने वाला है। दोनों दलों में प्रतिस्पर्धा है कि कौन कितना सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य दे सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहना कि कोई आंकड़े नहीं दिए गए, गलत है। प्रशासन ने भी आंकड़े दिए गए और मैंने भी उन्हें सबके सामने रखा। घटना दुखद थी। इससे हर कोई दुखी थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने मिलकर क्विक रिस्पांस से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। सीएम ने कहा कि उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में थे। सनातन धर्म विरोधी और यह दोनों दल चाहते थे कि बड़ा हादसा हो जाए। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि किसी भी स्थिति में जीरो हादसे तक लेकर जाएं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से यह घटना घटित हुई। प्रशासन व संबंधित संस्थाओं ने क्विक रिस्पांस से कार्य किया और उन्हें हॉस्पिटलाइज किया। इसमें कुछ लोग हादसे का शिकार हुए, यह दुखद है।

# 23वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन

**महाकुंभ नगर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। संगम नगरी प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी में रोजाना लाखों-करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। इसी सिलसिले में महाकुंभ के 23वें दिन भी अधिक संख्या में श्रद्धालु संगम पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने अच्छी व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन की तारीफ की और प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी को भी सराहा।

जम्मू की रहने वाली एक महिला श्रद्धालु वनिता सूरी ने बताया कि महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था है। हम एक दिन पहले से आए हुए हैं और बहुत मजा आ रहा है। जैसे कि लोगों ने डराया हुआ था कि महाकुंभ नहीं जाना है, आते समय हमें डर भी लग रहा था, लेकिन यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा। लेकिन यहां पर सारी व्यवस्था ठीक थी, सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ख्याल रखा गया है। जब हम रात में आए तो आर्मी और पुलिस के लोग भी मौजूद थे। हमने बहुत आराम से स्नान किया।

जम्मू से ही आए अमित ने बताया कि महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था थी। पीएम मोदी और



**भव्य आयोजन के लिए सरकार को सराहा**

सीएम योगी ने लोगों के लिए जो व्यवस्था की है, वो बहुत ही सराहनीय है। सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा गया है।

एक अन्य श्रद्धालु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ की एक नंबर व्यवस्था है। मैं दो बार महाकुंभ में नहाया। एक बार बसंत पंचमी के दिन रात को 11 बजे और दूसरी बार सुबह चार बजे। महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी थी, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम थे। इस बार पुलिस एक जगह भीड़ जुटने नहीं दे रही है।

मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ को लेकर उन्होंने कहा कि कोई डर का माहौल नहीं है। ये बहुत बड़ा आयोजन है। छोटे-मोटे हादसे के डर में घर में नहीं रह सकते।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से आए अनंता ने भगवान हनुमान का स्वरूप धारण किया हुआ है। वह इस रूप से भक्तों को खास संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस स्वरूप से भक्तों को ये संदेश दे रहे हैं कि सभी हिंदू राष्ट्र के लिए मदद करें, ताकि देश हिंदू राष्ट्र बने।

बता दें कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महाकुंभ में 23वें दिन सुबह 8 बजे तक 20.65 लाख श्रद्धालु आए जबकि 30.65 लाख लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी मौजूद हैं। बता दें कि महाकुंभ में अभी तक 37.54 करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं।

# कुंभ में आने वाले हमारे प्रयासों की सराहना करते हैं तो सारी थकान हो जाती है दूर

**महाकुंभ नगर,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ को सफल बनाने में यहां ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मचारियों की भी अहम भूमिका है। यहां पर तीन अमृत स्नान हुए। करोड़ों की संख्या में देश भर से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। लेकिन, संगम तट पर गंदगी देखने को नहीं मिली। सफाई कर्मचारियों ने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया और पूरे परिसर को साफ-सुथरा रखा।

महाकुंभ नगर में तैनात सफाई कर्मचारी ज्योति ने संगम नोज पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा कर्तव्य यहां स्वच्छता सुनिश्चित करना है और मैं इस क्षेत्र को साफ रखने का प्रयास करती हूं। तीर्थयात्री



हमारे प्रयासों की सराहना करते हैं और उनका सम्मान पाकर बहुत अच्छा लगता है। दिन भर जो काम करने से थकान होती है, यहां आए श्रद्धालुओं की प्रशंसा से वह दूर हो जाती है।

ज्योति ने बताया कि पीएम मोदी जब 2019 में यहां आए थे तो उन्होंने खास तौर पर मेरा सम्मान किया था। उन्होंने हम सफाई कर्मचारियों के महत्व को समझा। वह जब प्रयागराज आएंगे तो हमें उम्मीद है कि फिर से हम लोगों का सम्मान करेंगे। पीएम मोदी को लेकर मन में भारी उत्साह है। हम लोग एक बार फिर उनसे रू-ब-रू हो सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि 3 फरवरी को वसंत पंचमी पर लाखों श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया। वहीं, अब तक करीब 37 करोड़ के लगभग श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। हालांकि, अब महाकुंभ में साधु-संत वापिस लौटने की तैयारी कर रहे हैं। यहां से कुछ साधु-संत वाराणसी की ओर जाएंगे। वहां महाशिवरात्रि पर भगवान विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। इसके बाद कई साधु-संत हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे। इधर, प्रयागराज की धरती पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 4.76 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 3.83 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.50 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.38 प्रतिशत |
| रिलायंस | 3.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी होटल्स | 4.16 प्रतिशत |
| जोमैटो | 1.57 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.81 प्रतिशत |
| मारुति | 0.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.11 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 84,213 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.33 | 86.35 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6300-6400 |
| दाल चना | 7300-7400 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9300-9400 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8000-8100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# कर सुधार बजट का महत्वपूर्ण तत्व : पांडेय

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने मंगलवार को कहा कि कर सुधार आम बजट का महत्वपूर्ण तत्व है क्योंकि अर्थव्यवस्था के शेष हिस्से पर इसका काफी प्रभाव पड़ता है। इसे पहली बार बजट के पार्ट-ए में शामिल किया गया है। एसोचैम के बजट बाद सम्मेलन में वित्त सचिव ने कहा कि बहुत ज्यादा करों के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं। हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है, कर आधार का विस्तार करें, अर्थव्यवस्था का विस्तार करें, कर राजस्व भी अपने-आप बढ़ेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछले तीन साल में व्यक्तिगत आयकर में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक ही करदाता पर बहुत ज्यादा कर लगाकर कोई फायदा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आय सृजन के लिए व्यापक अवसर तैयार करने और स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि बजट बनाना वास्तव में विभिन्न अनिवार्यताओं को संतुलित करना है और कभी भी चीजों को अलग-अलग नहीं रखा जा सकता। पांडेय ने कहा कि बजट में घोषित भारत व्यापार नेट सभी

आय सृजन के लिए व्यापक अवसर तैयार करने व स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की आवश्यकता




बहुत ज्यादा करों के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं, हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है : तुहिन कांत पांडेय, वित्त सचिव

हितधारकों को जोड़ेगा और सीमा शुल्क प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। यह महज यूपीआई नहीं है, यह उससे कहीं अधिक क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि यह अब मानकों के अनुपालन तक सीमित नहीं है; जीएसटी की हमारी अवधारणा की दुनिया में बेमिसाल है और हमने जो हासिल किया है, हमें उस पर गर्व होना चाहिए।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि समय के साथ कर विभाग का दृष्टिकोण बदल गया है। मार्गदर्शक सोच यह है कि सवाल केवल कर एकत्र करने के बारे में नहीं है और कर मूल रूप से आय के एक हिस्से का परिणाम है, आप आय सृजन करते हैं और फिर अपने-आप कर राजस्व मिलता है। प्रत्यक्ष कर अधिनियम में संशोधन, कर स्लैब में बदलाव और छूट को इसी नजरिये से देखा गया है।

उन्होंने बताया कि टीडीएस और टीसीएस प्रावधानों को तर्कसंगत बनाना, उन प्रावधानों को अपराध मुक्त करना और बजट में शामिल अपडेट रिटर्न की अवधारणा का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को सुविधाजनक बनाना है।

सीबीडीटी के अध्यक्ष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार एक सक्षम वातावरण और प्रौद्योगिकी-संचालित पारदर्शी कर प्रशासन के साथ सक्रिय, नियम-आधारित, यूजर के अनुकूल, डेटा-संचालित और हस्तक्षेप न करने का विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक वस्तुओं से संबंधित 12,500 टैरिफ लाइनों में से 8,500 टैरिफ लाइनों के संबंध में सीमा शुल्क दर को युक्तिसंगत बनाया गया है। कृषि वस्तुओं और वस्त्रों में उनकी अत्यधिक संवेदनशील प्रकृति के कारण बदलाव नहीं किया गया है। ये दरें लगभग दो दशकों से अपरिवर्तित बनी हुई हैं और ऐसी धारणा है कि भारत में दरें बहुत अधिक हैं। दरों को अब 20 प्रतिशत तक युक्तिसंगत बनाया गया है जो 70 से 20 प्रतिशत के बीच थीं, और जो 70 प्रतिशत से अधिक थीं उन्हें 70 प्रतिशत तक लाया गया है।

# बीकन ने कनाडाई एनआरआई के लिए भारत में बिल भुगतान को किया आसान




- सेवा भारत कनेक्ट व यस बैंक के सहयोग से शुरू की गई
- अब गूगल प्ले स्टोर और आईओएस पर भी हुआ उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा में प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की वित्तीय जरूरतों को सरल बनाने के लिए बीकन ने एक अभिनव 'इंडिया बिल पे' सेवा लॉन्च की है, जिससे यूजर अपने बीकन मनी अकाउंट से सीधे कनाडाई डॉलर में भारत के बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह सेवा भारत कनेक्ट (बीबीपीएस) और यस बैंक के सहयोग से शुरू की गई है और अब गूगन प्ले स्टोर और आईओएस पर उपलब्ध है। भारत में भेजे जाने वाले धन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा परिवार के भरण-पोषण में खर्च होता है। ऐसे में कई एनआरआई को कनाडा में अपनी वित्तीय स्थिति संभालने और भारत में अपने परिवार के दायित्वों को पूरा करने में कठिनाई होती है। अब तक, एनआरआई को भारतीय बैंक खातों या परिवार और दोस्तों की मदद पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन बीकन इंडिया बिल पे इस प्रक्रिया को सरल और स्वतंत्र बना रहा है।

बीकन के सह-संस्थापक और मुख्य उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी आदित्य म्हात्रे ने कहा कि एक एनआरआई के रूप में मुझे भारत में बिल भुगतान करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसलिए, हमने यस बैंक और भारत कनेक्ट के साथ साझेदारी कर बीकन इंडिया बिल पे विकसित किया, जो एनआरआई के लिए एक सहज और सुविधाजनक समाधान प्रदान करता है।

अब आपको परिवार से मदद मांगने की जरूरत नहीं बल्कि सीधे अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं। यस बैंक द्वारा संचालित यह सेवा रुपया आहरण व्यवस्था (आरडीए) ढांचे के तहत काम करती है।

# साउथ इंडियन बैंक ने स्टार्टअप्स के लिए लांच किए विशेष चालू खाते

**कोच्चि,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक (एसआईबी) ने दो विशेष स्टार्टअप चालू खाते बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता और कॉर्पोरेट स्टार्टअप चालू खाता लॉन्च किए हैं। बैंक ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह पहल उन उद्यमियों को समर्थन देने के लिए की गई है, जो अपने व्यवसाय की शुरुआत कर रहे हैं और वित्तीय स्थिरता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

एसआईबी बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता मुख्य रूप से एकल स्वामित्व और साझेदारी फर्मों के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे अपने शुरुआती वर्षों में एक मजबूत बैंकिंग आधार बना सकें। इस खाते का योग्य होने के लिए संबंधित फर्म की निगमन या पंजीकरण तिथि तीन साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। इन खातों में कई अनूठी विशेषताएं शामिल हैं जैसे तीन वर्षों तक शून्य न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता, डिजिटल चैनलों के माध्यम से असीमित मुफ्त आरटीजीएस-एनईएफटी लेनदेन, प्रीमियम डेबिट कार्ड, जो हवाईअड्डे के लाउंज एक्सेस जैसी विशेष सुविधाएं प्रदान करता है।

# डिजी यात्रा प्लेटफॉर्म यूजर्स की संख्या एक करोड़ के पार

**बेंगलुरु,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। डिजी यात्रा ने एक करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है। हर दिन औसतन 30,000 लोग इस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं। यह डिजिटल यात्रा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। यह घोषणा प्लेटफॉर्म ने मंगलवार को की। सेल्फ सोवेरन आइडेंटिटी (एसएसआई) आधारित यह इकोसिस्टम एयरपोर्ट पर संपर्क रहित और यात्री के चेहरे की बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग करके काम करता है। 1 करोड़ यूजर्स का मील का पत्थर हासिल करना प्लेटफ़ॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता और गोपनीयता-सुरक्षा और अच्छे यात्रा अनुभव प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है। डिजी यात्रा फाउंडेशन के सीईओ सुरेश खड़कभवी ने कहा कि 10 मिलियन जैसे मील का पत्थर हमारे यूजर्स के हम पर रखे गए विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। 'डी-केवाईसी' अभियान पहल सहित हमारे प्रयासों ने हमें 2024 में विकास को आगे बढ़ाने में मदद की। हमारा लक्ष्य भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए नए विचार, गोपनीयता और यात्री अनुभव के विकास की गति को बनाए रखना है।




- हर दिन औसतन 30 हजार लोग ऐप को कर रहे डाउनलोड

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए डिजी यात्रा को सक्षम बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के साथ हमारी साझेदारी 2025 में और अधिक वृद्धि को प्रेरित करेगी। बता दें कि डी-केवाईसी (अपने ग्राहक को न जानें) अभियान अक्टूबर में शुरू किया गया था। यह यूजर्स की गोपनीयता और पसंद के प्रति प्लेटफ़ॉर्म की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह अभियान इस बारे में था कि डिजी यात्रा किस तरह से ग्राहकों की जरूरतों को उनके व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस किए बिना पूरा करती है। दिसंबर 2022 में स्थापित, डिजी यात्रा भारत के 24 एयरपोर्ट पर यात्री प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने के लिए फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक का लाभ उठाती है। इसने आज तक 45 मिलियन से अधिक बिना रुके यात्राओं की सुविधा प्रदान की है, जिससे कई यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला है। डिजी यात्रा की 2025 के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

## सार संक्षेप

### होमएक्सचेंज ने भारत में शुरू किया परिचालन

**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थित होम-शेयरिंग सेवा प्रदाता कंपनी होमएक्सचेंज ने मंगलवार को भारत में आधिकारिक रूप से अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म भारतीय यात्रियों को प्रामाणिक, किफायती और टिकाऊ तरीके से दुनिया की खोज करने का अवसर प्रदान करता है।होमएक्सचेंज दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे भरोसेमंद होम-स्वैपिंग समुदाय है, जो यात्रियों को बिना किसी आवास शुल्क के यात्रा करने की सुविधा देता है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्य अपने घरों की अदला-बदली कर सकते हैं, जिससे यात्रा की सबसे बड़ी लागतपूरी तरह समाप्त हो जाती है। 155 देशों में उपलब्ध यह सेवा, मेजबान और अतिथि के बीच किसी भी वित्तीय लेन-देन के बिना, यात्रियों को एक सुलभ और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करती है। होमएक्सचेंज के सह-संस्थापक चार्ल्स-एडौर्ड गिरार्ड ने कहा कि हम भारत में होमएक्सचेंज लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं।

### एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए जूरी का ऐलान


**मुंबई।** डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) ने भारत भर में असाधारण पारिवारिक स्वामित्व वाले बिजनसेज, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न के योगदान को मान्यता देने वाले एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए जूरी पैनल की घोषणा की है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व, विजन और विकास का प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के लिए है। एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए बनाई गई जूरी में इंफोसिस के पूर्व प्रबंध निदेशक और जूरी पैनल के अध्यक्ष एस. डी. शिबूलाल, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री और स्वतंत्र निदेशक डॉ. बृंदा जागीरदार, कैटामारन वेंचर्स के अध्यक्ष और एचडीएफसी के बोर्ड सदस्य एम. डी. रंगनाथ और डेलॉयट के सीनियर एडवाइजर मनोज कोहली शामिल हैं। ये लोग पुरस्कारों में विशेषज्ञता और गहरी समझ शामिल करते हुए देश भर में अनुकरणीय बिजनसे का जश्न मनाने के लिए एक मजबूत और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे।

### प्रीमियम स्मार्टफोन का बाजार 36 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में साल 2024 में भी दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि दर बरकरार रही। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की चौथी तिमाही में पहली बार एप्पल शीर्ष पांच स्मार्टफोन ब्रांड में जगह बनाने में कामयाब रहा। एप्पल ने साल-दर-साल 72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, और चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50 हजार से एक लाख रुपये) और उबर-प्रीमियम सेगमेंट में क्रमशः 10 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

# ट्रंप के टैरिफ को टालने के फैसले से उछला बाजार

- सेंसेक्स 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,583.81 अंक पर
- निफ्टी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद




**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाने के लिर्णय को अगले तीस दिनों तक टालने के निर्णय से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार करीब दो प्रतिशत तक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1397.07 अंक अर्थात 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब चार सप्ताह बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 378.20 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.35 प्रतिशत उछलकर 43,075.22 अंक और स्मॉलकैप 1.20 प्रतिशत मजबूत होकर 49,801.07 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2509 में लिवाली जबकि 1410 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2899 कंपनियों के शेयरों में से 1951 में तेजी जबकि 863 में गिरावट रही वहीं 85 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में एफएमसीजी की 0.13 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 में तेजी रही। इससे कैपिटल गुड्स 3.42, कमोडिटीज 1.63, सीडी 0.37, ऊर्जा 2.50, वित्तीय सेवाएं 2.00, हेल्थकेयर 1.59, इंडस्ट्रियल्स 2.59, आईटी 1.36, दूरसंचार 0.88, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 0.97, बैंकिंग 2.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.94, धातु 1.63, तेल एवं गैस 2.40, पावर 2.31, रियल्टी 0.35, टेक 1.29, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.34 प्रतिशत चढ़ गए।


विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.72 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 501 अंक की तेजी के साथ 77,687.60 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,402.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 78,658.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,186.74 अंक के मुकाबले 1.81 प्रतिशत की तेजी लेकर 78,583.81 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एलटी 4.76, अडानी पोर्ट्स 3.83, इंडसइंड बैंक 3.50, टाटा मोटर्स 3.38, रिलायंस 3.28, अल्ट्रासिमको 2.78, एशियन पेंट 2.69, एक्सिस बैंक 2.62, एनटीपीसी 2.57, एचडीएफसी बैंक 2.51, एचसीएल टेक 2.46, कोटक बैंक 2.40, एसबीआई 2.39, इंफोसिस 1.90, सन फार्मा 1.32, आईसीआईसीआई बैंक 1.25, टाटा स्टील 1.14, बजाज फिनसर्व 1.10, टीसीएस 0.93, पावरग्रिड 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.60, भारती एयरटेल 0.56, आईटीसी 0.30, टाइटन 0.26 और बजाज फाइनेंस 0.15 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, आईटीसी होटल्स 4.16, जोमैटो 1.57, नेस्ले इंडिया 0.81, मारुति 0.23, टेक महिंद्रा 0.11 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.06 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# शार्प बिजनेस सिस्टम ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले कारोबार को खरीदा


**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के डिस्प्ले प्रौद्योगिकी परिदृश्य के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत शार्प बिजनेस सिस्टम (इंडिया) ने गर्व के साथ एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण की घोषणा की है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते एक विज्ञप्ति में कहा कि उसकी यह पहल एकीकरण शार्प के विजुअल समाधान पोर्टफोलियो को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाता है, जो भारत के तेज़ी से बढ़ते डिस्प्ले बाज़ार के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और खुदरा, शिक्षा, विमानन, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और स्मार्ट शहरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाता है।




शार्प बिजनेस सिस्टम्स ने कहा है कि वह नवाचार के माध्यम से भारत के गतिशील क्षेत्रों में बेजोड़ मूल्य प्रदान करने और 24/7 संचालन के साथ उद्योगों का समर्थन करने के लिए तैयार है। यह विलय शार्प और एनईसी दोनों के मौजूदा भागीदारों के लिए उत्पाद पोर्टफोलियो को समृद्ध करता है, जो विविध उद्योग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार उच्च-प्रदर्शन समाधानों का एक व्यापक सूट प्रदान करता है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ओसामु नारिता ने कहा कि यह विलय न केवल हमारे उत्पाद की पेशकश को बढ़ाता है बल्कि हमारे ग्राहकों को बेजोड़ सेवा और सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता को भी मजबूत करता है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालें सस्ती हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 47 रिंगिट गिरकर 4580 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.17 सेंट की गिरावट के साथ 45.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मूंग दाल 300 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 250 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं मसूर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।


**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# रबी फसलों की बुवाई का रकबा 661 लाख हेक्टेयर के पार

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। देश में मौजूदा सीजन में रबी फसलों की बुवाई का रकबा 661.03 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है। पिछले सीजन में इसी अवधि तक यह आंकड़ा 651.42 लाख हेक्टेयर था। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि गेहूं की बुआई का रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 318.33 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 324.38 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिससे इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दालों का कुल रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 137.80 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 140.89 लाख हेक्टेयर हो गया है। इससे दालों की कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो पिछले कुछ समय से बढ़ती खाद्य महंगाई का प्रमुख कारक बनी हुई हैं।

श्री अन्न और मोटे अनाज की बुवाई का क्षेत्र 55.25 लाख हेक्टेयर होने की जानकारी मिली है। चावल का रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 40.59 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 42.54 लाख हेक्टेयर हो गया है।



- इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद
- मुद्रास्फीति को कम करने में मिलेगी मदद
- सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद

इस साल कुल बुआई क्षेत्र बढ़ने से आवश्यक खाद्य वस्तुओं का उत्पादन बढ़ने और मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद है, जबकि अर्थव्यवस्था के लिए विकास का दृष्टिकोण सतर्क रूप से आशावादी है, क्योंकि कृषि क्षेत्र को अनुकूल मानसून की स्थिति, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और इनपुट की पर्याप्त आपूर्ति से लाभ मिलने की संभावना है।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों, दालों और चीनी की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित देश की खुदरा मुद्रास्फीति दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई। अक्टूबर में 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत को छूने के बाद मुद्रास्फीति में लगातार कमी आ रही है। नवंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर 5.48 प्रतिशत रह गई थी। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट का कारण प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी रही है।

# खेल जगत

## घर-घर में खिलाड़ी तैयार करना है सरकार का मकसद : आर्या

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने मंगलवार को अल्मोड़ा के रानीखेत और सोमेश्वर विधानसभा में एक मिनी स्टेडियम और दो सड़कों के निर्माण का शुभारंभ किया। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि वह इतनी खेल सुविधाएं जुटाना चाहती हैं जिससे प्रदेश भर में घर-घर में खिलाड़ी तैयार हो सकें। सबसे पहले कैबिनेट मंत्री ने सिलोर महादेव की भूमि पर प्रस्तावित मिनी स्टेडियम को लेकर लोगों से संवाद करते हुए कहा कि मिनी स्टेडियम बनने के बाद सिलोर महादेव की भूमि से घर-घर से खिलाड़ी निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के भविष्य को स्वर्णिम बनाने की सभी तैयारी पहले से ही कर दी है। पहले पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों की तरफ से सड़क, स्कूल और अस्पताल बनाने की मांग की जाती थी लेकिन अब जगह-जगह स्टेडियम बनाने की मांग की जा रही है।



# भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण जिताना मेरा लक्ष्य : जुगराज सिंह

- मैं एचआईएल की शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो लीग में जारी रख सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं
- मैं हॉकी में आज जहां भी पहुंचा उसका पूरा श्रेय मेरे बड़े भाई को है

○ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। जुगराज सिंह की कहानी अभावों के बीच से अपने जीवट से खुद की भारत के बेहतरीन हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में पहचान बनाने की प्रेरक दास्तां है। अपने परिवार की गुजर बसर के लिए जुगराज ने कभी भारत की सरहद पर अटारी-वाघा बॉर्डर तिरंगा और पानी की बोतलें बेचीं। जुगराज सिंह ने अपने संकल्प से खुद को पुरुष हॉकी टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद खुद को भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर के रूप अलग पहचान बनाई है। सात बरस के फिर से शुरू हुई हीरो पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर सबसे ज्यादा 12 गोल कर श्राची रार बंगाल टाइगर्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। जुगराज सिंह ने शानदार हैट्रिक जमा बंगाल टाइगर्स को राउरकेला में हैदराबाद तूफांस के खिलाफ फाइनल 4-3 से जीत दिला एचआईएल चैंपियन बनाने में बतौर ड्रैग फ्लिकर अपना हुनर दिखा भारत के दक्षिण अफ्रीकी कोच क्रेग फुल्टन का दिल जीता। अटारी, पंजाब में जन्में जुगराज सिंह की भारत के शीर्ष हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में खुद को स्थापित बनाने की कहानी उनके जीवट और धैर्य की कहानी है। जुगराज के पिता भारतीय फौज में कुली का काम करते थे और अचानक बीमार पड़ गए और ऐसे मुश्किल दौर में बहुत कम उम्र में जुगराज ने अपने परिवार को चलाने की जिम्मेदारी खुद संभाली। जुगराज इन चुनौतीपूर्ण मुश्किल दिनों को याद करते हुए कहते हैं,'मैंने एक बार भी यह सवाल नहीं किया कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं। उस समय मेरा परिवार मेरी सबसे पहली प्राथमिकता था। मैं जानता था कि मैं कड़ी मेहनत कर अपने परिवार की मदद कर सकता हूं और इसी से परिवार को दो वक्त का खाना मयस्सर हो सकता है। मैं पानी की बोतलें और तिरंगे झंडे बेच कर मैं अपने परिवार को चलाने में मदद कर सकता था क्योंकि हमारे पास कमाई का कोई और दूसरा जरिया ही नहीं था। तब मेरा मानना था कि मेरी मेहनत मेरे भविष्य का रास्ता तय करेगी और ऐसा हुआ भी।'



> 'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है : जुगराज सिंह

जुगराज कहते हैं, 'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है। जब तक मुझमें भारत के लिए खेलने का दम है, कड़ी मेहनत जारी रखूंगा क्योंकि भारत ने मुझे सब कुछ दिया है। मैं भारतीय टीम के लिए बड़े मंचों पर अपना खेल बेहतर करने को लिए प्रेरित हूं। मेरा अगला बड़ा लक्ष्य भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण पदक जिताना है। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करूंगा। मैं बराबर खुद को बेहतर करने में लगा हूं और जब तक हॉकी खेलूंगा, तब तक ऐसा करता रहूंगा। मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जारी रख कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। एचआईएल ने मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ाया है। मैं अच्छी फॉर्म में हूं और यदि मौका मिला तो मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार लय को एफआईएचल प्रो लीग में भी जारी रखना चाहता हूं और भारतीय टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। एचआईएल प्रो लीग बड़ा टूर्नामेंट है और मैं बराबर पूरी शिद्दत से अपना शानदार प्रदर्शन को बेताब हूं। शुरूआत दौर के संघर्ष के बावजूद अपने बड़े भाई से प्रेरणा पाकर जुगराज का हॉकी खेलने के लिए जुनून कभी कम नहीं हुआ।

# वरुण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम में शामिल



**नागपुर,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए मंगलवार को भारत की टीम में शामिल किया गया।

चक्रवर्ती के संभावित चयन का समर्थन इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उनके उल्लेखनीय 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' प्रदर्शन से मिलता है, जहां वे भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 14 विकेट झटके, जिसमें एक सनसनीखेज पांच विकेट भी शामिल हैं।

- वरुण चक्रवर्ती भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए वरुण चक्रवर्ती को भारत की टीम में शामिल किया है। नागपुर में गुरुवार से वनडे सीरीज शुरू होने वाली है, चक्रवर्ती ने टीम के साथ प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी की अपनी विविधताओं और भ्रामक स्पिन के साथ इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशान करने की क्षमता ने भारत की 4-1 श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवल 23 लिस्ट ए (50-ओवर) मैच खेलने के बावजूद, चक्रवर्ती के पास 19.8 की स्ट्राइक रेट से 59 विकेट लेने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। विजय हजारे ट्रॉफी में उनके हालिया कारनामे, जहां वे स्पिनरों में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए, ने उनके दावे को और मजबूत किया। उन्होंने 12.16 की आश्चर्यजनक औसत से 18 विकेट लिए, जिसमें 5-9 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शामिल है। चक्रवर्ती के शामिल होने से भारत के स्पिन विभाग में और गहराई आई है, जिसमें पहले से ही कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब आने के साथ, चयनकर्ता इस महीने के अंत में दुबई में होने वाले आईसीसी इवेंट के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न संयोजनों का परीक्षण कर रहे हैं।

### इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की अद्यतन वनडे टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

# विराट और रोहित का फॉर्म भारत के चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए महत्वपूर्ण होगा' : सुरेश रैना

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़ जीत के बाद, भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए कमर कस रही है, जो भारत के आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी। भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज़ के लिए स्टार स्पोर्ट्स के विशेष शो गेम प्लान पर विशेष रूप से बोलते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने आगामी सीरीज़ पर अपने विचार साझा किए। रोहित शर्मा से अपनी अपेक्षाओं के बारे में बोलते हुए, रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा। मुख्य सवाल यह है कि उनके साथ कौन ओपनिंग करेगा-क्या वह शुभमन होंगे? मुझे याद है, जब भी वे एक साथ खेलते हैं, तो वे आक्रामक इरादे रखते हैं। कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा के बारे में बात करते हुए रैना ने कहा, कि रोहित शर्मा एक आक्रामक कप्तान हैं। जिस तरह से वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हैं, वह काबिले तारीफ है- मोहम्मद शमी को अहम मौकों पर उतारना और रणनीति के तौर पर स्पिनरों पर भरोसा करना। जब रोहित रन बनाते हैं, तो यह उनकी कप्तानी में भी झलकता है। कप्तान के तौर पर यह उनकी आखिरी आईसीसी ट्रॉफी हो सकती है और अगर वह जीतते हैं, तो वह चार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। वह पहले ही टी20 विश्व कप जीत चुके हैं और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी। वह इसे हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे, लेकिन रन बनाना उनके लिए महत्वपूर्ण होगा। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा का फॉर्म कितना महत्वपूर्ण होगा, इस पर रैना ने कहा कि 2023 में वनडे विश्व कप के बाद रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट काफी बेहतर हुआ है। तब से, उन्होंने 119-120 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जिससे वे भारत के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं।




- मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा: सुरेश रैना

## पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कोलम्बो,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दिमुथ करूणारत्ने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। गाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी सप्ताह शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां और आखिरी टेस्ट होगा। इस मैच के बाद श्रीलंका को अगले एक साल में मई 2026 तक सिर्फ दो टेस्ट मैच खेलने हैं और करूणारत्ने सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेलते हैं। 2024 से उनका फ़ॉर्म भी कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने पिछले 14 महीनों में सिर्फ 27.05 की औसत से रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाले का दूसरा टेस्ट इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में श्रीलंका का आखिरी टेस्ट भी है। करूणारत्ने ने 2012 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गाले में ही टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक खेले 99 टेस्ट में 16 शतकों और 39 अर्द्धशतकों की मदद से 39.40 की औसत से 7172 रन बनाए हैं।

## हैदराबाद क्रिकेट संघ ने भारत की अंडर-19 टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों को सम्मानित किया



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां) हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष जगन मोहन राव अरिष्णपल्ली ने मंगलवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों का स्वागत किया और मलेशिया में टूर्नामेंट में उनकी 'प्रभावशाली जीत और उत्कृष्ट प्रदर्शन' के लिए भारतीय सितारों को सम्मानित भी किया। भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अपने अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गईं। हाल ही में कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गईं गोंगडी त्रिशा और उनकी साथी द्रिथी केसरी का मंगलवार सुबह हैदराबाद पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ हेड कोच नूशिन अल खादीर और ट्रेनर शालिनी भी थीं। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को उनके आगमन पर शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

## भारतीय फुटबॉल के हित में सुदेवा ने जर्मन क्लब से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में फुटबॉल के उत्थान के लिए सुदेवा दिल्ली फुटबॉल क्लब ने जर्मनी के नामी 'वीएफबी स्टटगार्ट' के साथ हाथ मिलाया है। सुदेवा के फाउंडर अध्यक्ष और दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों क्लब मिलकर भारत में फुटबॉल के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार की शिक्षा निदेशक वेदिथा रेड्डी भी मौजूद थीं। शिक्षा निदेशक ने सुदेवा क्लब के प्रयासों को सराहा और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में दिल्ली और स्टटगार्ट के क्लब मिलकर बेहतर फुटबॉल के लिए माहौल बनाएंगे और भारतीय फुटबॉल को जर्मन खिलाड़ियों एवं क्लब प्रबंधन से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जर्मन क्लब प्रतिनिधियों इकोनोमिक अफेयर्स मिनिस्टर निकोल हाफमीस्टर, बोर्ड सदस्य राउवेन कास्पर और अनुज गुप्ता ने बकायदा एक अनुबंध पत्र द्वारा भारतीय फुटबॉल को नई दिशा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुज गुप्ता के बेहद 'करीब' और 'विश्वासपात्र' भी मौजूद थे। सुदेवा दिल्ली अकादमी के आवासीय मैदान पर पहुंचने से पहले मेहमान क्लब और अधिकारियों ने राजधानी के एक पांच सितारा होटल में मीडिया को संबोधित किया और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जर्मन क्लब प्रतिनिधियों ने सुदेवा अकादमी का करीब से निरीक्षण करने के बाद पाया कि कुछ और सुधार के बाद दिल्ली की प्रमुख अकादमी विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने में सक्षम हो सकती है। मेहमान अधिकारियों के अनुसार, उनकी योजना सुदेवा के 15 साल तक के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन तक प्रशिक्षित करने का है।

# अश्विन, श्रीकांत चाहते हैं कि सैमसन अपनी बल्लेबाजी में सुधार करें

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में पांच पारियों में 51 रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन अपनी खराब फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। पूर्व साथी रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत ने विकेटकीपर बल्लेबाज की इसी तरह से आउट होने की आलोचना की है।हाल ही में पांच मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत ने साबित कर दिया है कि टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, लेकिन यह कुछ मुद्दों को छिपा नहीं सका - जैसे सलामी बल्लेबाज सैमसन का खराब फॉर्म। सैमसन, जिन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए, इंग्लैंड के खिलाफ पांच पारियों में केवल 51 रन ही बना पाए, जिसमें ईडन गार्डन्स में पहले मैच में 26 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। अपने यूट्यूब चैनल पर एक पोस्ट में अश्विन ने कहा कि अगर संजू इसी तरह आउट होते रहे, तो बतौर बल्लेबाज, दिमाग चालें चलेगा। उन्होंने कहा कि (यह आपको सोचने पर मजबूर करेगा) गेंदबाज एक खास तरीके से गेंदबाजी कर रहा है और मैं इस तरह आउट हो रहा हूं, क्या गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहा है या मुझमें कोई कमी है? क्या मैं खुद को ढाल पाऊंगा? एक बार इतने सारे सवाल उठने के बाद, यह मुश्किल हो जाता है। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता श्रीकांत ने भी सैमसन के हालिया प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और पिछले कुछ मैचों में इसी तरह से आउट होने के लिए केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को आड़े हाथों लिया। इनसाइड स्पोर्ट की एक रिपोर्ट में श्रीकांत के हवाले से कहा गया, संजू सैमसन बस से चूक गए हैं। पांचवीं बार, एक ही तरीके से आउट हुए। उन्होंने एक ही तरह का शॉट खेला है। मुझे लगता है कि वह अपना अहंकार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। वह कहने की कोशिश कर रहे हैं, नहीं, नहीं, मैं यह शॉट खेलूंगा। क्या वह अहंकार की यात्रा पर जा रहे हैं या संघर्ष कर रहे हैं? मुझे यकीन नहीं है।



○ सैमसन अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए

# शुभमन ने भारत की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हार का बचाव किया

**नागपुर,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल ने हाल ही में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन का बचाव करते हुए जोर दिया कि एक खराब सीरीज किसी टीम की विरासत को परिभाषित नहीं करती है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-3 से सीरीज हार का सामना करना पड़ा, जिससे मार्की टेस्ट प्रतिद्वंद्विता में उनके दशक भर के प्रभुत्व का अंत हो गया। गुरुवार को नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले वनडे से पहले बोलते हुए, गिल ने जोर देकर कहा कि टीम ने परिणाम के बावजूद गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट खेला और अपनी पिछली उपलब्धियों के लिए श्रेय की हकदार है। गिल ने कहा कि एक सीरीज पूरी टीम के फॉर्म को निर्धारित नहीं करती है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अतीत में विभिन्न सीरीज और टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत बदकिस्मत रहा कि ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट के आखिरी दिन स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह उपलब्ध नहीं थे, उनका मानना है कि यह कारक श्रृंखला के परिणाम को बदल सकता था। हम बदकिस्मत थे कि आखिरी दिन बुमराह मौजूद नहीं थे। अगर वह होते, तो हम मैच जीत सकते थे, श्रृंखला ड्रा कर सकते थे और यह बातचीत भी नहीं हो रही होती। गिल ने आलोचकों से भारत की व्यापक उपलब्धियों पर विचार करने का आग्रह किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में उनकी दो बैक-टू-बैक टेस्ट सीरीज़ जीत (2018-19 और 2020-21), उनका 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचना और विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में उनकी स्थिति शामिल है। एक मैच और एक दिन हमें परिभाषित नहीं करते हैं।

हम पहले भी ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत चुके हैं, एक विश्व कप जीत चुके हैं और एक और फाइनल में पहुंच चुके हैं। इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में 3-0 से मिली हार को निराशाजनक मानते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक मजबूत ताकत बनी हुई है।

- हम बदकिस्मत थे कि आखिरी दिन बुमराह मौजूद नहीं थे: शुभमन गिल



## भारत के खिलाफ पहले दो वनडे से चूक सकते हैं जेमी स्मिथ

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ पिंडली की समस्या के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो वनडे से चूक सकते हैं, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है। विकेटकीपर-बल्लेबाज को राजकोट में तीसरे टी20 मैच के दौरान पिंडली में तकलीफ महसूस हुई थी, जो इंग्लैंड की एकमात्र जीत थी, और तब से उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने जैकब बेथेल की जगह दूसरा और तीसरा टी20 मैच खेला। लेकिन भारत द्वारा सीरीज 4-1 से जीतने में वे अगले दो मैच नहीं खेल पाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, 24 वर्षीय खिलाड़ी अगले बुधवार को अहमदाबाद में दौरे के अंतिम मैच में फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जो कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीमों को अंतिम रूप देने की समय सीमा भी है। जो रूट दौरे के वनडे चरण के लिए इंग्लैंड से जुड़ गए हैं, लेकिन स्मिथ की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी विकल्पों को सीमित कर रही है। रूट को स्पिनर रेहान अहमद की जगह टीम में शामिल किया जाना था, लेकिन अब उन्हें 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में बने रहने के लिए कहा गया है।दौरे के टी20 चरण में, इंग्लैंड ने आदिल राशिद के साथ मिलकर चार तेज गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी की है, जबकि भारत ने एक पारी में पांच स्पिनरों का इस्तेमाल किया है। टी20 श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद, तेज गेंदबाज साकिब महमूद के भी राजकोट में होने वाले पहले वनडे में खेलने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### अलवर में टाइगर मैराथन में दौड़ेंगे विभिन्न राज्यों के धावक

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'फिट इंडिया हिट इंडिया' के तहत अलवर सांसद खेल उत्सव में 09 फरवरी को टाइगर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि इस टाइगर मैराथन में अलवर जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी धावक हिस्सा लेंगे। टाइगर मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से गुजरते हुए नारु मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय के सामने से निकलते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल पहुंचेगी और वहां से यह दौड़ अलवर जयपुर मार्ग पर सिल्वर ऑक स्कूल के सामने से और चोर डूंगरी के पास से गुजरते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी। यह दौड़ वापस अहिंसा सर्किल और कट्टी घाटी से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

### पंजाब एफसी पर जीत से गोवा की बराबरी करेंगे मैरिनर्स

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट बुधवार को शाम 7:30 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी से भिड़ेंगे तो मैरिनर्स पिछले सीजन की तरह इस बार भी पंजाब एफसी पर अपना दूसरा लीग डबल पूरा करना चाहेंगे, क्योंकि उन्होंने 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में खेला गया रिवर्स फिक्स्चर 3-1 से जीता था। मैरिनर्स ने अब तक घर पर लगातार आठ मुकाबले जीते हैं और इस दौरान छह क्लीन शीट रखी हैं और आगामी मैच में जीत से वे एफसी गोवा की बराबरी कर लेंगे, जिसने आईएसएल के इतिहास में दिसंबर 2019-नवंबर 2022 के बीच अपने घर में लगातार नौ मैच जीते थे। वहीं, पंजाब एफसी ने घर से बाहर खेले अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। मोहन बागान सुपर जायंट 19 मैचों में 13 जीत, चार ड्रा और दो हार से 43 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बैठे हैं।

### डॉटिन को आईसीसी महिला रैंकिंग में बड़ी बढ़त

**दुबई।** वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में टी20 सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद नवीनतम आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में भारी लाभ कमाया है। 33 वर्षीय अनुभवी बल्लेबाज ने तीन मैचों में 110 रन बनाकर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी के रूप में समापन किया, जिससे वह नवीनतम आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 26 पायदान ऊपर पहुंच गई। वह अब शीर्ष 10 से बाहर 11वें स्थान पर है, इस श्रेणी में अभी भी ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी का दबदबा है। डॉटिन, जो दो साल के अंतराल के बाद 2024 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए संन्यास से वापस आई हैं, ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और हरफनमौला क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए कैरेबियाई टीम को बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप करने में मदद की।